सूर्योदय प्रात: 5:02 सूर्यास्त संध्या 6:37 पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. दशमी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 40° न्यूनतम 23°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, रविवार, 16 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 123, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,992.77 | 181.87 (0.24%) |
| निफ्टी | 23,465.60 | 66.70 (0.29%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 22 carat | 66,500.00 |
| चांदी | | 739.00 |

## एक झलक

### राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक 19 को

**रांची** : झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक बुधवार 19 जून, को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 12 किलो हेरोइन बरामद

**जोधपुर** : श्रीगंगानगर सेक्टर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रायसिंहनगर और अनूपगढ़ इलाके में बीती आधी रात में सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से आई चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन दो अलग-अलग स्थानों से बरामद की है। बीती मध्य रात्रि को पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन के देखकर हेरोइन तस्करी की सूचना मिली। उक्त सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनाई देने पर तुरंत प्रभाव से ड्रोन की दिशा में फायरिंग की।

### पॉलिथीन बनाने की फैक्टरी में भीषण आग

**गाजियाबाद** : उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के ट्रॉनिका सिटी थाना अंतर्गत लोनी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह पॉलिथीन बनाने की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। अग्निशमन की 20 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने अथवा घटनास्थल पर किसी के फंसे होने की खबर नहीं है। एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्टरियों को खाली करा लिया गया है। अग्निशमन विभाग के एडीजी अमन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि यह फैक्टरी प्रकाश कुमार की है, जिसमें पैकेजिंग का कार्य किया जाता है।

### भाजपा की चार सदस्यीय समिति करेगी बंगाल का दौरा

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा पर चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का संयोजक सांसद बिप्लब कुमार देब को बनाया गया है। इस समिति में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद बृजलाल, सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। शनिवार को भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल का दौरा कर स्थिति का तत्काल जायजा लेने और वहां की स्थिति की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को देने के लिए एक समिति का गठन किया है।

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त से तालाब की सफाई करने की कही...

5 बकरीद को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण...

7 शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद करायें सम्पन्न...

9 जिला जज, डीएम व एसपी ने किया मोतिहारी...

10 टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड...


# कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज

- प्रधानमंत्री मोदी किसान योजना की 17वीं किस्त 18 जून को वाराणसी से करेंगे जारी
- स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त वाराणसी से 18 जून को जारी करेंगे। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 17वीं किस्त वाराणसी से जारी की जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पर 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री 05 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गयी एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। भारत सरकार ने देशभर में अब तक ऐसे 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का वितरण किया है। इस बार योजना की शुरूआत से लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जायेगी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड (डीबीटी) के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में हर चार महीने में तीन समान किस्तों में ● शेष पृष्ठ 11 पर



### मोदी सरकार का लक्ष्य 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का

**❑ पीएम फसल बीमा योजना से किसानों को मिली आर्थिक सुरक्षा**

**लोकसभा** चुनाव में मप्र के विदिशा से बड़ी जीत हासिल कर मोदी सरकार में केन्द्रीय कृषि मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी का एक और संकल्प है लखपति दीदी। हमारा लक्ष्य 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। इसका एक आयाम कृषि सखी है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे किसानों की खेती में मदद कर सकें। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक और महत्त्वपूर्ण योजना पीएम फसल बीमा योजना है। इस योजना से चार करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद किसानों को सस्ती दरों पर खाद मिल रही है। उन्होंने इससे पहले वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

# अबूझमाड़ मुठभेड़ में 08 नक्सली ढेर

**01 जवान शहीद, 02 घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर**

एजेंसी

**नारायणपुर** : छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला अंतर्गत महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कुतुल में शनिवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। सुरक्षाकर्मियों ने 08 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ का एक जवान बलिदान और एसटीएफ के दो जवान घायल हो गये हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में 08 नक्सली मारे गये हैं। एक जवान बलिदान और दो जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ हथियार एवं अन्य नक्सल सामग्री के बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी का बल शामिल है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी।

संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव- कांकेर-दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी का बल शामिल है। इलाके की सर्चिंग जारी है। शवों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल और मारे जाने की संभावना व्यक्त की है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### येदियुरप्पा सीआईडी के समक्ष 17 को होंगे पेश

**नयी दिल्ली** : वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को बताया कि वह उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होंगे। येदियुरप्पा ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश की गई है, जिसका जनता जवाब देगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने कल सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि वे समान्य व्यक्ति नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं। येदियुरप्पा ने कहा कि वे किसी काम से दिल्ली गए थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली से स्वदेश लौटे

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद आज सुबह कुछ समय पहले स्वदेश लौट आए। जी-7 समिट के आउटरीच सेशन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में वैश्विक मुद्दों के अलावा विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, " वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारा कमिटमेंट है कि समाज का कोई भी वर्ग देश की विकास यात्रा में पीछे न छूटे। ● शेष पृष्ठ 11 पर



# तीन नये कानूनों पर जागरूकता पैदा करने के लिए तीसरा सम्मेलन कोलकाता में

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : तीन नए कानूनों को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कानून मंत्रालय देश भर में सम्मेलन का आयोजित कर रहा है। 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ' की श्रृंखला में कानून एवं न्याय मंत्रालय का तीसरा सम्मेलन रविवार को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

कानून एवं न्याय मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा 'भारतीय न्याय संहिता 2023', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' और 'भारतीय सुरक्षा अधिनियम, 2023' को मंजूरी दी गई थी। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी होंगे। ऐसे में इन तीनों कानूनों के बारे में स्पष्टता और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से नई दिल्ली और गुवाहाटी में दो प्रमुख सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में तीसरा सम्मेलन कोलकाता के आईटीसी रॉयल बंगाल, हाल्डेन एवेन्यू में आयोजित किया जा रहा है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगणनम उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे। ● शेष पृष्ठ 11 पर




### पीएम ने गुजरात के संग्रहालय को प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के चयन पर जतायी प्रसन्नता

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में भूकंप पीड़ितों की याद में बने संग्रहालय को यूनेस्को के प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के लिए चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह मानवीय लचीलेपन और साहस की भी याद दिलाता है। यूनेस्को ने प्रतिष्ठित प्रिक्स वर्सेल्स पुरस्कार के लिए भुज के स्मृतिवन भूकंप स्मारक संग्रहालय सहित सात सबसे खूबसूरत संग्रहालयों को चयनित किया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना ; कहा

# मोदीजी के पास जनादेश नहीं, यह अल्पमत की सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देश में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार सत्ता पर काबिज हो गयी है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। अब इसे लेकर विपक्ष तरह-तरह की बातें कर रहा है। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र में गठबंधन सरकार गलती से बनी गयी है और वह कभी भी गिर सकती है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को 240 सीटें मिलीं थी और वह बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी। वहीं, भाजपा नीत घटक दलों यानी एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। खड़गे ने कहा है कि एनडीए सरकार गलती से बन गयी है। मोदीजी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। हम चाहते हैं कि यह सरकार चलती रहे। देश के लिए यह अच्छा हो। हम सरकार के साथ मिल कर देश को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। लेकिन, हमारे पीएम मोदी की आदत है कि वह किसी चीज को चलने नहीं देते।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के कटाक्ष पर जेडीयू ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्रियों ● शेष पृष्ठ 11 पर



# विधानसभा चुनाव भी साथ मिल कर लड़ेंगे महाविकास आघाड़ी के घटक दल : उद्धव

एजेंसी

**मुंबई** : शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाविकास आघाड़ी के सभी घटक दल लोकसभा चुनाव के जैसे ही विधानसभा का चुनाव भी मिल कर लड़ेंगे। उद्धव ने बताया कि इस संदर्भ में आज सहयोगी दलों की पहली बैठक हुई है। इसमें यह तय किया गया है कि सभी घटक दल राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों का जायजा लेंगे और उसके बाद उम्मीदवार तय करने पर चर्चा करेंगे।

उद्धव ठाकरे मुंबई में महाविकास आघाड़ी की संयुक्त पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर राकांपा(एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और जयंत पाटिल उपस्थित थे। उद्धव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी धर्म एवं वर्ग के मतदाताओं ने लोकशाही बचाने के लिए मतदान किया है। राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में 18 सभाएं कीं ● शेष पृष्ठ 11 पर

# मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आगाज

एजेंसी

**मुंबई** : 18वां मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल शनिवार से शुरू हो गया है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब पुणे, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली में इस आयोजन की स्क्रीनिंग की जायेगी। इसका आयोजन केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और एनएफडीसी द्वारा किया जा रहा है। मुंबई स्थित नेशनल सेंटर फार द परफार्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) परिसर में आयोजित यह समारोह 21 जून तक चलेगा। शाम साढ़े 05 बजे फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ।

फिल्म फेस्टिवल में एनएफडीसी-नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया की पहली फिल्म 'बिली एंड मौली एन ओटर लव स्टोरी' की भी स्पेशल स्क्रीनिंग की जायेगी। साथ ही, इस फिल्म फेस्टिवल में पुणे के फिल्म निमार्ताओं की फिल्मों की भी स्क्रीनिंग की जायेगी। इस समारोह में पहली बार वृत्तचित्र फिल्म बाजार की शुरूआत की जा रही है। इससे व्यक्तिगत फिल्म निमाताओं को अपनी फिल्मों का खरीदार, प्रायोजक और सहयोगी ढूंढने के लिए बाजार उपलब्ध हो सकेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर




# नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

**कुपवाड़ा** : सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामान बरामद करके एक नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले के करनाह इलाके में पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक व्यक्ति हेरोइन के लिए खरीदार ढूंढने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद पुलिस और सेना ने एक जाल बिछाया। उसके बाद करीब 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की पहचान खावरपरब करनाह निवासी शफीक अहमद शेख और बागबल्ला निवासी तारिक अहमद मलिक के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि आगे की जांच में तीन पिस्तौलें और साधपुरा निवासी परवेज अहमद पठान के रूप में पहचाने गए एक अन्य व्यक्ति की मौजूदगी का पता चला। उन्होंने बताया कि ● शेष पृष्ठ 11 पर

# वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में 235 फ्लाइट कैडेट्स को दिये राष्ट्रपति कमीशन

- कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड में 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया
- परेड के समापन पर रोमांचक फ्लाई पास्ट और एरोबैटिक शो में हवाई करतब

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिए कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड हुई। पारम्परिक सैन्य भव्यता के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने परेड के समीक्षा अधिकारी के तौर पर 235 स्नातक फ्लाइट कैडेटों को उनके प्रशिक्षण के सफल समापन पर राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया।

वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड में 22 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में भारतीय नौसेना के 09, भारतीय तटरक्षक बल के 09 और मित्र विदेशी देशों के 01 अधिकारी को भी 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। यह पहली परेड है, जिसमें 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया, जो 04 वर्ष पहले ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए थे। इनमें से 05 अधिकारियों को प्रशासन शाखा में, 03 को लॉजिस्टिक्स शाखा में तथा 17 को भारतीय वायुसेना की तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है।

वायु सेना प्रमुख का स्वागत ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया। परेड कमांडर की सलामी के बाद एक शानदार मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार ट्रेनर विमानों ने फ्लाई-पास्ट किया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-11, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे। परेड का मुख्य आकर्षण ₹कमीशनिंग समारोह₹ था, जिसमें ग्रेजुएट फ्लाइट कैडेट्स को समीक्षा अधिकारी ने उनके 'रैंक और विंग्स₹ से सम्मानित किया। इसके बाद ग्रेजुएट अधिकारियों को अकादमी के कमांडेंट ने देश की सुरक्षा, संरक्षा, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने की शपथ दिलायी।

फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए राष्ट्रपति की पट्टिका और 'चीफ ऑफ द एयर स्टाफ स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रजा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए राष्ट्रपति की पट्टिका से सम्मानित किया गया। परेड को संबोधित ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### त्याग और बलिदान का प्रतीक है ईद-उल-अजहा : जहूर अंसारी



**ओरमांझी :** ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम की सुन्नत को याद कर खुदा की राह में पेश होगी जानवरों की कुबार्नी यानी 17 जून को त्याग और बलिदान के रूप में मनाए जाने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों का महत्वपूर्ण त्योहार बकरीद पर्व है। इसको लेकर झामुमो नेता सह समाजसेवी जहूर अंसारी ने कहा कि 17 जून को लोग हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम की सुन्नत को याद कर खुदा की राह में जानवरों की कुबार्नी पेश करें। उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा त्याग का बलिदान का त्योहार है। हर माल व दौलत वालों पर अल्लाह ने कुबार्नी वाजिब किया है। जहूर अंसारी ने कहा कि दर असल बकरीद का त्योहार हजरत इब्राहिम अलैहि सलाम की सुन्नत है और उम्मते मोहम्मदिया अल्लाह के रास्ते में जानवरों की कुबार्नी करते हैं और रहती दुनिया तक यह सिलसिला जारी रहेगा। कुबार्नी के जानवरों के (मांस) को तीन हिस्सों में बांटा जाता है एक हिस्सा गरीबों व असहाय दूसरा हिस्सा दोस्तों को और तीसरा हिस्सा अपने लिए रखने का हूक्म है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने मुसलमानों को दो ईद अता की। एक ईद-उल-अजहा और दूसरा ईद-उल-फितर शामिल हैं। ईद-उल-जोहा (बकरीद) के संबंध में अल्लाह के अंतिम पैगंबर जनाब मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जिनको अल्लाह ने दौलत दी है, अगर वह कुबार्नी न करे तो उन्हें ईदगाह आने की जरूरत नहीं है। जहूर अंसारी ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-जोहा (बकरीद) का त्योहार त्याग और बलिदान का पर्व है। लिहाजा लोगों को शांतिपूर्ण और सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। ऐसी किसी प्रकार का कार्य नहीं होना चाहिए जिससे किसी धर्म के मानने वालों को आहत पहुंचे।

### सेल संचालन समिति ने सयाल में आउटसोर्सिंग कंपनी का काम ठप कराया



**उरीमारी :** सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के तत्वाधान में ग्रामीणों ने शनिवार को सयाल डी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी आर.ए. माइनिंग का काम ठप करा दिया। विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे से कंपनी का बाधित करते हुए धरना पर बैठ गए। धरने की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और संचालन सचिव अंबर कुमार ने किया। धरना में कहा गया कि आर.ए.माइनिंग कंपनी मनमानी कर स्थानीय लोगों की अनदेखी कर रही है। कंपनी में कुछेक लोगों को ही रोजगार मिला है। कहा गया कि राज्य सरकार की गाइडलाइंस के मुताबिक रोजगार में स्थानीय लोगों की 75ः भागीदारी दिया जाए। यहां हो रही ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को हो रहे नुकसान की भरपाई भी अविलंब किया जाए। इसके साथ ही सौंदा बस्ती में सीसीएल द्वारा बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं काम ठप किए जाने की सूचना पर सीसीएल बरकासयाल एरिया के एसओपी अजय कुमार, सयाल पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर अरशद खान, प्रोजेट इंजिनियर मो. रसूल ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। मौके पर हरिनारायण प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, मंजू देवी, अंजू बाउरी, संजू प्रसाद, अंजू प्रजापति, रेनू देवी, चांदनी देवी, अदिति देवी, राधा देवी, सोमरी देवी, कुलेश प्रसाद, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू बाउरी, पवन बाउरी, मिंटू प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, किसन प्रसाद, संजय गिरी, फुलवा देवी, गीता देवी, आरती देवी, अवंती देवी, पूनम देवी, मंजू देवी बसंती देवी, मीना देवी, देवंती देवी, आशा बाउरी, रीता देवी, संदीप कुमार, तिलेश्वर साहू, राहुल कुमार राजदीप प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद सहित कई मौजूदा रहे।

## बकरीद पर्व के मद्देनजर रामगढ़ उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# शांति और सद्भावना के साथ मनायें पर्व : चंदन कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि पर विशेष ध्यान देने सहित इस संबंध में किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। गए वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा भी सरकार द्वारा प्रतिबंधित पशुओं के संबंध में जारी दिशा निर्देशों को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गई।पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष धयान देने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने और शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई। वहीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रातू में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** रातू ब्लॉक रोड काली मंदिर के समीप सामाजिक कार्यकर्ता के पहल पर कर्तव्य पथ के संस्थापक मृत्युंजय शर्मा एवं भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जॉच शिविर में डॉ वर्तिका गुप्ता एवं डॉ. मधुरी भट्टाचाजी के सहयोग से लगभग 200 लोगों के आंख की जांच की गई। जिसमें चश्मा का नंबर बताया गया, मोतियाबिंद के बारे में जानकारी दी गई। कुछ लोगों को मोतियाबिंद उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा। जहां एक निशुल्क खाने, रहने और दवाई की व्यवस्था की जाएगी। डॉक्टर ने मृत्युंजय शर्मा की सेवा भाव की काफिर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मृत्युंजय शर्मा समाज सेवा का कर्तव्य निभा रहे हैं। मौके पर विक्रम चौहान, व्रजेश शर्मा, कमलेश राम, सागर कुमार, जगतारण देवी, पंकज पाठक, सोमनाथ मुंडा, रीना कुजूर, मोहन लोहार, संदीप यादव, रीना कुमारी, मोहन उरांव आदि उपस्थित रहे। शिविर में अस्पताल की ओर से आए मेडिकल टीम के ममता कुमारी एवं देवराज महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पेट्रोल पंप फायरिंग कांड में एक गिरफ्तार, बाइक बरामद

- तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** बीते छह जून की शाम पतरातू थाना क्षेत्र के तालाटांड़ स्थित पेट्रोल पंप पर हुई फायरिंग की घटना का उद्भेदन कर दिया है। अनुसंधान के क्रम में पतरातू पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चांद खान (21वर्ष) पिता जमीर खान पतरातू थाना क्षेत्र के रोचाप कर रहनेवाला है। जिसके पास से पुलिस कांड में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जब्त किया है। वहीं मामले तीन अभियुक्त अब भी फरार हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि छह जून की शाम 07:50 बजे पतरातू थानाक्षेत्र के तालाटांड़ स्थित पेट्रोल पंप में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने कांड के उद्भेदन हेतु पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिरेंद्र राम के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू की घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गये। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त चाद खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के क्रम अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाईकिल (श्रभ 24 ब 3143) बरामद किया है। डॉ. बिमल कुमार ने बताया गया कि कांड में शामिल तीन अभियुक्त फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू बिरेन्द्र कुमार राम, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार रजक सदलबल शामिल थे।

# सीसीएल में पॉश अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को निदेशक (कार्मिक) सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रकाश हॉल में यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक (एचआरडी) आरके पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया। पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ. सुमन सिंह द्वारा पॉश (POSH) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में सुचिंद्रा द्वारा पीओएसएच (POSH) अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।, उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। 'कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार' विषय पर सत्र को रश्मी साहा ने सम्बोधित किया। सुश्री साहा एक फ्रिलांसर और एनजीओ प्रमुख एवं विषय विशेषज्ञ भी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआरडी विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के इस आयोजन को सभी महिला कर्मियों ने सराहना किया।

## बहुउद्देशीय परीक्षा भवन का निर्माण करायें रांची विश्वविद्यालय : आजसू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व मे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत 10000 विद्यार्थियों के बैठने वाला एक बहुउद्देशीय परीक्षा भवन एवं मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी मैं तेजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कुलपति अजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने कहा के आए दिन रांची विश्वविद्यालय द्वारा यूजी, पीजी एवं अन्य परीक्षाएं करवाई जाती हैं। जब भी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाएं करवाई जाती हैं उन परीक्षाओं का अधिकांश परीक्षा केंद्र रांची विश्वविद्यालय के महाविद्यालय को बनाया जाता है परीक्षा केंद्र बनने के कारण महाविद्यालय में उस दौरान कक्षाएं संचालित नहीं हो पाती हैं जिसका सीधा-सीधा असर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर होता है।

# बेड़ो में बीडीओ ने सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के जमुनी बहेरा टोली में शुक्रवार को ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया के एचडीएफसी परिवर्तन प्रोजेक्ट के द्वारा समुदाय प्रबंधित सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली का उद्घाटन बीडीओ राहुल उरांव ने किया। मौके पर बीडीओ ने सौर सिंचाई से होने वाले लाभ के बारे में किसानो को विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा वाटर युजर ग्रुप को सही तरीके से मोटर का रख राखव पानी का बचाव ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती करने सलाह देते हुए उन्होंने टीआरआई के कार्यों का सराहना किया। वही बीपीओ संजय तिर्की ने वर्षा के पानी को बचाने ले लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मेडबंदी,टीसीबी व बागवानी की जानकारी दी। मौके पर पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया,मुकेश सिन्हा टीआरआई प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत सिंह, मो रुस्तम, नेहा रोबा तिर्की, सचिन सिंह, अरित्रा पात्रा, हब मैनेजर अख्तर मीरदाहा, पंचायत कर्मी प्रवीण, विकाश, राजू, संदीप, मुकेश, संजय, दिवस, लक्ष्मी, गीता, अनिता, मीनू, रायमनी मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा शनिवार को प्रातः 6.30 बजे से 8.30 बजे तक बिरला मैदान मेट्रो गली रातू रोड डॉक्टर लाल पैथ के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत तीसरी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, और हीमोग्लोबिन का निःशुल्क जांच करायी गई। इस शिविर से 50 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर के आयोजन हेतू स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला संयोजिका आशा सर्राफ ने बहुत अच्छे से तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा सराफ, कोमल झुनझुनवाला, दीपिका मोतीका, पूजा अग्रवाल उपस्थित थे। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# आजसू पार्टी खिजरी विधानसभा क्षेत्र का समीक्षा बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी के खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक शुक्रवार को चमघाटी चेंगनढीपा में आयोजित हुआ। बैठक में लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिले वोटों की समीक्षा की गई। साथ ही भविष्य को लेकर गहन मंथन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने किया। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वीना देवी ने कहा कि पार्टी संगठन में कार्यकर्ता ही महत्वपूर्ण हैं, लोकसभा चुनाव में जनता ने हमें आपार समर्थन दिया है, जनता के विश्वास को बनाये रखना है, विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी एक नयी लकीर खींचेंगी, राज्य में अगली सरकार सुदेश महतो के नेतृत्व में बनेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को गरीब राज्यों में बनाए रखने की साज़िश का पटाक्षेप करने का समय अब आ गया है, खनिज व उर्जा हमारी राज तुम्हारा अब नहीं चलेगा। इस अवसर पर 22 जुन को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संचालन महावीर महतो ने किया। मौके पर फुलकुमारी देवी, आतिश महतो, जलनाथ चौधरी, सुनील महतो, किरण देवी, शर्मिला देवी, प्रकाश सिंह, गोलु कुमार, अमर महतो, सरीता देवी, अमर महतो,योगेंद्र महतो, निर्मला देवी, अंकित साहू, राजश्री यंत्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# त्योहार के दिन को बलिदान का प्रतीक माना जाता है : मुंतजिर अहमद रजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया। उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि बकरीद मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार में से एक है। इस दिन बकरे की कुबार्नी दी जाती है। इस्लाम धर्म में बकरीद के दिन को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। बकरीद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है। प्रांगण में उपस्थित लोगों से अपील किया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं। वहीं पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अफवाह या गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी को मिलकर त्योहार के माहौल को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी प्रयास करना चाहिए। किसी प्रकार का भ्रमित खबर मिलने पर तुरंत थाना को सूचित करें ताकि त्योहार में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। मौके पर झामुमो के युवा प्रखण्ड अध्यक्ष सह समाजसेवी साकिर अंसारी ने कहा कि शराब व गांजा पीकर उद्दंडता करने वाले और असामाजिक तत्वों से पुलिस क्षेत्र में अफवाह या गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी करनी चाहिए।सभी को मिलकर त्यौहार के माहौल को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी करना चाहिए। मौके पर प्रमुख अनुपमा देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,पूर्व उप प्रमुख जयगोविंद साहू उर्फ लालू साहू,सत्य नारायण तिवारी, मुमताज आलम, इम्तियाज ओहदार,समेत आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ एसआईटी ने तीन से चार घरों में चोरी का किया उद्भेदन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** 09/10.06.2024 को रजरप्पा रोड़ मायल (चितरपुर) स्थित तीन से चार घरों में भेन्टीलेटर के सहारे घर में घुस कर अज्ञात चोरों के द्वारा पीतल का बर्तन एवं पूजा का समान तथा मोबाईल की चोरी कर ली गई थीं। उक्त घटना को लेकर रजरप्पा थाना काण्ड संख्या-109/2024, धारा-457/380 भा0द0वि अतर्गत अज्ञात चोर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। उसी रात्रि को राजकीय बुनियादि विद्यालय, चितरपुर में जलमीनार में लगे सोलर प्लेट के चोरी कि शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संदर्भ में रजरप्पा थाना काण्ड सं0-111/2024, धारा-379 भा0द0वि0 अंतर्गत अज्ञात चोर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा काण्ड के उद्भेदन, घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में रक्ळ का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भेन हेतु तमाम तकनीकी एवं घटनास्थल के आस पास लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा का अवलोकन किया गया। अवलोकन के उपरांन्त प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो(02) संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए दोनों संदिग्ध व्यक्ति से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछ-ताछ किया गया तो दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया एवं दोनों के निशानदेही पर घटना में चोरी गए समानो को बरामद किया गया। साथ ही इस घटना में चोरी गए समानों के खरीददार पवन कुमार (उम्र लगभग 33 वर्ष), पिता-धनेश्वर प्रसाद, सा0-चितरपुर (सोनार मुहल्ला), थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ को भी चोरी के समानों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस काण्ड में फरार चल रहे दो अभियुक्त के विरूद्ध लगातार गिरफ्तारी हेतू छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

**बरामद सामानों की विवरणी :**

1. पांच के0भी0ए0 का सोलर प्लेट -03 पीस ( बाजार मुल्य लगभग 75,000 हजार रुपया )
2. वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस
3. लेनोवो कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस 4. व्च्व् कम्पनी का मोबाईल फोन-01 पीस 5. टुल्लू पम्प-01 पीस 6. चोरी गए पीतल का बर्तन, लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, इत्यादि

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पताः-

1. खुर्शिद आलम उर्फ बाबु (उम्र लगभग 20 वर्ष), पिता-शहजादा आलम, सा0- मायल थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़।

## भाजपा भ्रष्टाचार की जननी, इलेक्टोरल बॉन्ड सदी का सबसे बड़ा घोटाला : राजद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी को भ्रष्टाचार के विषय आरोप लगाने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि बीजेपी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ा जननी है पूर्वर्ती अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कार्यकाल दौरान इनके तत्कालीन राष्ट्रीय बंगारू लक्ष्मण खुलेआम और इस्पात मंत्री दिलीप सिंह जुदेव रिश्वत लेते पकड़े गए थे। विदित है कि विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इलेक्टोरल बॉन्ड द्वारा राजनीतिक पार्टियों के चंदा लेने का खुलासा हुआ था,जिसमें असंवैधानिक तरीके से सबसे ज्यादा लगभग 75 फीसदी यानि 16 हजार करोड़ रु भाजपा सहयोगी कई कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा धंधा लेने के नाम पर भाजपा को चंदा दिया था। ज्ञातव्य है कि पिछ्ले 2014 से 2024 तक 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने देशभर में BJP और RSS का कार्यालय बनाने का काम किया।

## एक झलक

### सरोजिनी लकड़ा ने की सीएम से मुलाकात



रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में जैप –2 (टाटीसिल्वे, रांची) की कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन की ओर से फादर्स डे पर होगा कार्यक्रम

रांची : वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन द्वारा फादर्स डे के सुभ अवसर पर दिन रविवार को संध्या 5 बजे हरमू रोड किशोरगंज भारतमाता चौक के समीप स्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय सेठ केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद (भारत सरकार) मौजूद होंगे। इसके साथ ही निर्वात्मान पार्षद ओम प्रकाश जी ,नसीम गद्दी तथा सहर के गण्य मान्य लोग उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में लगभग ५०० महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया जायेगा इसके साथ ही जलपान मिठाई पैकेट का वितरण किया जायेगा यह जानकारी बासुदेब चटर्जी फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव चटर्जी ने दी।

### झारखण्ड थोक वस्त्र विक्रेता संघ की द्विवार्षिक आम सभा



रांची : शनिवार को प्रातः 11:30 बजे संघ भवन में झारखण्ड थोक वस्त्र विक्रेता संघ का द्विवार्षिक आम सभा एवं चुनाव सत्र 2024–2026 का हुआ। संघ के सह–सचिव श्री हैप्पी किंगर ने सभा का संचालन किया एवं संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत ने सभा में आये हुए पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं संघ के सदस्यों का स्वागत किया। संघ के कोषाध्यक्ष सौरभ कटारूका ने सत्र 2022–2024 का आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। चुनाव संयोजक अनिल जालान ने सत्र 2024–2026 के चुनाव में खड़े उम्मीदवारों की सुची सभा में पढ़कर सुनायी।

### माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस पर माहेश्वरी समाज ने प्रभात फेरी निकाली



रांची : 5157 वां माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस 15 जून दिन शनिवार के अवसर प्रातः 7 बजे प्रभातफेरी शोभायात्रा माहेश्वरी भवन से निकाली गई। शोभा यात्रा राँची शहर के विभिन्न मार्गों से होकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आरती के पश्चात समाप्त हुई। शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर कार्ट सराय रोड, गाड़ी खाना, हरमू रोड, नॉर्थ मार्केट रोड, जे जे रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट होते हुए वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते अपने मधुर भजनों से मुकेश काबरा, मनोज काबरा, मनोज कल्याणी, विभोर डागा, मोहित सोमानी आदि भजन गायकों के साथ भजन कीर्तन एवं भगवान महेश के जयकारे लगाती हुई, शोभायात्रा का स्वागत मार्ग में पड़ने वाले समाज बंधुओं ने अपने अपने घरों के आगे किया।

### अलकापुरी शक्तिपीठ में अखंड जाप में शामिल हुए साधक-शिष्य



रांची : शान्तिकुञ्ज तत्वावधान व मार्गदर्शन में रांची जिला के शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों ,शाखाओं एवं स्थानीय इकाइयों में गायत्री परिवार साधक–शिष्यों का दो दिवसीय कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। युगतीर्थ शक्तिपीठ सेक्टर टू धूर्वा में एवं अलकापुरी में शनिवार को गायत्री महामंत्र का अखंड जप–अनुष्ठान सुबह 5 बजे से शुभारंभ होकर सायं 5 बजे सुसंपन्न हुआ।अधिकांश परिजनों ने शक्तिपीठ सेक्टर टू, अलकापुरी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ बस स्टैंड, चेतना केन्द्र टाटीसिलवे में बहुत ही निष्ठा,उल्लास व उत्साहपूर्वक अखंड जप–अनुष्ठान में भागीदारी की। इस अवसर पर जिला युवा प्रकोष्ठ के उप समन्वयक राजू कुमार अंकित ने अपने मेसेज में बताया कि *यह मांगलिक अवसर गंगा दशहरा,गायत्री जयन्ती और पूज्यवर वेदमूर्ति–तपोनिष्ठ पंडृ श्रीराम शर्मा आचार्यजी का महाप्रयाण का पुनीत संगम दिवस है।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बड़ा तालाब का किया निरीक्षण

# उपायुक्त से तालाब की सफाई करने की कही बात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने आज बड़ा तालाब का निरीक्षण किया तलब के पानी दूषित होने पर श्री सेठ ने रांची को उपयुक्त को मौके पर बुलाया और इसे अभिलंब ठीक करने को कहा इस तालाब के गंदगी को साफ करने के लिए जो मशीन की आवश्यकता है वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं होने की बात कही रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने मौके पर सीसीएल के सीएमडी से बात कर सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नई मशीन उपलब्ध कराने की को कहा जिसकी कीमत लगभग 6 से 7 करोड रुपए हैं जिसे सीएमडी ने तुरंत स्वीकार कर अभिलंब देने की बात कहिए मंत्री संजय सेठ ने रांची के उपयुक्त को कहा अभिलंब कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल के सीएमडी को दे ताकि अविलंब यह मशीन खरीदा जा सके। मंत्री संजय सेठ के प्रयास से यह एक बड़ा काम हुआ है रांची के कई ऐसे तालाब है जहां बरसो से साफ सफाई नहीं हुई है चाहे वह कांके डैम हो या बड़ा तालाब मंत्री श्री सेठ ने कहा बड़ा तालाब हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है इसे हर हाल में इसे सुरक्षित रखा जाएगा।

मंत्री श्री सेठ ने रांची झील समिति बचाओ अभियान समिति के लोगों से मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय चुन्नू मिश्रा मुकेश मुक्त नंदू अरोड़ा अमन जयसवाल सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का भव्य उद्घाटन आज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : परमहंस श्रद्धेय स्वामी श्री सदानंद जी महाराज ने सेवा कार्य का विस्तार करते हुए भगवान बिरसा मुण्डा की पावन भूमी झारखंड की राजधानी राँची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में स्थापित सत्य प्रेम सभागार मे सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का शुभारंभ करने जा रहे है।इस पूनित कार्य में सहयोगी संस्था के रुप में अपना घर भरतपुर एवं सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट राँची होगी। परम पूज्य गुरुजी स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ होने वाला झारखंड का प्रथम तथा देश का 9 वाँ आश्रम होगा।आश्रम में प्रारंभिक दौर मे ऐसे पुरुष जो अपने जीवनकाल में अपने रिश्तेदारो , परिवारजनों से बिछुड गये हो एवं अस्पतालों , सडक किनारे, बस स्टैंड,रेलवे स्टेशनों के आसपास असहाय एवं लाचार स्थिति में पडे रहते है उनको स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से एक अच्छा जीवन देने की कोशिश की जायेगी। सद्गुरु अपना घर आश्रम के उद्घाटन का कार्यक्रम। उपरोक्त आश्रम में सभी प्रभु जी को आवास भोजन वस्त्र सहित अन्य समुचित चिकित्सा व्यवस्था प्रदान की जायेगी।

स्थानः श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम दिव्यांग आश्रम पुंदाग ळ.ड.ढ के पीछे*

दिनांकः- 16 जून रविवार 2024

समयः- प्रातः 10:30 बजे

संस्थापकः- परम पूज्य श्रद्धेय स्वामी सदानंद जी महाराज

मुख्य उद्घाटनकर्ताः अंबुज नाथ, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय,

मुख्य अतिथि : अजय कुमार सिंह पुलिस महानिदेशक, झारखंड

विशिष्ट अतिथिः कुमार संजय मुख्य आयकर आयुक्त, झारखंड,

श्री राहुल कुमार सिन्हा उपायुक्त राँची माननीय से निवेदन है कि मानव सेवा प्रभु सेवा के इस पुनीत कार्य में आप अपने छाया कर एवं पत्रकार बंधु को रविवार दिनांक 16 जुन प्रातः10:30 बजे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग आश्रम पुंदाग ळ.ड.ढ. के पिछे भेजने की कृपा करेंगें। जिसके लिए हमारी संस्था एवं संस्था के पदाधिकारी गण आपके सदा आभारी रहेंग।

## कल्पना मुर्मू सोरेन से विभिन्न क्षेत्रों के कई सामाजिक और कला संस्कृति, खेलकूद के प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : शनिवार को राजधानी रांची के कई सामाजिक और कला संस्कृति, खेलकूद का एक प्रतिनिधि मंडल ने आज कल्पना मुर्मू सोरेन जी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर सभी ने उन्हें नव निर्वाचित विधायक बनने की बधाई और शुभकामनाएं दी।साथ ही साथ उन्हें झारखंड राज्य में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों एवं नाटकों की प्रस्तुती के लिए पूरे राज्य में मल्टी प्लेक्स बनाने का सुझाव दिया। वहीं पतरातु घाटी में बनने वाली झारखंड फिल्म सिटी का नव निर्माण जल्द कराने को कहा ताकि क्षेत्रीय फिल्मों को गति मिले और कलाकारों को भी यहां रोजगार का सृजन स्थापित हो सके।

### जेसीएम ने गांडेय सहित इंडिया गठबंधन की जीत पर कल्पना सोरेन को दी बधाई



रांची : नवनिर्वाचित गांडेय विधायिका कल्पना मुर्मू सोरेन जी को छात्र मोर्चा की ओर से इण्डिया गठबंधन का 5 लोकसभा सांसद और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की जीत की बधाई दिया गया। साथ ही छात्र हित से संबंधित वार्ता किया गया। पार्टी में छात्र और युवाओं की भागीदारी बढ़े ऐसा दिशा निर्देश उनकी ओर से दिया गया।आगामी बैठक जल्द छात्र मोर्चा के पदाधिकारीयों व सदस्यों के साथ करेंगी।

## शिक्षा में जो बदलाव की हम अपेक्षा कर रहे हैं, उसे सबसे पहले हमें आत्मसात करना होगा : डॉ. मित्तल

रांची : किसी भी क्षेत्र में देखें तो नियमित प्रशिक्षण उसका प्रमुख अंग होता है चाहे वह मेडिकल हो, शिक्षा हो, प्रशासन हो उसी प्रकार संगठन का यह अभ्यास वर्ग नियमित कार्यकर्ता प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग है। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग के प्रस्ताविक सत्र को संबोधित करते हुए न्यास की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज मित्तल ने कही। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा में जो बदलाव की हम अपेक्षा कर रहे हैं उसे सबसे पहले हमें स्वयं आत्मसात करना होगा। विकसित भारत में हमारी क्या भूमिका है हमें विचार करना चाहिए। अभ्यास वर्ग की प्रस्तावना रखते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि अभ्यास वर्ग यानी प्रैक्टिस सेशन और जीवन में जो जिस भी क्षेत्र में काम करता है उसे अभ्यास करना आवश्यक है। हम शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, इसलिए यह नियमित प्रक्रिया है। कोई भी कार्य करना है उसको सोच समझ कर कन्विंस होकर कार्य करना आवश्यक। हम किसी व्यक्ति के कारण यहाँ नहीं है हमारा लक्ष्य एक है इसलिए हम सभी यहाँ एक साथ बैठे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश और दुनिया में आज जो भी समस्या है उसका स्थायी समाधान शिक्षा के माध्यम से ही हो सकता है।

## सभी प्रखंडों एवं नगर निगम के क्षेत्र में प्रत्येक दिन लगातार कैम्प का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राज्य में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अच्छादित लाभुकों का ई केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 15 जून से 29 जून 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल राँची, डॉ. ए के खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी, PC & PNDT SXfa¨fe, PC & PNDT डॉ. अभिषेक, डॉ. बासुकी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 15 जून से 29 जून 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा।

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 15 जून से 29 जून 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर बैठक करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निम्न निर्देश दिये गये :

सभी प्रखंडो एवं नगर निगम के क्षेत्र में प्रत्येक दिन लगातार कैंप का आयोजन किया जाएगा। जो परिवार गुलाबी/पीला/हरा राशन कार्डधारी होंगे वे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुक के निबंधन हेतु प्रज्ञा केन्द्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल न. के साथ उपस्थित होना आवश्यक होगा। सहिया / राशन डीलरो / रल्ऋके माध्यम से अधिक से अधिक योग्य परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे।

## फास्ट फूड व पैकेजिंग सामग्री में मिलावट, मामला दर्ज




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : फास्ट फूड व मिठाई पैकेजिंग सामग्री में मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जाएगा, वक्त बातें गिरिडीह अनुमंडल क्षेत्र के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने संयुक्त रूप से कही, अधिकारियों ने कहा कि लोगों व बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी, जो मिलावट की खाद्य सामग्री बनाने के धंधे में शामिल है उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी एफएसएसआई मानक के क्षेत्र में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पैकेजिंग रंग से मिलता हुआ बच्चों के पसंदीदा फूड पैकेट निर्माण करने की सूचना लगातार विभिन्न स्रोतों से मिल रही है, निम्न स्तरीय मिठाई निर्माण होने व मिलावटी मसाले की पैकेजिंग कर बाजार में बिक्री करने की सूचना मिल रही है इसके विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जाएगा, साथी ऐसे गैरकानूनी धंधे में शामिल लोगों के विरुद्ध भी कड़ीकानूनी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि एफएसएसएआई मानक के विरुद्ध खाद्य पदार्थ का निर्माण वह बिक्री करना घर कानूनी है। मामला तब प्रकाश में आया जब लक्ष्मी फूड प्रोडक्ट के द्वारा पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में गौरव कुमार गुप्ता के द्वारा ट्रेडमार्क लोगों व कॉपीराइट का उल्लंघन करते हुए नकली खाद्य पदार्थ का निर्माण कर बाजार में बिक्री करने के संबंध में लिखित शिकायत दी गई।

## रांची लाया गया कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन का पार्थिव शरीर

# मृतक के परिजन को डीसी ने सौंपा 05 लाख की अनुदान राशि का चेक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन का पार्थिव शरीर कुछ देर पहले रांची एयरपोर्ट पर लाया गया। शोक संतप्त परिजनों के साथ उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। उन्होंने मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों से बातचीत की एवं उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है।

कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों को 05 लाख की अनुदान राशि चेक सौंपा गया। मुख्यमंत्री झारखंड अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना अंतर्गत उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक के भाई मोहम्मद आसिफ को चेक सौंपा।

## एनसीसी युवाओं में देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करता है : एस के मिश्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में एन सी सी 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन की 22 कैडेट्स खेलगांव, रांची में CATC III, NCC कैंप में भाग लेने के लिए विद्यालय से रवाना हुए। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा ने केडिट्स को रोल मॉडल बनने के लिए सलाह दी।उन्होंने कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करता है। श्री मिश्रा ने बटालियन की दो कैडेट्स- 'ट्विंकल वर्मा एवं श्रेयसी बाखला' को अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप में फायरिंग के लिए चुने जाने पर बधाई दी। एएनओ अनुराधा सिंह ने बताया कि दोनों कैडेट्स को आगामी एन सी सी कैंप में फायरिंग का विधिवत प्रशिक्षण मिलेगा।

## एसबीयू, रांची व छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई के बीच एमओयू, शैक्षणिक आदान-प्रदान और शोध परामर्श होगा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द टेक्निकल यूनिवर्सिटी, भिलाई के बीच एसबीयू में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक और सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा ने हस्ताक्षर किया। एमओयू में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान- प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं। इस अवसर पर एसबीयू परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विवि की ओर से संस्था के डीन और विभिन्न विभागाध्यक्ष शामिल हुए। सीएसवीटीयू की ओर से प्रो वीसी डॉ. संजय अग्रवाल भी कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित थे। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान और माननीय डॉ. प्रदीप वर्मा ने दोनों विवि के बीच हुए इस एमओयू के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## रांची में कोब्ब इटली शोरूम का भव्य उद्घाटन



रांची : पुरुषों एवं महिलाओं के परिधान के लिए कोब्ब के नए स्टोर का उदघाटन मालिक श्री विपुल सिंगला, पुलकित सिंगला एवं व्यवसायी श्री कुमुद झा ने मेन रोड रांची अवस्थित चर्च कॉम्प्लेक्स में , संयुक्त रूप से किया। कोब्ब झारखंड सहित भारत में 600 एवं विदेशों मे लगभग 50 शोरूम का संचालन कर रही है। कंपनी का उद्देश्य है मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बेहतर से बेहतर क्वालिटी के साथ कपडा उपलब्ध कराना। इस स्टोर मे पुरुष एवं महिलाओं के लिए, उचित कीमत पर आधुनिक डिजाइन की व्यापक रेंज प्रस्तुत की गयी है विशेष आकर्षण कॉलेज जाने वाले युवाओं के लिए है।

## 116वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 116वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में पुष्पा देवी पोद्दार स्नेह पोद्दार स्नेहा पोद्दार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। *आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी* के लोकप्रिय भजन का गायन करके पोद्दार परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को पोद्दार परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। 116 वे श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई। खाटू नरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। आज के श्री श्याम भंडारे में वेजिटेबल बिरयानी आलू कद्दू परवल का मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी रोस शरबत का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया।

## डीएवी हेहल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने इंडक्शन कार्यक्रम में नैतिकता व नवाचार का पाठ पढ़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सुबह 8:00 बजे स्वागत सह परिचय (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महाहवन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण के साथ अभिभावकों-विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हवन कुण्ड में आहुतियाँ प्रदान करते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः की मंगल कामना कीं। कक्षा नवमीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने स्वागत गान एवं नृत्य अभिनय के साथ कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का स्वागत किया। एस के मिश्रा,प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखण्ड जोन-जे ने अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की गतिविधियों, नियमों के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का होना बहुत जरूरी है।श्री मिश्रा ने डी ए वी स्कूल की विशेषता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी शिक्षण संस्था है जहाँ मानवता की नींव रखी जाती है।ईश्वर तो मनुष्य बनाता है पर उसमें मानवता रूपी गुण डी ए वी संस्था अपने वैदिक विचारों,नैतिक मूल्यों एवं शिक्षकों के माध्यम से प्रदान करती है। आज के बच्चे बहुत ही होनहार, समझदार हैं। उन्हें केवल तरासने और उचित मार्गदर्शन देने की जरूरत है।यह पुनित कार्य हम शिक्षक-अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव हो पाएगा। मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों एवं उनके स्वास्थ्य, स्वभाव पर हमेशा ध्यान रखें और समय-समय पर विद्यालय आकर शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों के अध्ययन एवं उनकी गतिविधियों की जानकारी लेते रहें, जिससे बच्चों में सतर्कता बनी रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि हम माता पिता का ऋण कभी नहीं चुका सकते। इसलिए ऐसा कभी भी कोई कार्य न करें, जिससे स्वयं को एवं माता-पिता को शर्मिंदगी झेलनी पड़े। ग्यारहवीं के सभी वर्ग शिक्षकों ने अपना-अपना परिचय विषयवार अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को दिया। बताते चलें कि दिनांक 20.06.2024 से डीएवी हेहल में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों का सत्र प्रारंभ हो जाएगा और विधिवत कक्षाएँ संचालित होंगी। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ए के अमरेश,एन के दुबे, एस के महापात्रा,पी एस दास,जितेंद्र कुमार, बी कार्तिक, प्रभात कुमार, वीरेन्द्र पाण्डेय, आर के सामल, प्रीतम सरकार, ज्योति श्रीवास्तव, रिमझिम रानी, मौसमी मजूमदार, सरस्वती राय, अनुराधा सिंह, अनुश्री सिन्हा,उर्वसी बाई, मधुश्री आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग सम्बन्धी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 21 जून, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## एक झलक

### 17 को मंडा पूजा लेकर चेपा कला में तैयारी जोरों पर

**बड़कागांव** : जहां एक और कड़कड़ती धूप और भीषण गर्मी से व्याकुल लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे जीव जंतु वही आस्था का पर्व बनास मेला (मंडा पूजा) में शिवा भक्तों द्वारा माता पार्वती को लेकर जेठ मास की तपती धूप लोहे के भांति ग्राम धरती पर नंगे पांव, नंगे बदनऔर निर्जला उपवास कर गांव भ्रमण और भिक्षा मांग कर 15 दिवसीय मंडप पूजा 17 जून का आयोजन को लेकर पूजा समिति व ग्रामीण मेला में आये हुए भक्तों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार किया असुविधा ना हो और शांतिपूर्ण ढंग से मेला संपन्न हो उसको ध्यान में रखते हुए पूजा समिति व ग्रामीण दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पूजा समिति के सचिव उमेश महतो ने पूजा को विस्तृत रूप से बताया कि हमारे गांव में पूर्वजों के समय से कई वर्षों से शिव भक्त 24 घंटे तक उपवास कर दहकते हुए अंगारों पर पैदल चलकर अपनी भक्ति का और शक्ति का परिचय देते हैं। उसके बाद 60 फीट लंबे लट्ठे में झूलते हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश राणा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी व्यवस्था रखा गया है।

### सड़क किनारे अतिक्रमण से सड़क जाम की स्थिति बनने से लोगों को हो रही परेशानी

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय समीप हॉस्पिटल चौक में सड़क के किनारे अतिक्रमण से जहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और गाहे-बगाहे जाम भी लग जाता है। जिस वजह से मुसाफिरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। विष्णुगढ़ सीएचसी एवं प्रखंड कार्यालय के कारण दूर-दराज के गांवों से लोगो का आना जाना होता है। जिससे इसके आसपास काफी भीड़ जमा रहती है। सड़क के किनारों पर दुकानदारों द्वारा काली सड़क के नजदीक सटा कर दुकान लगाने की वजह से जाम लगना आम हो गया है। हद तो तब हो गयी जब विष्णुगढ़ सीएचसी की एम्बुलेंस मरीज को बेहतर उपचार हेतु हजारीबाग ले जा रही थी, तब वह जाम में फंस गई। सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है, परन्तु अभी तक मूकदर्शक बनी हुई है। देखना है कि प्रशासन इस जटिल समस्या से जनता को कब तक मुक्ति दिला पाती है।

### भाकपा माले के नेता नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस मनाया गया



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बरांय पंचायत के अम्बेडकर नगर (हरिजन टोला) स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को भाकपा माले के दिवंगत नेता नागेश्वर मंडल का 13वां स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कामरेड नागेश्वर मंडल की याद में दो मिनट का मौन रखा गया एवम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया। तत्पश्चात उनके तैलय चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया गया। मौके पर उपस्थित भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड सचिव जानकी शर्मा ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा सामाजिक-राजनीतिक कार्यों में आगे रहते थे। बराय-नौवाडीह समेत आस-पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों, कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। उनके हक-अधिकार की लड़ाई में वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। उनके रास्ते को और भी मजबूत करने का संकल्प ही नागेश्वर मंडल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्री शर्मा ने बीते लोकसभा चुनाव में बराय-नौवाडीह इलाके से भाकपा माले को मिले समर्थन के प्रति आभार व धन्यवाद भी व्यक्त किया। मौके पर माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो, पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो, नोज प्रसाद मंडल, मुखिया राजेन्द्र मंडल, उपमुखिया मो० शाहिद अंसारी, घनश्याम पाठक, भोला सिंह, विवेक मंडल, ललिता कुमारी, संजय बंगाली, रोहित मंडल, माणिक चंद मंडल, रामेश्वर रविदास, विनय मंडल, दिलीप मंडल, अजित कुमार, संजय रविदास, जयचंद रविदास, प्रीतम महतो, नितेश कुमार (गोपू), हीरालाल रविदास, योगेंद्र रविदास समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# लोकसभा की समीक्षात्मक बैठक में 31 बिंदुओं पर की गयी चर्चा

**बैठक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग स्थित पैराडाइस रिसॉर्ट में, भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की एवं संचालन जिला महामंत्री सुनील साहू ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल तथा जोगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, विधानसभा के संयोजक सहसंयोजक, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक उपस्थित थे, कार्यक्रम में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, विधानसभा संयोजक एवं प्रभारी, लोकसभा प्रभारी एवं संयोजक से एक-एक कर दोनो नेता श्री अमर बावरी एवं मनोज कुमार सिंह द्वारा 31 बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं आगामी विधानसभा में हजारीबाग लोकसभा में पड़ने वाले सभी पांचो विधानसभा में




लोकसभा की तरह विधानसभा में भी भारी मतों से जीत हासिल करने के लिए सुझाव मांगा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत लोकसभा, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सहसंयोजक कुंटू बाबू, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, मांडू विधानसभा संयोजक रणजीत सिंहा, रामगढ़ विधानसभा संयोजक चंद्रशेखर सिंह, हजारीबाग विधानसभा संयोजक शिव शंकर गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, हजारीबाग विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर, हजारीबाग विधानसभा सह संयोजक आनंद देव, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, जिला मंत्री जिला मंत्री अरविंद सिकरवार, मूलचंद साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष अरमेंद्र गुप्ता, सांवरमल अग्रवाल, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के मोर्चा अध्यक्ष, रेणुका साहू, अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहारी, तनवीर आलम, कोमेल उरांव, लक्ष्मी देवी, सनी कुशवाहा, नमेंद्र चंचल, विनोद कुमार, सैयद किरमानी, हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला के मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, आदित्य साहू सोनी, खेमलाल महतो, वकील महतो, मुरारी सिंह, कविंद्र यादव, रीत लाल यादव, विवेक बैरियर, बबन गुप्ता, रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडे, वसंत नारायण, कैलाशपति सिंह, किशोर मंडल, नारायण महतो, बाबूलाल मेहता, वंदन यादव, अमित गुप्ता, मुकेश सिंहा, सुरेश राव, अशोक कुमार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, नरेश कुमार, श्रीवत्सन, मनोज गिरी, संजय शाह, तोकेश सिंह, गिरधारी महतो, राजेश प्रसाद, राजा राम प्रजापति, सतीश मोहन मिश्रा, सागर डांगी यदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### बकरीद पर्व को लेकर पेलावल थाना में शांति समिति की बैठक

**कटकमसाडी** : प्रखंड क्षेत्र के ओ पी पेलावल थाना परिसर में अंचल निरीक्षक बिनोद कुमार के अध्यक्षता में बकरीद पर्व शांति पुर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। ओ पी पेलावल थाना प्रभारी शाहीना परवीन ने कहा कि बकरीद पर्व पर आपसी सहयोग, और शांति पुर्ण तरीके से मनाने का अपील किया है। थाना परिसर में बकरीद पर्व बैठक में ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित, कटकमसाडी अंचल राजस्व पदाधिकारी राजकुमार सिंह, समाजसेवी विरेन्द्र कुमार उर्फ बिरू, पेलावल दक्षिणी मुखिया नूरजहां, गदोखर पंचायत मुखिया नारायण साव, मोहन महतो, मिशबहुल अंसारी, अशोक राणा, कुणाल यादव, पिंटू यादव, अखलाक अहमद, पबरा पंचायत पुर्व मुखिया पति सरयू राम, प्रकाश कुशवाहा, कटकमसाडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, खुटरा पंचायत मुखिया पति ताहिर सेख, बब्लू अंसारी, निसार खान, शबनम प्रवीण, गुलाम सरवर, मौजूद थे।

# प्रखंड के मडमो में साप्ताहिक शनिवार बाजार का हुआ उद्घाटन

**आयोजन**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत में दुर्गामंडप के समीप पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के अथक प्रयास से साप्ताहिक शनिवार बाजार लगाया गया। जिसका पंचायत मुखिया कुंती कुमारी,पसंस बहराम हांसदा ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर एवं ढ़ोल नगाड़े के साथ बाजार का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया कुंती कुमारी ने कहा कि हमारे गाँव मे साप्ताहिक बाजार नहीं लगने के कारण लोग दूर दूर साप्ताहिक (बाजार)के लिए खेतको औरा, इसरी, मुंगो के साथ अन्य बाजार जाने पर मजबूर



रहते थे। अब हमारे गांव में साप्ताहिक बाजार लगने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। बाजार की शुरूआत होते ही हरा सब्जी, फल,राशन, कपड़ा, चौमिन,बीजा, लोहा सामग्री के साथ अन्य सामग्री की व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगायी, जिससे यहां के ग्रामीणों ने अपना जरूरत के सामानों की अच्छी खरीद बिक्री की। इस दौरान कैलाश महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, वार्ड सदस्य अर्जुन महतो, रेशमी देवी, घनश्याम महतो, सनीचर सोरेन, संजीत रवानी, बहराम मरांडी, अरविन्द सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# शराब की दुकान में एमआरपी से अधिक अवैध रुपये की वसूली की जा रही

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक के समीप स्थित झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 045COM_HZB24-25) के द्वारा शराब के मूल्य संबंधित ग्राहकों से अवैध रुपए की वसूली किये जा रहे हैं। आपको बता दें कि एमआरपी यानी अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एक कीमत जो किसी भी सामान के लिए तय की जाती है और ग्राहक उस कीमत को अदा कर सामान खरीदता है। किसी भी सामान पर छपी एमआरपी से अधिक रुपए लेना अवैध माना जाता है। लेकिन इस दुकान पर अपना एक अलग ही कानून चलाया जा रहा है। एक लंबे अंतराल से यानी की फिलहाल जो




अनुज्ञप्ति प्राप्त है उसकी शुरूआत से ही इस दुकान के द्वारा एमआरपी से अधिक लगभग हर सामान पर 10 रुपये अधिक जबरन वसूली की जाती हैं। बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है, यदि कोई ग्राहक इस पर सवाल करता है तो अंदर बैठे दुकानदार बत्तमीजी पर उतर आते हैं। इसके बाद भी ग्राहक एमआरपी दर अदा करने पर अड़ा रहे तो कभी कभी ये दुकानदार झगड़ा करने पर भी उतारू हो जाते हैं। इस मामले को लेकर ग्राहक और दुकानदार के बीच कई बार तू-तू मैं-मैं भी हो चुकी है। कई बार ग्राहकों ने इन्हे समझाने की भी कोशिश की है, लेकिन इनके द्वारा टेढ़े सुर में एक ही जवाब दिया जाता है कि लेना है तो लो, वरना सामान उपलब्ध नहीं है। शिकायत की बात कहे जाने पर यहां तक कह दिया जाता है कि जो चाहे कर लो। सवाल यह है कि एमआरपी से अधिक वसूले जा रहे रुपए आखिर जा कहां रहे हैं? अधिक रुपए वसूली पर इन दुकानदारों को किनका संरक्षण प्राप्त है? आबकारी विभाग इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती? इस तरह से वसूले जा रहे रुपए सम्पूर्ण तौर पर अवैध हैं, यह एक सघन जांच का विषय है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में म्यूजिक व डांस की कक्षाएं 21 जून से शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। दरअसल संध्याकालीन म्यूजिक एवं डांस की कक्षाएं शुरू की जा रही है, जिसकी शुरूआत आगामी 21 जून से होगी। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार दो दिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी, जिसमें निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्लासिकल



म्यूजिक, लाइट म्यूजिक, बॉलीवुड सॉन्ग, क्लासिकल डांस, सेमी क्लासिकल डांस व बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के माध्यम से दिया जाएगा। वहीं प्राध्यापिका कुमारी सीमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थीयों को डांस और म्यूजिक की बारीकियों से अवगत तो कराया जाएगा ही, साथ ही उचित प्लेटफार्म प्रदान कर इनके प्रतिभा को निखारने की भी पूरी कोशिश होगी। इच्छुक विद्यार्थी 9122987759 पर संपर्क कर या मटवारी, गांधी मैदान स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में आकर इस बाबत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सिलवार कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का आयोजन आज से

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग में खेल को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी प्रयास के बीच सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के विशेष सहयोग से सिलवर कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के तत्वाधान में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 16 जून रविवार से किया जा रहा है इस आयोजन में विजेता टीम में प्रथम पुरस्कार 21 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 11 हजार निर्धारित किया गया है, टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। खेल आठ-आठ ओवर का होगा इस टूर्नामेंट में खेलने वाले प्रत्येक टीम के लिए एक जूता एवं जर्सी अनिवार्य रखा गया है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट आयोजित होने से खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी ऊर्जा संचालित




होती है, ऐसी टूर्नामेंट हमेशा आयोजित होते रहनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों का सपना पूरा हो सकें और उनके पीछे छिपी कला सभी के सामने आ सकें। आयोजक मंडली ने का बताया कि टूर्नामेंट को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है आठ ओवर का मैच निर्धारित किया गया है टूनामेंट को लेकर आसपास के क्षेत्र के लोग एवं खिलाड़ियों में काफी ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रही है इस टूर्नामेंट को देखने के लिए हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में अध्यक्ष कमलेश रजक उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति, सचिव सेवा कुमार यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, लेखापाल, रवि कुमार रजक, व्यवस्थापक सुजित कु० यादव सहयोगकर्ता में कौलेश्वर रजक, उमेश प्रसाद, नेमी राम, मुक्खतार अंसारी, नवल मेहता, राहुल यादव, विजय यादव, अभिषेक मेहता, ललन यादव, सुजित प्रजापति, मनोज कुमार, पिंटू कुमार, अकरम, साहिल, फरदिन, चन्दन, अभिषेक, सचिन, सुजित मेहता,बबलू गांगुली, महेश रविदास, दिवाना, रीतिक, मनीष, जुबैर, रवि कुमार, आन्नद सहित कई लोग शामिल है।

# न्यू लाइफ लाइन नर्सिंग होम का उद्घाटन आज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : हुरहुरू मेन रोड में न्यु लाइफ लाइन नर्सिंग होम एवं मैटरनिटी सेंटर का उद्घाटन रविवार को होगा। इसमें हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, आईएस सुनील बर्णवाल, अशोक बर्णवाल, उपायुक्त नैन्सी सहाय, पूर्व विधायक मनोज यादव, समाज सेवी श्रद्धानन्द सिहं, विवेकानन्द सिंह, प्रदीप प्रसाद समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेगें। यह जानकारी हॉस्पिटल के संचालक डॉ अमर कुमार एवं डॉ रजनी कुमारी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर दी। मौके पर डॉ अमर कुमार के पिता नकुल प्रसाद बर्णवाल भी मौजूद थे। डॉ अमर कुमार ने बताया कि यह डाक्टरों के द्वारा संचालित सभी सुविधाओं से लैस अस्पताल होगा, जिसमें जेनरल सर्जरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नॉर्मल और सीजेरियन डिलीवरी, इनफर्टिलिटी क्लिनीक, पिडियाट्रीक सर्जरी, युरोलॉजी, गैस्ट्रो एवं पिडियाट्रीक एनआईसीयू के साथ-साथ मॉडयुलर ओटी, सर्जिकल आईसीयू, फामेर्सी, पैथोलॉजी, जनरल वार्ड, प्राईवेट केबिन, एसी डिलक्स केबिन, इंडोस्कोपी, कैंटीन, लिफ्ट आदि नवीनतम सुविधाएं उपलब्ध होगी। अब लोगों को इलाज की अच्छी व्यवस्था के लिए रॉची जाने की जरूरत नहीं है। साथ ही आयुष्मान भारत की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# सेवा सहयोग समिति का दारु में खुला कार्यालय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारु** : हर्ष अजमेरा की संस्था सेवा सहयोग समिति की दारू मे प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को रंजीत सिन्हा के व्यवसायिक भवन स्तिथ कमरे में किया गया। इस कार्यालय का उद्घाटन संस्था के संयोजक अरविंद जी सहाय और पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी पुष्पा सिन्हा ने संजुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अरविंद सहाय ने कहा कि इस समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा का यह सपना है की सुदूर गांवों तक भी जो समस्या है उसका समाधान



किया जा किया जायेगा। यह समस्या स्वास्थ्य, पेयजल, चपाकाल की हो इसका त्वरित समाधान किया जायेगा। इस तरह की समस्या जहां भी हो वह दारू कार्यालय के प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के पास आवेदन जमा करें उसके बाद आवेदन के आधार पर समस्या का समाधान किया जायेगा। दारू प्रखंड के हर पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा जिसके तहत लोगों के निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श भी दिया जायेगा। इस अवसर पर ओम प्रकाश कुशवाहा, इंद्रदेव कुशवाहा, प्रमोद पासवान, नागेश्वर कुशवाहा अमित कुमार भैया हृदय सिन्हा, प्रमोद् पासवान, भैया अखिलेश, इंद्रजीत सिन्हा, कबिलासी की पूर्व मुखिया राखी कुमारी, बबीता कुमारी, ममता कुमारी, रिंकी देवी, सारिका देवी, कविता देवी, बुधनी देवी, शीला देवी आदि मौजूद थे।

# बराकर पुल के समीप बनेगा श्मशान शेड

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : बच्छई व सिंघरावां के दर्जनों भाजपा नेताओं ने सांसद मनीष जायसवाल से किया शिष्टाचार मुलाकात। सांसद को जीत की बधाई देते हुए सिंघरावां, बच्छई पंचायत के दर्जनों गांव के प्रमुख जनसमस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने जल्द ही सभी जनहित समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने बताया कि सांसद महोदय ने बराकर पुल के समीप



श्मशान शेड व एक बोरिंग की मांग जल्द पूरा करने का वादा किया है। बीरेंद्र रजक ने बताया कि दर्जनों गांव का शव बराकर में जलाया जाता है। यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनहित में श्मशान शेड बहुत जरूरी है। मौके पर भाजपा नेता राजेन्द्र चद्रवंशी, जन्मजेय सिंह, राजेश यादव, बासुदेव यादव, बैजनाथ यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लो वोल्टेज को लेकर सांसद ने बिजली अधिकारियों संग की बैठक, जल्द सुधार करने का दिया दिशा-निर्देश

**बैठक**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख- मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा-निर्देश दिया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के



सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ-वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नये बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा-निर्देश दिया। मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली कटौती और लॉ वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिये गये हैं।

### सहारा इंडिया परिवार हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल को जीत की दी बधाई



**हजारीबाग** : शनिवार को सहारा इंडिया परिवार हजारीबाग से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयसवाल को जीत की दी बधाई। वही साथियों ने कहा कि सहारा सेबी का जो वर्षों से विवाद चल रहा है। इस विवाद को निपटारा करने हेतु प्रधानमंत्री के नाम एक पत्र लिखा गया और इस पत्र को स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल को सौंपा गया साथ में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सहारा में करोड़ो जमाकर्ता का पैसा लगा हुआ है। सहारा इंडिया ने लगभग 15 लाख कार्यकर्ता को नियुक्त किया था जो आज सभी त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। कई लोग आत्महत्या करने के कगार पर हैं न जाने देश भर में कई जमाकर्ता आत्महत्या कर चुके है। सहारा परिवार ने सरकार से आग्रह किया इस सम्मानित जमाकर्ता का पैसा सहारा इंडिया के कार्यालय से जमा करवाया जाये ताकि सम्मानित जमाकर्ता का भी सम्मान हो सके। सहारा इंडिया को पुनः चालू किया जाय ताकि 15 लाख कार्यकर्ताओं को जीवन में खुशियाली हो सके।

### संगठनात्मक बैठक में शामिल होने पंहुचे नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश महामंत्री का सांसद मनीष ने हजारीबाग में किया स्वागत



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के निमित हजारीबाग पंहुचे झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियरी विधायक अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उनका स्वागत किया। झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मनीष जायसवाल के प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई दिया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्त एनडीए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया।

# बकरीद को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/झरिया (धनबाद) :** बकरीद को लेकर जोगता एवं झरिया थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जोड़ता थाना में बैठक की अध्यक्षता थानेदार राजेश कुमार ने की। उन्होंने इस पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने किसी तरह की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की। इस दौरान शकील अहमद, भोला राम, सुदर्शन सिंह, रामेश्वर राम, रूस्तम अंसारी, मो. अनसारुल, मुन्ना, अनुज सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मजहर अंसारी, मोहन लाल नोनियां, जावेद अंसारी, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे। वहीं, झरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में अंचल अधिकारी रामसेवक प्रसाद सीडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद सहित पुलिस अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। बीएसपी ने तमाम सदस्यों से बकरीद के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहकर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस वालों को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस के जवान चिन्हित स्थलों पर मुस्तैद रहेंगे। मौके पर भगत सिंह, अभिषेक अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, श्रीकांत अंबष्ट, रामश्रेष्ठ झा, अरिंदम बैनर्जी, बापी बाउरी आदि मौजूद थे।

बैठक



## बकरीद को लेकर विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन

**धनबाद :** ईद-उल-जोहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्रीमती हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन किया है। ईद-उल-जोहा के अवसर पर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बाटा गया है।

17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्षः ईद-उल-जोहा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807, 112 व 100 है।

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

**धनबाद,** बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## एक झलक

### विधायक ने किया कोलकाता मार्ट का उद्घाटन

**धनबाद :** शनिवार को सरायढेला धनबाद में कोलकाता मार्ट का शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज थी। इस स्टोर का उद्घाटन माननीय सचेतक सह झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कोलकाता मार्ट प्रबंधन और सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जदयू के झारखंड प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक

**धनबाद :** जनता दल यू के झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक राज्यसभा सांसद सह पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। उक्त बैठक में धनबाद जिला से जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे आदि मौजूद थे।

### मजदूर मसीहा स्व. सुखदेव सिंह के नाम किरण सिंह ने किया पौधरोपण

**झरिया (धनबाद):** मजदूर मसीहा स्वर्गीय सूर्य देव सिंह के नाम पर आज एक पौधा कतरास मोड़ के सड़क किनारे किया गया। साथ ही पौधे की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जलियो के साथ घेराव भी किया गया। सुरेंद्र सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के किरण सिंह ने पौधारोपण किया। इस दौरान उनके बच्चो और उन्होंने कहा कि पर्यावरण बहुत तेजी से परिवर्तन हो रहा है आज हम लोग पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में धरती रहने के लायक नहीं होगी। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा, यूथ कॉन्सेप्ट संयोजक अखलाक अहमद ने कहा पेड़ मात्र ही आखिरी विकल्प है।

### पूर्व में हुई रेल बंदी के विरोध में मनाया आक्रोश दिवस

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास स्टेशन में शनिवार को समाजसेवी एवं स्थानीय नेताओं द्वारा 15 जून 2017 मे हुए रेल बंदी के विरोध में आक्रोश दिवस का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि 15 जून 2017 को डीजीएमएस द्वारा रेल लाइन के नीचे कोयला में आग का हवाला देते हुए पीएमओ के निर्देश पर डीसी सहित 26 जोड़ी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था, इससे अक्रोशित कतरास के जनता के अलावे समाजसेवी एवं स्थानीय नेताओं ने इस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलन चलाया। जो लगभग 20 महीना तक चला जिसमें शीर्ष नेता से लेकर स्थानीय नेता और समाज सेवी भी इसमें अपना योगदान दिए, खासकर वार्ड पार्षद एक के डॉक्टर विनोद गोस्वामी ने रेल दो या जेल दो के नारा देकर उस समय तक डटे रहे जबतक ट्रेन चालू नहीं हुई। बाद पीएमओ बाध्य होकर अपना निर्णय वापस लिए ओर 2019 से एक-एक कर सभी ट्रेनें कतरास चंद्रपुर लाइन पर सरपट सरपट दौड़ती नजर आई। इस संबंध में सोमवार को कतरास स्टेशन में काला दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी विजय कुमार झा, राजेंद्र प्रसाद, राजा उमेश श्रीवास्तव, नरेश दास, नसरुद्दीन खान, परवेज, इकबाल,गौतम मंडल, विनोद शर्मा, उमेश, ऋषि, कामदेव सिंह, जगन दास शामिल हुए।

### रेड स्टार के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना आयोजित

**बाघमारा (धनबाद):** भाकपा माले रेड स्टार के तत्वाधान में शनिवार को एकदिवसीय धरना का आयोजन किया। वाइस चांसलर के निदेर्शानुसार विगत वर्ष 2023 में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गई जिसके कारण उच्च शिक्षा के लिए यहां के छात्र छात्राओं को काफी परेशानी हो रही थी, इसको लेकर भाकपा माले रेड स्टार के बेनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। इससे पूर्व धरनार्थियों ने एक जुलूस भगत सिंह चौक से निकालकर कतरास कॉलेज के मुख्य द्वार तक पहुंची।

# जिला खेल संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला खेल संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सिदो - कान्हू युवा खेल क्लबों को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत तीव्रता से रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के पश्चात सभी क्लबों को अनुदान राशि 25000 रुपए प्राप्त होंगी। जिससे अपने ग्राम अंतर्गत खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए दिए गए पोर्टल https://regd.jharkhand.gov.in/jars/website/ पर संबंधित ग्राम के क्लब के पदधारकों द्वारा आवेदन किया जाना है। साथ ही किसी प्रकार की सहायता के लिए संबंधित प्रखंड कार्यालय में संपर्क कर सकते है। वहीं, जिन प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है वहां नए प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण, हर प्रखंड के लिए डे बॉर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र का प्रस्ताव खेल निदेशालय को भेजने, मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सिंथेटिक ट्रैक, फ्लड लाइट लगाने व पेयजल की व्यवस्था करने, कला भवन में सिंथेटिक मैट, लाइट लगाने, जिले का स्पोर्ट्स कैलेंडर बनाने, विभिन्न खेलों के लिए इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन करने, खेलो इंडिया तथा मुख्यमंत्री कप के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने सहित अन्य निर्णय बैठक में लिए गए। इसके अलावा जिले के वर्तमान खेल संरचनाओं की मरम्मती एवं जिर्णोद्धार करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव श्री रंजीत केशरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री भूतनाथ रजवार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद, फुटबॉल प्रशिक्षक श्री संजय पारते, तिरंदाजी प्रशिक्षक सुश्री नमिता कुमारी टुडू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।



## दुष्कर्म पीड़ितों के दर्द बांटने न्यायाधीश पहुंचे आश्रय गृह

**धनबाद :** दुष्कर्म पीड़ितों का दर्द बांटने के लिए नयाधीश लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ आश्रय गृह पहुंचे। सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित होप हाऊस मे रह रहे 18 पीड़ित बच्चियों से न्यायाधीश राकेश रोशन ने बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्हें मिलने वाली तमाम सरकारी सुविधाओं की जानकारी ली, डीसीपीओ साधना कुमारी को तत्काल होप हाउस में चिकित्सक की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वहीं, होप हाउस में रह रही चार वर्षीय बच्ची जिसे खंभे में बांधकर बुरी तरीके से गरम रड से दाग दिया गया था। इस संबंध में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जाने की बात सुन कर न्यायाधीश ने एसएसपी धनबाद से बात की और प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया।

# मजदूर मसीहा सह धनबाद के पूर्व सांसद स्व. ऐके राय की मनी जयंती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** नुनुडीह स्थित स्वः ऐके राय स्मृति भवन परिसर में शनिवार को मासस संस्थापक सह धनबाद के पूर्व सांसद मजदूरों मसीहा एके राय की 89 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। वहीं, बीसीकेयू नेता सबूर गोराई के द्वारा सर्वप्रथम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

इस दौरान राय साहब अमर रहे, हम तुम्हे नहीं भूलेंगे, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान बीसीकेयू नेता श्री गोराई ने कहा की जब तक राय साहब हमलोग के बीच रहे मजदूरों के आवाज को बुलंद करते रहे। उनका कहना था हम अपने लिए नहीं जीते दूसरो के लिए जीते है, ताकि मजदूरों को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। उनका सारा जीवन आंदोलन रत रहा, उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं किया। यहां तक कि पेंशन भी जीते जी नही लिया बल्कि इसका विरोध किया करते था। जो हमलोग के बीच एक मिशाल है। उन्ही के बताये मार्ग पर हमे चलने की जरूरत है।

मौके पर वीरेन गोराई, सोनू गोराई, आरएन घोष, पारस बाउरी, मोहन रवानी, अशोक कुम्हार, चंदन गोराई, शोम नाथ गोराई, ईश्वर गोराई, ललिता हारी, चिनिया मलिक, आलो चक्रवर्ती, नेपाल कर्मकार, दिलीप चक्रवर्ती, कंचन पासवान आदि उपस्थित थे।

# बिजली-पानी संकट निराकरण के लिए 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद उपायुक्त श्रीमती माधवी मिश्रा से शनिवार को जिला बीस-सूत्री समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से बिजली, पानी सहित ज्वलंत समस्याओं के अविलंब निराकारण संबंधी मांग पत्र सौंपा। जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने डीसी ने बिजली, पानी सहित ज्वलंत समस्याओं के अविलंब निराकरण के लिए पहल करने संबंधी आश्वासन दिया।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने डीसी को बताया कि जिला में कृषि पाठशाला के लिए फंड होने के बावजूद एक भी कृषि पाठशाला नहीं खुल है। इस पर उपायुक्त ने बताया कि कृषि पाठशाला खोलने के लिए एनजीओ को कार्य दिया गया है, इस पर अविलंब जांच होगी। साथ ही धनबाद उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में 20 सूत्री की मासिक बैठक करने को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में 20 सूत्री सदस्य मदन महतो, शमशेर आलम,राजू प्रमाणिक, पप्पू कुमार तिवारी, डीएन यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## ए के राय की 90वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनी

**सिंदरी (धनबाद):** मार्क्सवादी समन्वय समिति ने शनिवार 15 जून को पीडीआईएल के मुख्य द्वार पर मजदूर मसीहा पूर्व सांसद एके राय की 90वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया। पूर्व सांसद एके राय ने अभियंता के रूप मे अपने जीवन की शुरूआत पीडीआईएल सिंदरी से किया था। इस अवसर पर मासस का केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने एके राय के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि एके राय का पदार्पण उस समय हुआ जब मुट्ठी भर लोगों के हाथो में सारा अधिकार था, लोग असहाय महसूस करते थे। कोयलांचल की राजनीति में एके राय के पदार्पण के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और एकजुट होकर दबंगो का मुकाबला किया।

# मायुमो ने मनायी कॉमरेड एके राय की जयंती

जयंती

**धनबाद :** शनिवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार एंव सेंट्रल हॉस्पिटल मोड़ नूतनडीह, सरायढेला, धनबाद में पूर्व सांसद कॉमरेड एके राय की 89 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की कॉमरेड एके. राय एक सच्चे कम्युनिस्ट एवं क्रांतिकारी थे। उन्होंने तमाम शोषण से मुक्ति का रास्ता मार्क्सवाद का भारतीय करण बताया। कॉमरेड एके राय ने कोयलांचल ही नहीं पूरे झारखंड में संघर्षो का एक मिसाल कायम किया। झारखंड आंदोलन हो या माफिया संस्कृति, रंगदारी,भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां के मेहनतकश जनता को गोलबंद कर व्यापक संघर्ष किया। कॉमरेड एके राय यहां के मेहनतकश, दलित, उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों का आवाज थे। झारखंड आंदोलन को समाजवादी दिशा देने का प्रयास किया। जिसका मिसाल लाल हरा मैत्री रहा। तीन बार विधायक एंव तीन बार सांसद रहे कॉमरेड एके राय के पास अपनी संपत्ति नाम की कोई चीज नहीं था।वह हमेशा लोगों की सुख-दुख को अपनाया। मजदूर - किसानों की हक की लड़ाई में इतने रम गए थे कि खुद शादी नहीं की। एक जोड़ी कपड़े, टायर का चप्पल पहन कर पूरा जीवन सादगी से व्यतीत किया। झारखंड सरकार से मांग है कि बच्चों की पाठय - पुस्तक में कॉमरेड एके राय की जीवनी वर्णित की जाये। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष सिंह, मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, विश्वजित राय, सत्यनरायण सिंह, आरपी महतो,भक्तू महतो, समीर गोस्वामी, अशोक पासवान, विमल महतो, बबलू रजक, राजन महतो, संजय महतो, मंटू




## सूर्यदेव सिंह महान कर्मयोगी, मजबूत जनप्रतिनिधि समाजसेवी व मजदूरों के मसीहा थे : कार्तिक हाड़ी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव सिंह चौक एवं जनता मजदूर संघ कार्यालय में शनिवार को झरिया के पूर्व विधायक व जनता मजदूर संघ के संस्थापक सूर्यदेव सिंह की 33 वीं पर सूर्य देव सिंह की आदम कद प्रतिमा एवं कार्यालय में तस्वीर पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी संस्था के पदाधिकारिओं के साथ कतरास मोड़ चौक पहुंचकर स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनको नमन कर उनके द्वारा मजदूर हित एवं सामाजिक हित में किए कार्यों को याद किया। मौके पर कार्तिक हाड़ी ने कहा जनता मजदूर संघ उनके सपनों को साकार कर रहा है। संस्था ने जनता मजदूर संघ के कार्यालय में भी पहुंचकर माल्यार्पण किया।

## सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर सिन्दरी में दी गयी श्रद्धांजलि

**सिन्दरी (धनबाद) :** शनिवार को जनता मजदूर संघ के संस्थापक सह पूर्व विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह का 33वीं पुण्यतिथि पर कल्पना टॉकीज जमसं कार्यालय मे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा मंदिर समिति के अध्यक्ष भरत शर्मा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वः सूर्यदेव सिंह ने जमसं की स्थापना कर कोयला मजदूरों को संगठित शोषण से मुक्ति दिलाई, और मजदूरों के हित में अनेकों आंदोलन किए, तथा मजदूर मसीहा कहलाए। श्रद्धा-सुमन अर्पित करने वालों में वशिष्ठ नारायण सिंह, दीपक कुमार दीपू, सत्यदेव सिंह, बासुकीनाथ सिंह, मणीभूषण सिंह, राजू पांडे, अरुण गोराई आदि थे।

# धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन का इतिहास है सदियों पुराना

**संतोष कुमार दे**

**बाघमारा (धनबाद):** धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन का इतिहास काफी पुराना है। रानीगंज और झरिया में कोयला उत्पादन को देखते हुए ढुलाई के लिए 1894 ई में पहले धनबाद और कतरास तक रेल लाइन बिछाई गई। जिसे 1930 ईस्वी में इसे चंद्रपुर तक जोड़ दिया गया। पहले यहां भाप इंजन से ट्रेन एवं मालगाड़ियां चलाई जाती थी। 1960 के सदी में विद्युतीकरण में तब्दील कर दी गई। इसमें धनबाद से चंद्रपुर तक सभी क्लास के लोग का आवागमन रहता था खासकर साग सब्जी खोमचा वाले और अन्य कई निम्न तपके के लोग भी इसमें आवागमन करते थे।

लेकिन अचानक डीजीएमएस ने नीचे कोयला से खतरा को दर्शाते हुए पीएमओ को रिपोर्ट पेश की जिससे पीएमओ के निर्देशानुसार 15 जून 2017 को यह लाइन पूरी तरह से बंद कर दी गई, इससे धनबाद की जनता में काफी आक्रोश हुआ और इसको लेकर आंदोलन प्रारंभ कर दिए।




इसमें मुख्य रूप से डॉक्टर विनोद गोस्वामी ने अपनी भूमिका शत प्रतिशत दी। जिन्होंने नारा दिया, रेल दो या जेल दो और लगातार जब तक यह रेल लाइन चालू नहीं हुई तब तक वह डटे रहे। इनके अलावा समाजसेवी विजय कुमार झा, कांग्रेस के पूर्व विधायक ओपी लाल, टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कांग्रेस की युवा नेता रणविजय सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजेंद्र प्रसाद राजा, समाज सेवी ठक्कर के अलावे अन्य गण्यमान्य लोग इस आंदोलन में अपना योगदान दिये।

**2019 में डीसी लाइन फिर से हुई आरम्भ**

**अब** 2024 में पीएमओ ने 500 के आसपास स्टेशनों को जीणोर्धार के लिए करोड़ों रुपए का अनुदान दिया। क्या लोकसभा चुनाव के बाद फिर से एक बार राजनीति का खेल खेला जायेगा क्या पुनः डीसी लाइन को बंद करने की कोई साजिश होगी...? इस पर समाज सेवी विजय कुमार झा का कहना है कि बांसजोड़ा स्थित स्टेशन जहां पर आज का संभावना जताई जा रही है वहां रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम मशीन जो टेंपरेचर नापने की मशीन को 25 मी, यानी 75 फीट जमीन के लगाई गई थी जो समय-समय पर टेंपरेचर के संबंध में सूचनाएं देती थी 2011 में वहां का टेंपरेचर 200 डिग्री था, उसे समय रेल को कोई खतरा नहीं था पर 2017 में यही घटकर 50 डिग्री रह गई उस समय रेल को खतरा होने लगा यह एक सोची समझी साजिश है ,जिसमें रेल लाइन को बंद कर आउटसोर्सिंग के जारी अधिक कोयला की निकासी किया जाए यह धनबाद की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास है जिसमें वह कभी कामयाब नहीं हो पायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही के दिनों में एक दैनिक अखबार में लिखा गया है की आग से रेल को खतरा है यानी चुनाव के बाद यह पूरी तरह से रेल लाइन को बंद करने का साजिश कर रहे हैं, कोयला मे आग से सुरक्षा मुहैया कराने का काम डीजीएमएस को होता है क्यों नहीं वह इसमें प्रयास कर रहे हैं आज धनबाद की जनता को इससे अवगत करना जरूरी है।

# 33वीं पुण्यतिथि पर मजदूर मसीहा सूर्यदेव सिंह को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

पुण्यतिथि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** जनता मजदूर संघ के संस्थापक एवं जीवन पर्यंत झरिया के विधायक रहे मजदूर मसीहा सूर्य देव सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। झरिया कतरास मोड़ स्थित सूर्यदेव सिंह चौक पर मौजूद उनके परिजनों व बड़ी संख्या में लोगों ने दिवंगत विधायक, मजदूर मसीहा सूर्यदेव सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को ले झरिया कतरास मोड स्थित जनता मजदूर संघ कार्यालय परिसर में सूर्यदेव सिंह की आदमकद तस्वीर रखी गई थी। जमसं कार्यालय में स्वःसूर्यदेव सिंह की पत्नी पूर्व विधायक कुंती देवी, पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, पुत्री राजनंदिनी, पुत्र सूर्यांश, सिद्धार्थ गौतम, पुत्री किरण सिंह परिवार के लोगों ने पहले उनकी तस्वीर व प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। परिजनों के अलावा निवर्तमान सांसद पशुपतिनाथ सिंह, रवीन्द्र पांडेय, विधायक राज सिन्हा, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, नंदू अग्रवाल, एलबी सिंह सहित गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। निवर्तमान सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि सूर्य देव सिंह जीवन पर्यंत मजदूर हित एवं आम लोगों के लिए संघर्षरत रहे। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि सूर्यदेव सिंह आज भी कोयलांचल वासियों के दिल में बसे हुए हैं यही कारण है कि 33 वर्ष बाद भी हजारों की भीड़ श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुई है।



सुबह से शुरू हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम का क्रम अपराह्न लगभग ढाई बजे तक जारी रहा। जुलूस की शक्ल में पहुंचे मजदूरों ने अलग-अलग जत्थों में अपने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

आगंतुकों का स्वागत भाजपा नेत्री रागिनी सिंह एवं उनके परिजन कर रहे थे। मौके पर श्रवण राय, अखिलेश सिंह, विष्णु त्रिपाठी, पार्षद सुमन अग्रवाल, अरूण साव,राज माली संजय यादव, रामप्रसाद महतो, स्वरूप भट्टाचार्य, उमेश यादव, महंत पांडेय, दिलीप भारती, उपेंद्र विश्वकर्मा, बाबू जेना, छोटू सिंह, रंजीत रवानी, रिकू शर्मा, अवध बिहारी, गीता सिंह, प्रदीप सिन्हा, हरेराम सिंह, अक्षय यादव, रविद्र सिंह, दिनेश सिंह, श्रवण राम, पिंकू चौबे मनोज गोप, पप्पू पासवान ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रक्तदान शिविर**

कतरास मोड़ कार्यालय में पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें ब्लड बैंक धनबाद की टीम एवं चिकित्सक तथा चिकित्सा कर्मी लगे हुए थे। रक्तदान में प्राप्त रक्त ब्लैक बैंक धनबाद को समर्पित कर दिया गया ताकि चिकित्सा के दौरान जरूरतमंदों को यह रक्त उपलब्ध कराया जा सके। परिजनों ने पौधारोपण भी किया।

**अखंड हरि कीर्तन का समापन**

पुण्यतिथि से एक दिन पूर्व शुक्रवार को शुरू हुआ अखंड हरी कीर्तन का समापन शनिवार लगभग प्रातः 10:00 बजे हुआ। तदुपरांत पुष्पांजलि दिवंगत नेता सूर्यदेव सिंह की आदमकद प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण का कार्यक्रम शुरू हुआ।

**महाप्रसाद का वितरण**

**पुण्यतिथि** कार्यक्रम में सभी आगंतुकों के लिए महाप्रसाद का व्यवस्था थी। कार्यक्रम स्थल के बगल में ही एक पंडाल बनाया गया था जिसमें आगंतुक महाप्रसाद ग्रहण किए। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह एवं उनके परिजन महाप्रसाद की व्यवस्था में जुटे हुए थे।

झरिया कतरास मोड़ शनिवार को पूरी तरह व्यस्त दिखा। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए यहां पुलिस के जवानों के अलावा जंमसं कार्यकर्ता भी तत्पर थे।

# बच्चों को हार-जीत से परे होकर स्पर्धा में भाग लेना सिखायें



**प्रतिस्पर्धा** के इस दौर में बच्चों पर हमारी आकांक्षाओं का बोझ बढ़ता जा रहा है। इससे बच्चों में तनाव और मानसिक रोग भी बढ़ते जा रहे हैं। आम तौर पर हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बेहद सफल हों और आपाधापी में यह भूल जाते हैं कि उनकी भी कुछ क्षमताएं हैं। इस क्रम में हम बच्चे को हार का सामना करना सिखा ही नहीं पाते। वहीं बच्चे भी अपने को बेहतर मानते हुए हार का सामना नहीं कर पाते और ऐसे में जब उन्हें हार का सामना करना पड़ता है तो वह उसे स्वीकार नहीं कर पाते। फिर चाहे वह पढ़ाई हो या कोई खेल। वहीं इसकी जगह हमें बच्चों को यह समझाना चाहिये की हारने से ज्यादा जरूरी है, खेल में भाग लेना।

अगर हम पीछे रह जाते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाएं। इन हालातों में बच्चों को हार-जीत से परे होकर स्पर्धा में हिस्सा लेने के बारे में समझाना चाहिए, क्योंकि हम अपने बच्चों को विफल होते नहीं देखना चाहते और न ही उनके भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ होते देखना चाहते हैं। बच्चों को यह बात समझ में आए, इसके लिए जरूरी है कि हम उनके साथ ढेर सारा समय बिताएं और उन्हें ही प्राथमिकता दें। उन्हें खूब सारा प्यार देकर और प्रोत्साहन भरे शब्दों का इस्तेमाल करके राहत दें। अपने बच्चों को हार से उबारने और उससे पार पाने के लिए हमें उन्हें कुछ खास बातें जरूर बतानी चाहिए।

### हर समय नहीं मिलती जीत

उन्हें सबसे पहले यह समझाएं कि हर समय जीत जरूरी नहीं है। इसकी शुरूआत स्कूल में ही हो जाती है, जब वे खेलों में हिस्सा लेते हैं। उन्हें यह बताएं कि हर समय हर व्यक्ति जीत नहीं सकता साथ ही यह भी समझना जरूरी है कि वे जो कर रहे हैं, उसमें अपना बेहतर देने की कोशिश करें। जितने गर्व के साथ से वे जीत को सिर-माथे पर लेते हैं, उतने ही खुश होकर हार को भी स्वीकार करें।

### अपनी हार स्वीकार करें

उन्हें अपनी हार स्वीकार करना सिखाएं जबकि आमतौर पर देखा गया है कि जब बच्चे किसी चीज में पिछड़ जाते हैं तो वे दूसरों को अपनी हार के लिए जिम्मेदार बताते हैं। इस दौरान यह याद रखना जरूरी है कि हार को स्वीकार करने से ही सफलता हासिल होती है। दूसरे को जिम्मेदार बताने से कुछ हासिल नहीं होता।

### किसी से तुलना न करें

कई चीजें हमारे बस में नहीं होती। संभव है कि आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को आपको भी स्वीकार करना चाहिए और बच्चे को भी समझाइए। हां, यह जरूर है कि आधारभूत पढ़ाई सबके लिए जरूरी है। आपको यह सोचकर खुश होना चाहिए कि वह किसी क्षेत्र में तो चैंपियन है। उन्हें उस रास्ते पर चलने में मदद कीजिए, जहां उनकी सफलता छिपी है।

### हार पर दें सांत्वना

उनसे बात करें कि हारने के बाद उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा अपने एहसास आपसे बांटे। इस तरह से आपको यह पता चलेगा कि उन्हें कितना दुख पहुंचा है और आप किस तरह से उन्हें सांत्वना दे सकती हैं और यह समझा सकती हैं कि कभी-कभी हारना भी बुरा नहीं है। अपना यह एहसास बांटने से उन्हें जीवन के अन्य क्षेत्रों के लिए भी तैयार होने में मदद मिलेगी।

### असफलता से ही सफलता की राह

उन्हें समझाएं कि हार सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का रास्ता भी हो सकता है। यदि वे बैठकर यह सोचने में लग जाएंगे कि वे कैसे हार गए तो इसका कोई सकारात्मक परिणाम हाथ नहीं आएगा। इसकी बजाय यदि वे अगली बार के लिए तैयारी करेंगे तो सफलता जरुर मिलेगी ।

सबसे बड़ी बात, जब भी आपका बच्चा दुखी हो, उसे गले लगाएं। हमें गले लगाने की जरूरत हर उम्र में पड़ती है। तो आपका बच्चा चाहे पांच साल का हो या पंद्रह का, उसे गले जरूर लगाएं। याद रखें कि आप जितना देंगी, उतना ही आपको वापस मिलेगा। सोचकर देखिए, क्या आपको उस समय अच्छा नहीं लगेगा, जब आप दुखी हों और आपका बच्चे आगे बढ़कर आपको गले लगा ले।

### जीत की राह तैयार करें

यह सुनकर थोड़ा अजीब लग रहा होगा, लेकिन सच तो यह है कि जीतने की भी कला होती है। जीतने की योजना भी बनाई जानी चाहिए और उसके बाद उसी के अनुसार काम करना चाहिए। बच्चे की जीतने की इस योजना में आप उसकी मदद कर सकती हैं। पढ़ाई के लिए दिनचर्या बनाने में उसकी मदद करें, पढ़ने में उसकी मदद करें। परीक्षा के समय जब वह देर रात तक जागता है तो उसे चाय या कॉफी बनाकर दें। कहने का तात्पर्य है कि किसी की जीत के लिए सिर्फ उसकी अपनी काबिलियत नहीं, दूसरों की मदद भी जरूरी है।

**फिल्म**

# जब भगवा रंग का एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने उड़ाया मजाक



'पठान' का गाना 'बेशरम रंग' काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ था, लेकिन इसके साथ ही दीपिका पादुकोण पर भगवा बिकनी पहनने के कारण काफी विवाद भी हुआ था। दीपिका की भगवा बिकनी पर राजनीति से जुड़े नेताओं ने सवाल किया था। साथ ही, धर्मिक भावनाओं को आहत करने का भी आरोप लगाया था। अब वहीं काम बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह भगवा रंग की अश्लील ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री एक छत पर कुछ अपत्तिजनक डांस मूव भी कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की ड्रेस में उनकी पूरी ब्रा दिखाई दे रही है। ऐसे में क्या भगवा रंग को लेकर उर्वशी रौतेला की ड्रेस पर भी बवाल मचेगा?

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा चर्चा में रहती हैं। उर्वशी कभी अपनी खूबसूरत...स्टनिंग...ग्लैमरस फोटो, तो कभी अपने डांस को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी मां की बर्थडे पार्टी के डांस के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किये थे। ये डांस वीडियो वायरल हो गया है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां की बर्थडे पार्टी के तीन वीडियो शेयर किये हैं। इन वीडियो में वह शिमरी आउटफिट में नजर आ रही हैं और बेहतरीन डांस करती नजर आ रही हैं। उर्वशी के इस जबरदस्त डांस को देख कर कई लोग हैरान हो गये हैं। साथ ही, इस डांस की वजह से उन्हें कई लोगों ने ट्रोल भी किया है। ट्रोलर्स ने उनकी भगवा रंग की अश्लील ड्रेस पर सवाल उठाये हैं। इसके अलावा उर्वशी के डांस वीडियो पर नेटिजेंस ने खूब रिएक्शन दिये हैं। एक नेटिजन ने लिखा, 'क्या आप एक छोटी लड़की हैं?' एक अन्य नेटिजन ने लिखा, 'अरे क्या हुआ? क्या कोई करंट है?' एक तीसरे नेटीजन ने भी लिखा, 'तुम्हें कौन-सी बीमारी है भाई?' ऐसे कई रिएक्शन एक्ट्रेस के वीडियो पर नेटिजन्स ने दिये हैं।

इस बीच, उर्वशी के काम के बारे में बात करें, तो कुछ महीने पहले उन्होंने 'बिग बॉस ओटीटी 2' के विजेता एल्विश यादव के साथ एक गाना गाया था। उस गाने का नाम 'हम तो दीवाने' है और इस गाने में हमें दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली थी। यह गाना खूब वायरल हुआ। इस गाने के बाद उर्वशी पर विवाद शुरू हो गया। अभिनेत्री का नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर के साथ जुड़ने लगा। इसके बाद उन्हें कई बार ट्रोल किया गया।

# पर्यावरण दिवस और वृक्षारोपण की जमीन



डॉ. आकांक्षा चौधरी

**विकास** की दिशा जबसे शहरों की तरफ मुड़ी, पर्यावरण का वैश्विक स्तर पर रसातल में पलायन होने लगा। प्रदूषण नामक राक्षस धरातल पर राज करने लगा। विकास को ऐशो-आराम और पैसे की बरकत से तुलना करके देखा जाने लगा है। इन सबमें पेड़ पौधे जैसे गूंगे जीवन की क्या अहमियत ! बोलनेवाले जीव तो बेचारे हम इंसानों से बच नहीं पाये, फिर ये एक ही जगह पर निष्क्रिय रूप से खड़े पेड़ कैसे बचते ! इंसान का घमंड अपने चरम पर है। इसे लगता है यह नीले रंग का धरती नामक गोला इसकी बपौती है। यही इसको चलानेवाला है। मगर, इंसान यह भूल जाते हैं कि डायनासोर, मैगालोडन शार्क जैसे महाकाय जीव से लेकर बैक्टीरिया, वायरस जैसे एक कोशिकीय जीव भी प्रकृति से जीत नहीं पाये, तो यह इंसान किस खेत की मूली हैं ? चलो, अपने घमंड में चूर होकर स्वयं कभी सुनामी, तो कभी नौतपा को आमंत्रित करो। यह हीट वेव, यह ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत में छेद होना, बस हमारी प्रजाति के दिन लदने के संकेत हैं। धरती पहले भी थी, बाद में भी रहेगी, मगर यदि हम इसी तरह से खुद अपने हाथों अपनी प्रजाति की कब्र खोदते रहेंगे, तो समय से पहले ही बाकी प्रजातियों की तरह मानव जीवन का अंत हो जायेगा।

जिसे हम विकास समझ रहे हैं, वह हमारी मूर्खता का प्रमाण भर है और कुछ नहीं। विकास तो वह है, जो सतत गति से निर्बाध इस ब्रह्मांड में घटित होता रहता है। हमारी धरती तो उस बड़े एर्जा पुंज का एक कण मात्र है। हम इंसान तो इतने मूर्ख हैं कि हमें अपनी सूक्ष्मता का कोई भान नहीं।

इसी विकास के क्रम में हम पेड़ों को काटते जा रहे हैं और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, फिर एक दिवस विशेष को टंकित करते हैं और पर्यावरण दिवस मनाने लगते हैं। कभी सोचा है, जितने भी पर्यावरण दिवस के बैनर, प्रचार प्रसार में खर्चे होते हैं, उतने में तो हम एक घना जंगल उगा सकते हैं। मगर, हमें वृक्ष, पेड़ पौधों से मतलब थोड़ी न है, हमें तो हाथों में पौधे लेकर तस्वीर लेने और सोशल मीडिया पर दिखावा करने से मतलब है। यही तो है मानव प्रजाति का असली मूर्खतापूर्ण चेहरा, उसका बनाया हुआ छद्म पर्यावरण दिवस और फ़्लैट और अपार्टमेंट की इमारतों, बालकनी पर बसायी गयी नकली जमीन का सच !

# जापान में घटती जन्मदर बनी चुनौती, बच्चे पैदा नहीं कर रहे लोग

## ■ सरकार ने डेटिंग ऐप किया लॉन्च, शादी करने पर दे रही कई सुविधाएं

**भारत**-चीन जैसे देशों में आबादी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। भारत में तो बढ़ी आबादी को लेकर कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। वहीं जापान में घटती जन्मदर एक चुनौती बन गई है। जापान में लोग बच्चे पैदा नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से जापान जनसांख्यिकीय चुनौती का सामना कर रहा है। जन्म दर में आई गिरावट को कम करने के लिए जापान सरकार लगातार प्रयार कर रही है। इसमें राज्य समर्थित डेटिंग ऐप का रोलआउट भी शामिल है। कम बच्चे पैदा होने का सबसे बड़ा कारण लोगों का शादी ना करना है। जापान में शादी करने वालों की संख्या में भी गिरावट आ रही हैं, वहीं तलाक के मामले बढ़ रहे है। ये प्रवृत्ति देश में जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा कर रही है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की प्रजनन दर बीते कई सालों से गिर रही है। अब ये निचले स्तर पर पहुंच गई है। जापान के स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय के जारी नए आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 करोड़ की आबादी वाले देश में पिछले साल केवल 7,27,277 बच्चे पैदा हुए। मंत्रालय के मुताबिक बीते साल देश में प्रजनन दर 1.26 से घटकर 1.20 रह गई है। प्रजनन दर को एक महिला के जीवनकाल में जन्मे बच्चों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। किसी जनसंख्या को स्थिर रहने के लिए 2.1 की प्रजनन दर की जरुरत होती है। इससे ऊपर प्रजनन दर होने पर जनसंख्या बढ़ती है।

जापान में जनसंख्या का संतुलन बना रहे इसके लिए जापान की सरकार ने युवाओं को शादी करने और परिवार बढ़ाने के प्रयासों को तेज कर दिया है। सरकार ने इसके लिए डेटिंग ऐप लॉन्च किया है। इसके साथ ही सरकार ने बच्चों की देखभाल सुविधाओं का विस्तार, माता-पिता को आवास सब्सिडी की पेशकश और बच्चा पैदा होने पर माता-पिता के लिए भुगतान करने जैसी पहल शुरू की है। जापान सरकार प्रयासें के बावजूद इस संकट से निकलना आसान नहीं है क्योंकि यहां आबादी का संकट बहुत पुराना है। जापान में प्रजनन दर करीब 50 साल से 2.1 के बिन्दु से नीचे है।

विशेषज्ञों का कहना है कि 1973 के वैश्विक तेल संकट के बाद आई मंदी के बाद प्रजनन दर गिरी और आज तक स्थिर मार्क पर नहीं पहुंची। चिंता की बात ये है कि कुछ सालों में गिरावट तेज हो गई है। हर साल जन्म लेने वाले बच्चों से ज्यादा मौतों की संख्या है और कुल जनसंख्या घट रही है। इसका सीधा असर जापान की वर्कफॉर्स, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने पर हो रहा है।

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2023 में देश में 1.57 मिलियन मौतें दर्ज की गईं। जो पैदा हुए बच्चों की संख्या से दोगुनी से भी ज्यादा है। जापान में पिछले साल शादी करने वालों की संख्या में भी 30,000 की गिरावट आई, तलाक की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी गई। विशेषज्ञों का कहना है कि गिरावट कम से कम कई दशकों तक जारी रहने की उम्मीद है। जापान में प्रजनन दर बढ़ने पर भी देश की जनसंख्या तब तक गिरती रहेगी जब तक कि युवाओं और बुजुर्गों का अनुपात संतुलित नहीं हो जाता।'

# हनुमान जी की कैसी तस्वीर कहां लगाने से मिलेगा क्या लाभ



**कलयुग** के देव के रूप में पूजे जानेवाले हनुमान जी की पूजा-अर्चना से कई लाभ मिलते हैं। हनुमान जी की पूजा से मंगल, शनि और पितृ दोषों से मुक्ति मिलती है। ऐसा भी माना जाता है कि घर में हनुमान जी की तस्वीर लगाने से कई कष्टों और संकटों से मुक्ति मिलती है। ऐसे में घर में सुख-शांति के लिए हनुमान जी की तस्वीर लगानी चाहिए, लेकिन इसके लिए वास्तु के नियमों का पालन करना चाहिए। ...तो, चलिए जानते हैं कि हनुमान जी की कैसी तस्वीर किस दिशा में लगानी चाहिए। हनुमान जी की बैठी हुई मुद्रा की तस्वीर दक्षिण दिशा में मुख करके लगानी चाहिए। इस तस्वीर के घर में लगाने से बुरी ताकतें दूर होती हैं और नकारात्मक ऊर्जा का संचार खत्म होता है। हनुमान जी की बैठी हुई मुद्रा की तस्वीर लाल रंग की लगायी जानी चाहिए। पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर घर में लगाने से तरक्की के रास्ते खुल जाते हैं। जीवन में काम में आनेवाली बाधाओं को दूर करने और धन-धान्य की प्राप्ति के लिए घर के मुख्य द्वार पर पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगानी चाहिए। ऐसा करने से घर में बुरी शक्तियों का प्रवेश नहीं होता है। परिवार के सदस्यों में साहस के लिए घर में हनुमान जी के हाथों में पर्वत लेकर उड़ते हुए की तस्वीर लगानी चाहिए। घर में उड़ते हुए हनुमान जी की तस्वीर लगाने से तरक्की और सफलता मिलती है। नौकरी में तरक्की और प्रमोशन के लिए सफेद हनुमान जी की तस्वीर लगाना शुभ माना जाता है। हनुमान जी की तस्वीर लगाने के लिए दक्षिण दिशा की ओर मुख करके लगाना शुभ माना जाता है। घर में जहां पर मेहमान आकर बैठते हों, वहां पर रामदरबार की फोटो लगानी चाहिए। इस फोटो में हनुमान जी माता सीता और प्रभु श्रीराम के चरणों में बैठे होते हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। | **तुला** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। |
| **वृष** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। | **वृश्चिक** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। |
| **मिथुन** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। | **धनु** बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। |
| **कर्क** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। | **मकर** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। |
| **सिंह** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। | **कुंभ** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। |
| **कन्या** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। | **मीन** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। |



बात पते की

# मौसम के इशारों को समझो...सम्भल जाओ !!



राजीव थेपड़ा

**चारों** तरफ धूप फैलती जा रही है...गर्मी का साम्राज्य सब दिशाओं को अपने आगोश में लेता जा रहा है...और, अमीर लोगों के घरों में कूलरों, ए.सी.और सबको ठंडक पहुंचाने के अन्य साधन सर्र-सर्र....की आवाजें करते धड़ल्ले से चलने लगे हैं। जहां तक इनकी हवा जाती है, वहां तक तो सब ठीक-ठाक-सा लगता है। मगर, उसके बाद गर्मी की भयावहता वैसी की वैसी...यानी विकराल और खौफनाक....!!

आदमी को मौसमों से हमेशा से ही डर लगता रहा है। मगर, उसके बावजूद उसने जो कुछ भी धरती पर आकर किया है, उससे मौसमों का मिजाज खराब ही हुआ है। आदमी की करनी से से वह क्रमश भड़कता ही जा रहा है। आदमी की चाहना भी बड़ी अजीब और बिलकुल विपरीत-सी होती है। आदमी से जो भी चीज ईजाद होती है, वह होती तो दरअसल उसके सुकून के लिए है, मगर उसके ठीक उल्टा उससे धरती का वातावरण खराब से और खराब हुआ जाता है और खराब भी क्या ऐसा-वैसा....!! जीने लायक भी नहीं रहता धरती का वातावरण। किसी जमाने में बेशक आदमी धरती के रहमो-करम पर निर्भर होता होगा, अब तो धरती की आबो-हवा आदमी के रहमो-करम पर निर्भर हो चुकी है। वह चाहे तो अपनी अनाप-शनाप इच्छाएं त्याग कर अभी भी धरती को उसका सुगढ़ स्वास्थ्य लौटा सकता है और धरती के आंचल के साये में किसी मां के अपनापे की भांति किल्लोल करता हुआ आनन्द पूर्वक जी-खा-खेल सकता है !!

क्या यह बहुत अजीब-सी बात नहीं है कि आदमी को जीना धरती पर ही होता है। उसे अपनी सारी इच्छाएं धरती पर धरती के मार्फत्त ही पूरी करनी होती हैं। और इसके उल्टा धरती ही जैसे उसके रास्ते में रुकावट बन जाती है। हालांकि, धरती ने कभी भी किसी को भी कुछ भी करने से रोका नहीं है। मगर, आदमी का हर कार्य जैसे एक दलदल की तरह होता है। एक तरफ तो वह सुविधाओं के बीच सुकून से जीना चाहता है, तो दूसरी तरफ उसी के कार्यों का परिणाम उसे क्रमशः मौत की ओर ले जाता हुआ प्रतीत होता है और मजा यह मौत की समूची भयावहता के बावजूद आदमी अपने लिए वही सुविधाएं चुनता है...बुनता है, जो उसके तत्काल को बेहतर बनाती है। हालांकि, यह भी सच ही है कि आदमी यह भी जानता है कि एक क्षण ही बाद आनेवाला भविष्य ही उसके उस क्षण का तत्काल होगा। मगर फिर भी...!!!

तो मौसम है कि बिदकता ही जाता है और आदमी नाम का यह जीव हर प्रकार के 'कोपेनहोगेनों' और धरती को वापस स्वर्ग बनाने के अपने तमाम दावों-प्रतिदावों के बावजूद उसी दलदल की ओर लगातार बढ़ता ही जाता है, जिसमें कि धंस कर उसकी अकाल जान जानी निश्चित है और बस इसी कर-के मौसम बिदक रहे हैं। आदमी के साथ धरती का समूचा जीवित जगत भी रोता जा रहा है। आदमी एक ऐसा भयानक जीव है, जिसने सिर्फ धरती का ही नहीं, अपितु समूचे अन्तरिक्ष का 'शिकार' कर डाला है। अब यह बात अलग है कि वह खुद अपना शिकार बन चुका है.........!!

खुदा ने जब आदमी को धरती पर भेजा होगा तब शायद यही सोचा होगा कि यह जीव समूची धरती को रंग-बिरंगा कर डालेगा और इसके जीवन को सुखी और समृद्द बनायेगा। जबकि, अब यह सोच-सोच कर तड़पता होगा...अपना सर धुनता होगा कि हाय उसने आदमी को क्यूंकर बना डाला।...और, शायद मौसमों का मिजाज खुदा खुद बदल रहा हो, ताकि किसी तरह धरती पर प्रलय आ जाये और बेशक हजारों प्राणी काल-कलवित हो जायें, मगर आदमी नामक यह जीव सदा के लिए धरती से विदा हो जाये।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सरयू घाटी में पेड़ गिरने से घंटों बाधित रहा वाहनों का परिचालन

**लातेहार** : लातेहार सरयू मुख्य मार्ग में ओरैया घाटी में विशाल पेड़ गिर जाने से घंटों बाधित रही वाहनों का परिचालन। वही सरयू टिओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने तत्परता दिखाते हुए गिरा हुआ पेड़ को जेसीबी मशीन के मदद से हटवाया। उसके बाद दोनों वाहनों का परिचालन शुरू किया गया।

### डालसा ने किया सदर हॉस्पिटल में पानी व ओआरएस का वितरण

**मेदिनीनगर** : पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के बीच पानी और ओआरएस का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलभी मुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस के पैकेट दिया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रहा है जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

### जिले में 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा का होगा आयोजन

**गुमला** : आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत अच्छादित शेष लाभुको को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सदर अस्पताल, प्रज्ञा केन्द्रों, एवं सहियाओं के द्वारा दिनांक 15 जून से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुलाबी, पिला, एवं हरा राशन कार्ड धारी अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड को दिखाते हुए नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं तथा उक्त योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 05 लाख रुपये तक का नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड धारी राज्य के किसी भी राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में नि:शुल्क इलाज ले सकते है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में पतंजलि योग परिवार

**कोडरमा** : पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम झुमरी तिलैया ब्लॉक मैदान कोडरमा होगा यह कार्यक्रम पतंजलि परिवार की अगुवाई में होगा और इसकी अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन करेगी सुषमा सुमन ने बताया की यह दसवां अंतरराष्ट्रीय योग शिविर है और 21 जून को पूरा विश्व योग दिवस मनाएंगे सुषमा सुमन ने बताया की योग को पूरा विश्व स्तर पर पहुंचने का जो काम हुआ इसका पूरा श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है इसलिए पतंजलि परिवार की ओर से नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री को बहुत-बहुत बधाई देते हैं, योग को जमीनी पर उतरने का काम स्वामी रामदेव महाराज जी ने जो किए हैं, योग के माध्यम से सभी लोग स्वस्थ हो रहे हैं और आगे योग करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे सुषमा सुमन ने बताया कि स्वामी रामदेव महाराज का संकल्प है।

### होली फैमिली सभागार में न्यूट्रिशन फीड ट्रेनिंग एंड वर्कशाप ऑन हेल्थ रिलेटेड गवर्मेंट स्कीम कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा** : फ्रांसिस्कन क्लैरिस्ट सिस्ट सोसाइटी जन विकास समिति वाराणसी संयुक्त से आई.डी.सी.वाई.डी.प्रोजेक्ट के तहत होली फैमिली हॉस्पिटल के सभागार में न्यूट्रिशन फीड ट्रेनिंग एंड वर्कशाप ऑन हेल्थ रिलेटेड गवर्मेंट स्कीम कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां मेंटल हेल्थ केयर का प्रशिक्षणकर्ता संस्था होली फैमिली हॉस्पिटल के सिस्टर रानिटा के द्वारा पौष्टिक आहार के साथ संतुलित आहार के बारे में इस कार्यक्रम में भाग लिए दिव्यांगजन, अभिभावक एवं डीपीओ सदस्यों को यह समझने का प्रयास किया कि शरीर स्वस्थ रखने के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखना अति आवश्यक है।

# शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद करायें सम्पन्न : सोनू कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार** : बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गारू थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता गारू सीओ संतोष कुमार बैठा एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार नें संयुक्त रूप से किया.बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ संतोष कुमार बैठा ने कहा कि त्याग एवं बलिदान का त्यौहार बकरीद को अन्य धर्मप्रेमियों का ख्याल करते हुए मनाये। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि बकरीद त्योहार के दिन प्रशासन अलर्ट रहेगा। सोशल मीडिया पुलिस की नजर रहेगी, भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर त्वरित करवाई किया जाएगा। मौके पर प्रखंड विश्वसूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, अलाउद्दीन खलीफा, सूरजदेव प्रसाद,योगेंद्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**लातेहार** : बरवाडीह थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दें। ताकि इन पर कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने लोगो से अपील की कि कुबार्नी का रक्त बाहर ना बहने दें। इस पर लोगों ने बताया कि कुबार्नी के बाद सभी वेस्टेज चीज को दफना दिया जाता है। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, सीआई सुरेश राम, मोरवाई के मुखिया आशीष सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी, राहुल सिन्हा, अनिल कुमार, यदुनाथ राम, एनामुल हक, सफदर खान, हुलास सिंह, जयप्रकाश रजक समेत कई लोग मौजूद रहे।

## नशा पान के खिलाफ बकरीद त्योहार के बाद अंजुमन इस्लामिया चलायेगा अभियान : मुशाहिद आजमी



**गुमला** : पीने की पानी को लेकर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुजाहिद आजमी झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद लड्डन वह अन्य टीम के सदस्य जल आपूर्ति विभाग गुमला के इंजीनियर से कार्यालय में मिलकर पानी सप्लाई के लाचार व्यवस्था पर फिर से बातें रखी गईं।है बार की तरह आश्वाशन मिला है।एसडीओ बिजली विभाग से भी पानी सप्लाई के लिए लगातार दो घंटे बिना कटे बिजली देने का आग्रह बिजली विभाग से किया गया ताकि पानी नियमित मिलता रहे। बकरीद त्योहार और कुबार्नी की तैयारी में लगे होने का मौका है इस मौके पर सदर ने कहा कि हाल के दिनों में फिर से नशाखोरी में हो रहे तेजी से इजाफा पर आप सबका ध्यान दिलाना चाहता हूं।नशाखोरी के आदी नौजवान अपने वालिद वालदा के उम्मीद को तार तार करके खुद की जिंदगी बर्बाद करने के राह में चल पड़े हैं जिसका सीधा बुरा असर उसके अपने फैमिली पर पड़ता है और फिर मुहल्ले से होता कौम पर हाल के दिनों में अंजुमन ने ऐसे अच्छा भला सीधा साधा अपने कमाऊ नौजवान को देखा है जो आज नशा की वजह से एक जिंदा लाश बनते जा रहे हैं.....पूरा घर उसके मां बाप बीबी बच्चे दाने दाने को मोहताज हो रहे हैं।

## दीवार तोड़ कर घर में घुसी गाड़ी 01 की मौत, 04 लोग घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोने के टोला खुटगड़ी के पास शुक्रवार की देर रात सरयू की ओर से आ रही बोलेरो (सीजी 15 - डी झ 5747) अनियंत्रित हो कर राजदेव लोहरा के घर मे जा घुसी। इस दुर्घटना में राजदेव लोहरा की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं आरती कुमारी, सकुन्ती देवी और 2 अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी एक ही परिवार के सदस्य है घटना के समय सभी लोग सो रहे थे। घटना के बाद मुखिया राधा देवी और पति जुलेश्वर लोहरा के सार्थक प्रयास और ग्रामीणों की मदद से तत्काल घायलों को लातेहार सदर अस्पताल लाया गया जहां इनका प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर कर दिया। वही घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर नवरंग चौक जाम कर दिया। घटना की सूचना और सड़क जाम की सूचना के बाद लातेहार थाना पुलिस सड़क जाम स्थल पर पहुचकर मामले की जांच में जुट गई। वही स्थानीय जुलेश्वर लोहरा ने बताया कि घर मे सो रहे राजदेव लोहरा के घर मे बेलोरो गाड़ी जा घुसा जिससे राजदेव लोहरा की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी।

## ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर पलामू उपायुक्त से लगायी गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि चंकी टोला का कोई भी योजना को यहां नहीं होने दिया जाता है।दबंगों के द्वारा उसे उधर ही करवा दिया जाता है फिलहाल में ही इस टोला के नाम पर चापाकल आया था।लेकिन यहां के मुखिया उसे नहीं गाड़ने दिया किसी दूसरे जगह गाड़ दिया गया।जल नल योजना चयनित है इसके बावजूद काम शुरू नहीं किया जा रहा है बरसात हो जाने के बाद बोरिंग गाड़ी नहीं जा पाएगा एक कुंवा के सहारे यहां के लोग पानी पीते हैं। ग्रामीणों ने कहा की पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला में पांकी में पानी की घोर समस्या है एक मनरेगा के कुंवा के सहारे वहां के लोग जी रहे हैं। कुंवा की ऊंचाई कम होने के कारण प्यास बुझाने के चक्कर में कई बार जानवर गिर जाते हैं। तो कभी-कभी बच्चे कुए में गिर जाते हैं गांव वाले के सहयोग से बाहर निकाला जाता है। बारिश होने पर खेतों का गंदा पानी कुए में घुस जाता है मजबूरन वही पानी पीना पड़ता है फि लहाल एक चापाकल चकी टोला विष्णु देव सिंह के नाम से आया था। उसे गांव के कुछ दबंगों ने उधर ही गड़वा दिया। एक नल जल योजना का चयन इस गांव के लिए हुआ है लेकिन ठेकेदार जान बुझ कर टाल मटोल कर रहे है। बरसात शुरू हो जाने के बाद बोरिंग की गाड़ी जाने में दिक्कत होगी स्थानीय मुखिया एवं माननीय विधायक जी को भी सूचना देने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है सरकारी चापाकल कल की योजना को कार्यकर्ता योजना बना दिया गया है अधिकतर चापाकल जनप्रतिनिधियों के कार्यकताओं के गिरफ्त में हैं इसकी अगर जाँच की जाए तो स्पष्ट पता चल जाएगा।ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से आग्रह करते हुवे कहा की हमारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का निदान करने का प्रयास किया जाए। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।



## डिग्री कॉलेज मोड़ के पास कार दुर्घटना में चार लोग घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**मनिका/लातेहार** : मनिका के डिग्री कॉलेज मोड़ के पास शनिवार की सुबह एक कार अनियंत्रित हो दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार चार लोग हर्ष कुमार (22), अंजली कुमारी (30), ओमप्रकाश सिंह(42) और अजीत कुमार सिंह (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार उक्त कार में सवार लोग लोहरदगा से बरवाडीह प्रखंड में 10+2 विद्यालय में योगदान देने जा रहे थे इसी बीच मनिका डिग्री कॉलेज के तीखे मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी थाना प्रभारी जे पी शर्मा को मिलने के बाद उन्होंने तत्काल एस आई सत्येंद्र कुमार को पुलिस बल के साथ घटना स्थल की ओर भेजा। जिसके बाद सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मनिका सामूदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र लाया गया जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया तथा बेहतर इलाज के लिए लातेहार भेज दिया।सभी घायल खतरे से बाहर हैं। बताते चलें की मनिका थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिग्री कॉलेज मोड़, दोमुहान मोड़,कर्मही मोड़ तथा देवबार मोड़ दुर्घटनाएं स्पॉट बन गया है इन क्षेत्रों में अकसर दुर्घटनाएं होती रहती है।

### आकांक्षी प्रखंड डुमरी कार्यक्रम से सम्बन्धित उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

## प्रखंड का सर्वांगीण विकास अच्छे गुणवत्ता युक्त कार्य से करें

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की।



इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी एवं अन्य संकेतक बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। आकांक्षी प्रखंड में कौशल विकास एवं रोजगार तथा सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन के संबंध में बैठक में समीक्षा की गयी। बैठक में आकांक्षी प्रखंड के विकास के लिए स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, कौशल एवं तकनीकि, रोजगार, पशुपालन एवं डेयरी, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पीएचडी विभाग, विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की आंकड़ेवार समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत उक्त विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा की प्रखंड का सर्वांगीण विकास अच्छे गुणवत्ता युक्त कार्य से करें। केवल रिपोर्ट में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर विकास कार्य किया जाना चाहिए, जिसका औचक निरीक्षण अगले सप्ताह से प्रारंभ कर दिया जायेगा।

## अबुआ आवास के आवंटन में भ्रष्टाचार का मामला उजागर करनेवालों पर एफआईआर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड प्रखंड में अबुआ आवास योजना आवंटन में हुए धांधली को उजागर करने वाली महिला समाजिक कार्यकर्ता अफसाना एवं प्रशांता किंडो, महुआडांड़ ग्राम प्रधान विकास उराँव, जल सहिया, कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सरस्वती देवी, और वार्ड सदस्यगण दोलोरोसा मिंज, रीना देवी, अनूप कुमार एवं उप मुखिया चंद्रमणि देवी पर बीडीओ द्वारा महुआडांड़ थाना में दंड प्रक्रिया संहिता धारा 41 की उप धारा-01 द्वारा महुआडांड थाना में कांड संख्या 28/24 के तहत धारा 419/420/34 प्रथमिक दर्ज कराया गया है।

**क्या है मामला**

**महुआडांड़** के पंचायत सचिव योगेन्द्र प्रसाद, प्रधानमंत्री आवास के स्वयंसेवक गौतम कुमार ने अबुआ आवास आवंटन में नियमों की अनदेखी कर कुछ संपन्न परिवारों को आवास आवंटित कर दिया। पंचायत महुआडांड़ में अबुआ आवास योजना आवंटन में नियमों की अनदेखी कर कुछ संपन्न, नौकरी पेशा परिवार को अबुआ आवास आवंटित कर दिया गया। महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता अफसाना द्वारा जब जन सूचनाधिकार से पंचायत के अबुआ आवास का दस्तावेज लेकर सत्यापन के लिए ग्राम सभा करके आठ सदस्यीय समिति गठन कि गई, जिसमें प्रशांता किण्डों, जल साहिया कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय दीदी सरस्वती देवी, वार्ड सदस्यगण दोलोरोसा मिंज, रीना देवी, अनूप कुमार, महुआडाड़ उप मुखिया चंद्रमणि देवी ने मिलकर स्थलीय सत्यापन किया, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। ग्राम महुआडाड़, रामपुर एवं दीपाटोली के 13 परिवारों को अबुआ आवास योजना आवंटित किया गया, ग्राम रामपुर की लाभुक पिंकी देवी पति अमित, कुमार इनका पंजीकृत आईडी 1310872 है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायें कार्यकर्ता : रामेश्वर उरांव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस भी जुट गई है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार के कांग्रेस नेता व मंत्री रामेश्वर उरांव शनिवार को लातेहार के रास्ते वे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के सीरम ,माची ,मक्का के लोगों से मिले। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करदी है। कहा है कि 5 माह बचा है चुनाव का अपने बुथों को मजबूत कर ले। वहीं कुमंडीह में हुए रांची बनारस इंटरसिटी में आग के अफवाह के बाद विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने दुख जताया है और कहा है कि रेलवे को सावधानी बरतनी चाहिए।

## भाजपा ने की लोकसभा स्तरीय बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में चतरा लोकसभा स्तरीय बैठक आयोजन किया गया।इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,नवनिर्वाचित चतरा लोक सभा के सांसद कालीचरण सिंह समेत बड़ी संख्या में चतरा लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बैठक में लोकसभा चुनाव में जिन बुथों पर बीजेपी की बढ़त हुई है या मतदान कम हुआ है उस बुथ के कार्यकताओं से राय शुमारी की गई।वही भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही गयी।



इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कहा गया था कि सभी लोकसभा सीटों की समीक्षा करेंगे हारेंगे या जीतेंगे और कार्यकताओं से फीडबैक भी लेंगे जिन बुथों पर हमने लीड लिया है उसका कारण भी जानेंगे और जिन बुथों पर हम लीड नहीं रहा किया और पीछे रहे इसकी भी कारण जानेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों में बैठक हो रही हैं और कार्यकर्ताओं से राय शुमारी की जा रही है ताकि आने वाला विधानसभा चुनाव में और मजबूती से लड़ सकें। वहीं चतरा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि झारखंड में सरकार बनाना है और बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनाएंगे। श्री सिंह ने महागठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरा देश ही देख लिया की महागठबंधन सरकार बनाने के लिए कितना तैयार था।

## मनरेगा में लाखों की राशि के गबन का जिप सदस्य बलवंत सिंह ने लगाया आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मनिका/लातेहार** : मनिका प्रखंड में मनरेगा में गड़बड़ झाला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कुछ न कुछ गड़बड़ झाला होते रहता है। इसी क्रम में जीप सदस्य बलवंत सिंह ने मनिका प्रखंड में मनरेगा प्रशासनिक मद की 11 लाख 67 हजार 541 रुपए की राशि का बिना समान खरीदे बीडीओ, बीपीओ और नजीर की मिली भगत से बंदर बांट करने का आरोप लगाया है। इस बाबत जीप सदस्य बलवंत सिंह ने बताया की प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ दोनो के संयुक्त हस्ताक्षर व दोनो की मिली भगत से सामग्री खरीद के नाम पर मनरेगा प्रशासनिक मद की राशि 11 लाख 67 हजार 541 रुपए निजी वेंडर के खाते के माध्यम से निकाल कर गबन कर लिया गया।



जिसके तहत ए के इंटरप्राइजेज के खाते में दिनांक 24/12/2023 को 22338, 194936,118527 तथा 177980 की राशि जबकि वेंडर चंद्र प्रकाश उपाध्याय के खाते में दिनांक 26/12/2023 को 72994,15948 और 16978 की राशि दिनांक 20/01/2024 को 38757 और 83041 की राशि तथा दिनांक 02/04/2024 को 225000 की राशि डाले गए।

## 03 यात्रियों की मौत का जिम्मेदार कौन, किसने फैलायी ट्रेन में आग की अफवाह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के कुमंडीह में हुए रेल हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में 3 महिलाएं और 1 बच्ची शामिल है। वहीं इस रेल हादसे का प्रमुख कारण अफवाह बताया गया।हालाकि ऐसी अफवाह किसने फैलाई इसकी जांच की जा रही है।ज्ञात हो कि रांची से सासाराम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस लातेहार के कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। इसी बीच ट्रेन की पिछली बोगी से कुछ लोग दौड़कर आगे बढ़े और चिल्लाने लगे कि ट्रेन में आग लग गई है।यह सुनकर कुछ यात्री में ट्रेन से उतर गए और दूसरे ट्रैक पर चले गए। जबकि उसी ट्रैक पर मालगाड़ी आ रही थी। इस दुर्घटना में 2 पुरुष और 1 महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग से घायल हो गए।एक यात्री सुनील कुमार ने बताया कि ट्रेन बीच ट्रैक पर खड़ी थी और ट्रेन के एक तरफ मालगाड़ी भी खड़ी थी। लोग खाली ट्रैक पर उतर गए जिस पर मालगाड़ी गुजरी।



**दो घंटे बाद शुरू हुआ परिचालन**

**इस** रेल हादसे के बाद करीब दो घंटे बाद रेल परिचालन शुरू हुआ। इस दौरान गरीब रथ एक्सप्रेस टोरी रेलवे स्टेशन पर जबकि अन्य ट्रेनें अन्य रेलवे स्टेशनों पर खड़ी रहीं। वहीं हादसे की खबर मिलते ही एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

**पूर्व विधायक भी मौके पर पहुंचे**

**घटना** की जानकारी मिलने के बाद मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह घटना स्थल पर पर पंहुच कर घटना की जानकारी ली और रेल विभाग को घायलों को अविलंब समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया। मृतक मंजू देवी, नासरीगंज, पुरी, रोहतास, बिहार से डेहरी जा रही थीं,नंदलाल शुक्ला, बैरिया, मेदिनीनगर निवासी, रांची से डाल्टनगंज जा रहे थे जबकि विकास कुमार रजक/30वर्ष पिता स्व. महेन्द्र बैठा भवनाथपुर रांची से अपने घर जा रहे थे।

**कई लोगों के लिए चायवाला बना मसीहा**

**इस** अफवाह के बाद ट्रेन में चाय बेच रहा एक व्यक्ति भी यात्रियों के साथ ट्रेन से नीचे उतर गया।उसके बाद उसने मालगाड़ी को ट्रैक पर आते देखा तो उसने कई लोगों को डांटा और ट्रैक से हटाकर बाहर निकाला। एक महिला रेल यात्री ने बताया कि चाय बेचने वालों ने कई लोगों को ट्रैक से दूर खींच लिया और कई लोगों को ट्रैक पर जाने से भी रोका।

## पत्नी को पीट कर पति ने किया घायल, मामला पहुंचा महिला थाना

**मेदिनीनगर** : तरहसी थाना क्षेत्र के भडरी गांव निवासी गुड्डू प्रसाद ने अपनी पत्नी काजल कुमारी को शनिवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल काजल कुमारी ने बताया की पांच दिन पहले उसके घर में एक बची जन्म ली है। बच्ची जन्म लेने पर उसका पति गुड्डू नाराज होकर बच्ची के जन्म लेने के दिन से ही मुझे प्रताड़ित करता रहता है। महिला ने बताया की शनिवार की सुबह बच्ची को लेकर हमारे और गुड्डू के बीच झगड़ा हो गया।इस बीच गुड्डू ने हमे लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर मेरे माता पिता जब हमारा ससुराल पहुंचे तो गुड्डू और उसके परिजनों ने हमारे माता पिता के साथ भी मारपीट की।

## एक झलक

### मनोज चंद्रा ने टंडवा के लोगों के लिए पानी आपूर्ति करने का बीड़ा उठाया

**चतरा :** भीषण गर्मी में टंडवा में पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। सभी प्राकृतिक जलस्रोत सूख जाने से यहां पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पेयजल समस्या की सूचना पर शनिवार को समाजसेवी और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने टंडवा के लोगों के लिए पानी आपूर्ति करने का बीड़ा उठाया है। लोगों ने रबा कि टंडवा एनटीपीसी द्वारा सीमित टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। कई क्षेत्रों में पानी नहीं मिल पा रहा था। भीषण गर्मी में पानी का हाहाकार मचने पर कई बार लोगों ने एनटीपीसी से टैंकर की संख्या बढ़ाने का मांग किया। इससे पानी के हाहाकार पर कुछ कमी आ सके लेकिन एनटीपीसी ने टैंकर की संख्या नहीं बढ़ाया, जिससे लोगों में नाराजगी थी। टंडवा में भीषण गर्मी में पानी के आपूर्ति के लिए मनोज चंद्रा आगे आये। उनके जरिये टैंकर से पानी आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि पानी के लिए अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

### बकरीद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**लोहरदगा :** बकरीद के मद्देनजर शनिवार को जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सदियों से मनाया जा रहा है। लोग इस त्यौहार में छिपे मूल उद्देश्य कुबार्नी को भूलते जा रहे हैं। इसकी मूल भावना को लोगों को बताये जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को इस तरह मनायें कि किसी की भी भावना को ठेस ना पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुबार्नी का कार्यक्रम किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। इसे लोग अपने घर के परिसर में ही करें। साथ ही जो भी अपशिष्ट बचता है उसका निपटान अच्छी तरह होना चाहिए। नगर परिषद इस दिशा में बेहतर व्यवस्था करे। शहर में पानी और बिजली की व्यवस्था नियमित रूप से मिलती रहे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहें। किसी भी प्रकार से शांति-व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहेंगे। कुबार्नी का अवशेष सही तरीके से हटवा देंगे।

### उपायुक्त के आदेश पर निजी अस्पताल सील

**मेदिनीनगर :** निजी नर्सिंग होम संचालकों के खिलाफ पलामू जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल डीसी को लगातार शिकायत मिल रही थी कि इस निजी नर्सिंग होम में नियम को ताक पर रखकर मरीज का इलाज और सर्जरी किया जाता है। इसी शिकायत पर पलामू उपायुक्त ने अस्पताल संचालक डॉ. कादिर परवेज के खिलाफ नोटिस जारी किया था। नोटिस का एक भी जवाब नहीं मिलने पर उपायुक्त के निर्देश पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन के नेतृत्व में गठित टीम गठित ने कार्रवाई की है और अस्पताल को सील कर दिया गया है। सील करने के दौरान मरीज को बाहर निकाल कर उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस पूरे मामले पर नगर आयुक्त ने कहा कि पूर्व में कई शिकायतें मिली थी, जिसकी जांच भी हुई थी।

# रक्तदान महादान, इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवन : अभिषेक आनंद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** विश्व रक्तदान दिवस को ले कर झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक के समीप दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड सभागार में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा, लायंस क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल एवं दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कौशल केंद्र के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर अतिथि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद मौजूद थे, इस अवसर पर उन्होंने कहा की रक्तदान महादान है, इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवन। रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत है। पुण्य के लिए दान तो बहुत करते हैं, लेकिन जो दूसरों की जिंदगी बचाए वो महादान है। रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बर्नवाल ने कहा की रक्तदान महादान है, रक्तदान के माध्यम से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वास्थ्य व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच की मंडल 1 की सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा की रक्तदान शिविर का आयोजन का कार्य पुनीत कार्य है। सभी रक्तदाता बधाई के पात्र हैं। जो ऐसे शिविरों में आ कर रक्तदान




कर पुण्य का हिस्सा बनते हैं। वहीं प्रेरणा शाखा की सचिव शीतल पोद्दार, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ सागरमाणी सेठ, श्री हनुमान संकिर्तन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक पदाधिकारी डॉ राम सागर सिंह ने कहा की रक्तदान करने से प्राप्त होने वाले रक्त को जरूरतमंद व्यक्ति को प्रदान कर उनके जीवन को बचा कर नई जिंदगी रूपी तोहफा दिया जाता है। कार्यक्रम का मंच संचालन नेहा कुमारी और लायंस क्लब के रीजनल चेयरपर्सन सुजीत अंबष्ठा ने संयुक्त रूप से किया, मौके पर दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जिला कौशल समन्वयक पिंटू कुमार, अधिकारी अजीत कुमार, शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, आलोक दुबे, उमाकांत पांडेय, अमितेश दुबे, राहुल कुमार, नवीन पाण्डे, मानी कुमारी, अनीता कुमारी, पूजा कुमारी, अनीशा कुमारी, नेहा यादव, पंचम राय, दामोदर प्रसाद, रंजीत कुमार, विपुल सिंह आदि मौजूद थें। कार्यक्रम के दौरान पहली बार रक्तदान देने वाले छात्र, छात्राओं के अलावा जिले में अधिक रक्तदान करने वाले रितेश माधव (78 बार), अंकित गुप्ता (49 बार), रितेश लोहनी (31 बार), विशाल सिंह (25 बार) के ने अतिथियों को पौधा दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर रितेश माधव और विशाल सिंह ने कहा की दो थैलेसीमिया मरीज बच्चों गायत्री कुमारी और श्रृष्टि कुमारी, को दिखा कर यह अपील की, की हर माह इन्हें 1-1 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में आप युवा शक्ति जो राष्ट्रीय शक्ति के रूप में जाने जाते हैं ऐसे में यह शपथ लें की थैलेसीमिया मुक्त भारत के लिए आप पहल करें तो इन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी।

## सीएमईजीपी के तहत 15 जुलाई तक 3500 लाभुकों को करें आच्छादित : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** शनिवार को वीडियो संवाद के माध्यम से उपायुक्त विजया जाधव ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। वीसी के माध्यम से वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य शामिल हुए। उपायुक्त ने क्रमवार विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, साइकिल वितरण योजना एवं अबुआ वीर दिशोम अभियान के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक माह में आगामी 15 जुलाई 2024 तक 3500 लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी बीडीओ,सीओ एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने विभाग द्वारा स्कूली छात्रों को दिए जाने वाले साइकिल योजना की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 18 हजार छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया जाना है। साइकिल का एसेंबल कार्य प्रगति पर है, लगभग छह हजार साइकिल वितरण को तैयार है। इस पर उपायुक्त ने तिथि निर्धारित करते हुए शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों,उनके प्रतिनिधियों,पंचायत प्रतिनिधियों आदि के माध्यम से शिविर लगाकर साइकिल का वितरण शुरू करने का निर्देश दिया। कहा कि जैसेझ्रजैसे साइकिल का एसेंबल कार्य पूरा होगा, वैसेझ्रवैसे साइकिल वितरण कार्य को भी पूरा करें। इस कार्य को जल्द पूरा करना है। उपायुक्त ने 11 जून से शुरू हुए अबुआ वीर दिशोम अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आहतार्धारियों से आवेदन प्राप्त कर योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया है।

## दी नेशनल क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड ने की प्रेस वार्ता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** देवघर स्थित दी नेशनल क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के प्रधान कार्यालय में सहकार भारती के द्वारा आयोजित 22 एवं 23 जून को प्रांतीय अधिवेशन निमित्त प्रेस वार्ता आयोजित हुई सहकार भारती के महामंत्री धनंजय सिंह ने विस्तार पूर्वक बताया कि दिनांक 22 और 23 जून को वायरे गार्डन देवघर में अधिवेशन होना सुनिश्चित है उक्त सुअवसर पर देवघर और संथाल के वासी सादर आमंत्रित हैं इस सत्र में कई तरह के व्याख्यान भी दिए जाएंगे जिसमें उपस्थित होकर लोग सहकारिता सम्बन्धित विविध जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उक्त अवसर पर मीडिया प्रभारी रितेश झा, राकेश चौधरी, विपुल दिव्या, शिवशंकर मंडल, अनुराग राय, सुरज झा आदि उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
शुद्धि पत्र
PR 325687 Road(24-25)#D में प्रकाशित निविदा सूचना सं0 RCD/Ranchi(Gramin)-01/2024-25 में निम्न रुप से संशोधित की जाती है।

| क्रं0 | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि 18.06.2024 को कार्यालय अवधि में। | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि 27.06.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 2. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 19.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 28.06.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.06.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक। | निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.06.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक। |

शेष शर्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR 326590 Road(24-25)D


## विशेष शिविर में ऑन स्पॉट निष्पादित हुए दर्जनों मामले



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** शनिवार को जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों की अगुवाई में ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन चास, चंदनकियारी, गोमिया, बेरमो, जरीडीह, नावाडीह, चंद्रपुरा, कसमार एवं पेटरवार प्रखंड परिसर में किया गया। पदाधिकारियों ने प्रखंड परिसर में लगे विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार बीडीओ,सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी। मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नये आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड में सुधार, नया बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड का बैंक खाता से मैपिंग करने, सुकन्या योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, एस.एच.जी बैंक क्रेडिट लिकेंज, मनरेगा जाब कार्ड, मनरेगा के तहत आधार सिडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, राशन कार्ड में नाम सुधार हेतु, राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, अबुआ आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), बैंक केवाइसी, आयुष्माण कार्ड, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, कृषि यंत्र योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम को बनायें सफल : निदेशक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** पूरे राज्य में आगामी 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में जिले में भी जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने बोकारो परिसदन में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सभी सीडीपीओ के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने को लेकर जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। बैठक में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा से जागरूकता अभियान की तैयारियों की जानकारी ली। कहा कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जागरूकता अभियान को सफल बनाना है। तिथिवार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, तिथिवार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसमें समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी विभाग आम जन मानस के बीच जागरूकता को लेकर का कार्यक्रम आयोजित करेंगे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –05/2024–25

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.06.2024 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.06.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 25.06.2024 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

• कार्य की विवरणी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | शौचालय की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (DMFT Head) | 55 Nos. | 10,09,250.00 | 20,500.00 | 2500.00 | एक माह |
| 2 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (जिला योजना अनाबद्ध मद) | 55 Nos. | 10,09,250.00 | 20,500.00 | 2500.00 | एक माह |
| 3 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (जिला योजना अनाबद्ध मद) | 24 Nos. | 4,40,400.00 | 9,000.00 | 1,250.00 | एक माह |

नोट :– निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु प्रमण्डल कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गुमला।

PR 326603 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


## प्रदेश जिला परिषद संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम चम्पाई सोरेन से मिला

## डीआरडीए प्रशासन से योजना बंद होने के उपरांत विसंगतियों को दूर करने की मांग

- डीआरडीए कर्मियों का दूसरे राज्यों में जिप में विलय हुआ और राज्य सरकार कर्मी में समायोजन, लेकिन झारखण्ड में किया गया नजरअंदाज : रामधन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला परिषद संघ, झारखण्ड के अध्यक्ष जॉयस बेसरा के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उमेश प्रसाद मेहता, शारदा सिंह, देवनारायण यादव शामिल थे। कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से कोडरमा जिले में लंबित योजनाओ और विकास योजनाओं को लेकर वार्ता हुई। साथ ही जिला परिषद के जनकल्याणकारी योजनाओ में विभागीय स्तर से आ रही तकनीकी समस्याओ को दूर करने की मांग की गई। सीएम ने मांगो पर गंभीरता से समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रदेश जिला परिषद अध्यक्ष संघ ने सीएम से डीआरडीए कर्मियों के जिला परिषद में समायोजन का फामूर्ला न्यायसंगत नही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकाले गए संकल्प में कई विसंगती है। जिसमें सरकार के स्तर से प्रावधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीआरडीए कर्मियों को दूसरे राज्यों में जिला परिषद में विलय हुआ है और राज्य सरकार कर्मी के रूप में समायोजन किया गया। लेकिन झारखण्ड में नजरअंदाज किया गया है। प्रदेश जिला परिषद संघ ने सीएम से मिलकर केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना बंद होने के उपरांत ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पत्र 11/01/2021/2078 में झारखण्ड पंचायती राज्य अधिनियम की धारा 77(ख) का पूर्ण रूप से अनुपालन नही करने और विसंगतियों को अविलंब दूर करने की मांग की गयी है।


GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.
E-mail: eenhgumlajhr@gmail.com, eenhgumla-jhr@nic.in

NIT No. NH/GUMLA/Road SAFETY/01/2024-25 Dated: 14.06.2024

Very Short Term Tender Notice

Application in the prescribed format form eligible road safety consultants for Request for Road Safety Consultancy mode are invited for following project in one bid systems,

| Sl. No. | Name of Work | State | Length | Cost of RFP document in Rs | Period of assignment |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rectification of Notified Black spot using long term measure conducting Road Safety Audit, framing of estimate for the civil works in (i)Km 7.900 to Km 9.000 (Jodajam, Silam in Gumla) of NH -78 (ii) Km 57.000 to Km 57.930 (Devdih) of NH-143A in the State of Jharkhand. | Jharkhand | Approx. 2.030 km | 5,000/- | 30(Thirty) Days |

Important Dates.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Notice Inviting RFP | 14.06.2024 |
| 2. | Period of Sale of Bid Document | From 18.06.2024 10:00 HRS to 25.06.2024upto15:00 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 3. | Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original | 25.06.2024, up to 15.00 HRS Office of the Chief Engineer, NH Wing, Jharkhand, Ranchi. |
| 4. | Time and Date of Opening Bid (RFP) | Date 26.06.2024 15:30 HRSThrough official portal of: [https:// eprocure.gov.in] |
| 5. | Place of Opening of Bids | Office of the Chief Engineer, NH Wing, Jharkhand, Ranchi Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in/] |
| 6. | Office Inviting Bids | Executive Engineer NH Division, Gumla. |

(a) The applicants have to submit their proposal along with CV of Road Safety Expert in the sealed envelope (Separate of technical & financial quote as per TOR) on or before 25.06.2024(Tuesday) by 15:00Hrs in the office of (i)Regional Office Nandi Villa (1st Floor) 199/c, Vidyalaya Marg Road No. 1, Ashok Nagar, Ranchi-02. (ii) Chief Engineer, National Highways wing, (Road construction department), Engineer's Hostel, Ranchi, Jharkhand and will be opened on 26.06.2024(Wednesday) at 15:30 hrs in the office of Chief Engineer, National Highways wing, (Road construction department), Engineer's Hostel, Ranchi, Jharkhand.

(b.) The detailed terms and conditions can be obtained from the executive engineer office, NH division, Gumla from 18.06.2024 to 25.06.2024 on any working day between 10:00 Hrs to 15:00 Hrs or can be downloaded from official portal of the CPPP website https://eprocure.gov.in/eprocure/app.

©. Bid documentsCopy of online receipt towards payment of cost of Bid document of Rs.5,000/- (Rupees Five Thousand Only) paid through Bharatkosh to ["Pay & Accounts Officer, Ministry of Road Transport and Highway Kolkata"] payable at Kolkata towards cost of Biddocument; (PAO Code Number- 034756 and DDO Code- 202122).

(d) The bid/tender inviting authority reserves the right to accept/reject any or all the bids without assigning any reason thereof.

Sd/-
Executive Engineer
NH Division Gumla

PR 326591 Road(24-25)#D


## कोडरमा में अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा, वैशाली से 04 बदमाश गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र में गिरिडीह रोड स्थित विधायक आवास के समीप से विगत 11 जून को स्कॉर्पियो चोरी मामले का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शनिवार को बताया कि चोरी गए स्कॉर्पियो की बरामदगी को लेकर कोडरमा एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि 11 जून को स्कॉर्पियो संख्या (जेएच 12 एल 9248) की चोरी के बाद कोडरमा थाना में प्राथमिक की दर्ज हुई थी। इस




मामले के उद्भेदन को लेकर एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल ने बिहार के वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने में उपयोग किए गए स्विफ्ट कार के साथ चार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि चोर गिरोह के द्वारा स्विफ्ट कार से चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले रेकी किया जाता था। इसके बाद मौका मिलने पर वाहन की चोरी कर इसे मुजफ्फरपुर के गैरेज में ले जाकर गाड़ी के पार्ट्स पुर्जा को अलग कर दूसरे वाहनों में लगा दिया जाता था। पुलिस की टीम ने छापेमारी के दौरान मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा में स्थित एक गैरेज से चोरी हुए स्कॉर्पियो के पार्ट्स को दूसरे स्कॉर्पियो संख्या (बीआर 09 पीए 4405) में फिटिंग करते हुए गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार के वैशाली जिला के महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी रमेश कुमार (32), ओमप्रकाश पासवान (34), अविनाश कुमार (24) और विकास कुमार (33) शामिल हैं। पुलिस ने गैरेज से चोरी हुए स्कॉर्पियो के पार्ट्स और जीपीएस सिस्टम बरामद किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस की छापेमारी से पहले गैरेज का मालिक फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर उसकी तलाश कर रही है। एसपी ने बताया कि इस गिरोह ने पहले भी जिले में एक ट्रक और एक पिकअप वाहन के चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले के उद्भेदन में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, शशि भूषण कुमार समेत तकनीकी शाखा के कर्मियों की भूमिका रही।

## एक झलक

### कार से पांच लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवादा :** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में नवादा बाईपास के अर्चना होटल के निकट शनिवार को विदेशी शराब लदे कार ने टक्कर मार दी। कार को जब्त कर लिया गया है। कार से लगभग 5 लाख रुपए मूल्य की शराब बरामद की गई ।कार चालक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।गिरफ्तार युवक नवादा जिले के मुहफस्सिल थानाक्षेत्र के कौशल कुमार है। रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष ने बताया कि एनएच-20 अर्चना होटल के समीप खड़ी बोलेनो कार में शराब लदी कार ने ठोकर मार दी। ठोकर लगने के बाद शराब लदी कार और बोलेनो कार सवार आपस मे झगड़ा करने लगे,जिसकी सूचना रजौली थाने को दी गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर एएसआई मोतीलाल मालाकार पहुँचे और घटना की जानकारी लेने लगे। कार की तलाशी लेने के क्रम में कार में रॉयल स्टैग कंपनी के 375 एमएल का 86 बोतल विदेशी शराब पाया गया। कई महंगी कंपनी के शराब में बरामद किए गए हैं,जिसके बाद उक्त कार को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि जब्त कार और गिरफ्तार चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप वाहन ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक- खलासी घायल

**अररिया :** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के एनएच 57 फोरलेन सड़क पर आबिद बाबू पेट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे खड़े मालवाहक ट्रक में पीछे से पिकअप गाड़ी ने ठोकर मार दी ।जिसमे पिकअप वाहन के चालक समेत खलासी बुरी तरह जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जहां पिकअप वाहन का सामने से पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। मालवाहक ट्रक का पीछे का भाग पूरी तरह धंस गया ।हादसे के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई ।जहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने ई रिक्शा को रुकवाकर दोनों घायलों को इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है ।घायल पिकअप का ड्राइवर और खलासी उत्तरप्रदेश के बनारस का रहने वाला है और भागलपुर से पिकअप गाड़ी पर माला लोडकर बनारस जा रहा था ।इसी क्रम में आबिद बाबू पंप के पास हादसे का शिकार हो गया ।ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद वाहन चलाने के दौरान ड्राइवर को झपकी लग गया हो,जिसके कारण सड़क के किनारे खड़े ट्रक में ठोकर मार दिया। अस्पताल में भर्ती घायल में 30 साल का राहुल गुप्ता पिता- गोल्डन गुप्ता,उत्तरप्रदेश के बनारस के बीएलडब्ल्यू गेट के समीप का रहने वाला है ।वहीं दूसरा बनारस शिवदासपुर के लड़तारा का रहने वाला 26 वर्षीय लक्ष्य सिंह पिता - धनंजय सिह है ।दोनों यूपी नंबर के पीकअप वाहन संख्या - यूपी 65सी/टी 9468 को लेकर बनारस की ओर जा रहे थे ।वहीं सड़क के किनारे खड़े ट्रक संख्या टीएन 04एवी 5938 है ।सूचना के बाद फारबिसगंज थाना पुलिस अस्पताल और घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना :** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में बिहार में मधेपुरा जिले के पथराहा गांव के रहने वाले सेना के हवलदार पवन कुमार के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदन व्यक्त की है। नीतीश ने शोक संदेश में कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शाक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। सीएम ने कहा कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य अनुग्रह अनुदान दिया ।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिला जज,डीएम व एसपी ने विधि विवादित किशोरों के आवासन स्थल मोतिहारी पर्यवेक्षण गृह का संयुक्त निरीक्षण किया । इस दौरान इनलोगो ने विधि विवादित किशोरों हेतु उपलब्ध करायी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान गृह में उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन के गुणवता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते गृह के साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद को निदेश दिया कि मामलों को अविलंव निष्पादन करना सुनिश्चित करे। इन्होने संयुक्त रूप से आवासित किशोरों को जीवन में पूर्व की गलतियों को भूलाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान गृह में कुल 67 किशोर आवासित थे। इस अवसर पर बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।



## एक लाख लीटर क्षमता का सुधा डेयरी प्लांट के लिए राजस्व विभाग ने 10.81 एकड़ भूमि का किया स्थानांतरण

**गोपालगंज :** जिले के कटेया में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के तहत 1 लाख लीटर दूध के प्रतिदिन क्षमता वाले प्रसंस्करण यूनिट बनने का रास्ता साफ हो गया। कटेया अंचल के मौजा बैरिया में 10 .81 एकड़ में सुधा का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र लगेगा। इसके लिए राजस्व व भूमि सुधार विभाग ने पशु मत्स्य संसाधन विभाग को स्थानांतरण कर दिया,जिससे कटेया में प्लांट लगने से सुधा निमिर्त प्रोडेक्ट पूर्वी यूपी गोरखपुर, कुशीनगर, पडरौना, देवरिया तक भेजने में कंपनी को सुविधा होगी। सुधा डेयरी से शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता का दूध और दूध से बने पदार्थ उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। साथ ही ग्रामीण स्तर पर दुग्ध बिक्री का बाजार विकसित होगा। जानकारी के अनुसार डेयरी की क्षमता एक लाख लीटर दूध प्रतिदिन की होगी। डेयरी की लागत एक अरब 3 करोड़ 16 लाख रुपये बताई जा रही है। इससे अधिक भी लगने की संभावना व्यक्त गई है। पोषण के लिए लोगों की निर्भरता दूध पर बढ़ी है। इस वजह से दूध की मांग में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में दूध उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए प्रयास जारी हैं। इस बीच 1 लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसको लेकर तिमूल ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है, जिसके लेकर तिरहुत दूध उत्पादन सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंधक फूल कुमार झा ने अधिकारियों साथ स्थल का निरीक्षण भी किया गया था। उन्होंने बताया कि तिमूल मुजफ्फरपुर की संग्रहण क्षमता का विस्तार किया जाएगा। दुधारू पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए इस पर विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सवा दो लाख लीटर का संग्रह किया जा रहा है इसे बढ़ाकर 10 लाख लीटर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिमूल के अंदर सात जिले शामिल है। जहां जाकर दूध उत्पादन करने वाले किसानों के साथ बैठक कर उनसे जानकारी ली जाएगी। इसके साथ पंचायत स्तर पर संचालित समितियों को बढ़ाने के लिए उन्हें मिलने वाले सुविधा को बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर समिति बनाई जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने 50 बार से अधिक रक्तदान करने वाले दो युवाओं को किया सम्मानित



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी शाखा के अध्यक्ष यमुना सीकरीया के द्वारा मंच के दो सदस्य दीपक अग्रवाल व रवि अग्रवाल को रक्त वीर सम्मान से सम्मानित किया गया। दोनों रक्त वीरों ने करीब 50- 50 बार रक्तदान किया है। मौके पर यमुना सीकरिया ने बताया कि यह सम्मान अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, दिल्ली के सौजन्य से इन दोनों रक्त वीरों को प्रदान करने के लिए भेजा गया था। कार्यक्रम के दौराम जरूरत मंदों को रक्त की व्यवस्था कराने वाले अनिरुद्ध लोहिया को भी सम्मानित किया गया। मंच

## नालंदा में टोटो चालक की ईंट-पत्थर से कुचल कर हत्या

एजेंसी

**बिहारशरीफ :** नालंदा में एक टोटो चालक की विभत्स तरीके से अपराधियों ने जान ले ली। अपराधियों ने चालक के मृत शरीर को रहुई थाना क्षेत्र के पितौंजिया गांव कचड़ा संग्रहण केन्द्र में फेंक दिया। बॉडी को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि ईंट पत्थर से वार कर उसकी जान ली गई हो। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के तुंगी गांव निवासी सिया पासवान का 32 वर्षीय पुत्र रंजय पासवान के रूप में की गई है। रंजय पासवान टोटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। कल से उसका टोटो और मोबाइल भी गायब था ।मृतक के भाई चंद्रशेखर पासवान ने बताया कि हर दिन 12 बजे दिन में घर आकर फिर शाम में निकलता था। मगर शुक्रवार को दोपहर घर नहीं पहुंचा । कुछ देर बाद जब परिवार वालों ने फोन लगाया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया। उसकी काफी खोजबीन की गई ।खोजबीन करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच रहुई थाना पुलिस ने फोन कर उसे मोबाइल पर शव पहचान करने को बुलाया। इसके बाद उसने अपने भाई के शव की पहचान की। परिवार वालों को आशंका है कि बदमाश टोटो छीनने के बहाने रिजर्व कर यहां लाकर हत्या करने के बाद टोटो और मोबाइल फोन लेकर चला गया। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सिंह ने बताया कि शरीर और चेहरे पर गहरे जख्म के निशान हैं। इससे पता चलता है कि ईंट पत्थर से वार कर हत्या की गई है। मृतक टोटो चलता था। शव का पोस्टमार्टम कर उसके परिजन के हवाले कर दिया गया है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।




## गंडक नहर में छोड़ा पानी किसानों को मिली राहत

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** तेज धूप से तपती धरती से चितिंत किसानो के लिए राहत की खबर है। गंडक विभाग ने रोस्टर के दो दिन बाद गंडक नहर में पानी छोड़ दिया है। शुरूआती दौर में वाल्मीकी नगर बैराज से मुख्य पूर्वी कैनाल में 15 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया।विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दो-तीन मे दिन में गंडक के सभी नहरों के हेड से टेल तक पानी पहुंचा दिया जायेगा। उल्लेखनीय है,कि नहर में पानी छोड़े जाने से पिछड़ रहे खरीफ की खेती विशेषकर धान का बिचड़ा गिराने और रोपाई करने में किसानो को काफी राहत मिलेगी। वहीं नहर का पानी पाकर किसान गदगद हो गए हैं। किसानों का कहना है कि नहर में कुछ देरी से पानी छोड़ा गया लेकिन पानी मिलने से खेती काम रफ्तार पकड़ेगी। बताते चले कि अधीक्षण अभियंता कार्यालय ने 1 जून को नहर में पानी छोड़ने का रोस्टर जारी किया था। हालांकि बैराज व नहरों का निरीक्षण नही हो पाने के कारण पानी बिलंब से छोड़ा गया है। गंडक विभाग के जेई राकेश कुमार ने बताया कि घोड़ासहन नहर में 1 हजार क्यूसेक पानी का डिमांड की गई है।



## पुलिस लाइन में स्थानीय लोगों और सिपाही के बीच जमकर हुई मारपीट

एजेंसी

**किशनगंज :** नगर परिषद क्षेत्र के घोड़ामारा में एक स्थानीय युवक से पुलिस लाइन में सिपाही पूछताछ कर रहे थे। इस बीच युवक के परिजन सिपाहियों के साथ भीड़ गए और दोनों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लोग लाठी डंडे से मारपीट करते हुए नजर आ रहे है। युवक घोड़ामारा पुलिस लाईन निवासी अमरजीत कुमार दास है। मामले को लेकर युवक ने बताया कि वह कोचिंग से पढ़ कर घर लौट रहा था, जहां पुलिस ने उसे पुलिस लाइन के पास रोका और कागजात की जांच की। वहीं उसके बाइक और मोबाइल को जब्त कर लिया गया। जिसके बाद उसने अपने परिजन को मामले की जानकारी दी, जब वे लोग पुलिस लाइन पहुंचे तो उसकी मां मधु देवी के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद पीड़ित युवक के परिजनों ने एसडीपीओ गौतम कुमार को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर शनिवार को एसपी सागर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है।



### नालंदा में दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ :** नालंदा में सेमी ऑटोमेटिक जैसे घातक हथियार को लोड कर बाइक ड्राइव कर रहे दो बदमाश को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक मैगजीन दो एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी सडीपीओ- 2 संजय कुमार जायसवाल ने शनिवार को दी। हथियार कारतूस के साथ गिरफ्तार होने वालों में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के रहीम गांव निवासी अजीत कुमार एवं पटना जिले के बेलछी थाना क्षेत्र के रासबाग गांव निवासी पंकज कुमार शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि भागन बीघा ओपी अध्यक्ष पंकज कुमार नियमित वाहन चेकिंग कर रहे थे।

## बिहार के पश्चिम और दक्षिण भाग में हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**पटना :** प्रदेश के पश्चिम और दक्षिण भाग में अगले 24 घंटों के लिए हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना के साथ यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में विशेष कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस कमी होने के आसार हैं। पटना मौसम विज्ञान केंद्र से जारी पूवार्नुमान के मुताबिक अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिलों के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं, जिसमें हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की होने की बात बताई जा रही है। बिहार के सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47 .2 डिग्री से बक्सर में एवं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22 .5 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उनमें पटना 42 .8, गया 45 .3, छपरा 42 .6, डेहरी 45 .6,शेखपुरा 42 .4, गोपालगंज 41 .5, जमुई 41 .6, बक्सर 45 .9, भोजपुर 45 .2, वैशाली 43 .5, औरंगाबाद 45 .4, नवादा 43 .6, राजगीर 44 .6, जीरादेई 40 .0, अरवल 45 .1,बिक्रमगंज 44 .5 और मुंगेर 40 .6 डिग्री सेल्सियस है। इसके अलावा भागलपुर 37 .2,पूर्णिया 32 .4, मुजफ्फरपुर 36 . 0, बाल्मीकि नगर 38 .6, दरभंगा 35 .2 ,सुपौल 32 .6, फारबिसगंज 34 .2, मधुबनी 34 .2, मोतिहारी 36 .0, बेगूसराय 37 .2, बांका 38 .6, कटिहार 32 .4, अररिया 30 .5, पूसा 36 .4 और किशनगंज 28 .0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। राज्य के बक्सर एवं भोजपुर में अधिकतम तापमान 45 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। भीषण उष्ण लहर गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, नवादा, राजगीर, सीवान एवं अरवल में जबकि उष्ण लहर पटना, सारण, डेहरी, मोतिहारी, शेखपुरा, गोपालगंज, बिक्रमगंज एवं मुंगेर में दर्ज किया गया।

## ट्राई साइकिल के लिए अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रही दिव्यांग महिला



एजेंसी

**भागलपुर :** बैट्री चालित रिक्शा के लिए एक दिव्यांग महिला अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काटने के लिए विवश हैं। शनिवार को भी दिव्यांग महिला अपने पति जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। पति-पत्नी बीते दो महीने से जिलाधिकारी के कार्यालय की चक्कर लगा रहे हैं। कई बार उन्होंने लिखित शिकायत भी की है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। पत्नी 80 प्रतिशत विकलांग है। पति मजदूरी कर घर का भरण पोषण करते हैं। अग्निकांड हादसे में घर में रखे सारे सामान जलकर राख हो गए थे। सरकार के तरफ से दिए गए ट्राई साइकिल भी इस हादसे का शिकार हुआ था। जो पूरी तरह जलकर खाक गया। अब महिला को आने जाने की कोई साधन नहीं है। ट्राई साइकिल के लिए विकलांग महिला पिछले दो महीने से जिला अधिकारी के कार्यालय का चक्कर लगा रही है। लेकिन अभी तक उसे ट्राई साइकिल मुहैया नहीं कराया गया है। भीषण गर्मी के बीच पति अपनी पत्नी को गोद में लिए जिला अधिकारी के कार्यालय शनिवार को पहुंचे।

## आज रात की मध्य रात्रि से खनन पर लगेगा विराम, होगी सघन जांच

एजेंसी

**किशनगंज :** निर्देशक खान एवं भूतत्व बिभाग, बिहार सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 15 जून के मध्य रात्रि से जिले में खनन कार्य पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने उक्त आशय का आदेश जारी करते हुए बताया कि मानसून अवधि में 15 जून की मध्य रात्रि से 15 अक्टूबर 2024 तक जिले में बंदोबस्त बालू घाटों में बालू खनन पर रोक लगाई जाती है। खनिज विकास पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि मानसून अवधि में बालू खनन पर रोक लगाने एवं अवैध भंडारण की जांच हेतु एक जांच दल का गठन किया गया है। उक्त आशय का आदेश जारी करते हुए उन्होंने बताया कि गठित जांच दल द्वारा निर्धारित गहराई तक खनन, पर्यावरणीय स्वीकृति क्षेत्र से बाहर खनन, वास्तविक खनन योजना के अनुरूप कार्य किया गया है अथवा नही की सघन जांच करेंगे। साथ ही यह भी जांच किया जाएगा कि भंडारण की आपूर्ति रेगुलर सेप एवं बेंच वाइज हो जिससे आयतन मापी में आसानी हो सके। जांच दल भण्डारण अनुज्ञप्ति एवं सेकेंडरी लोडिंग का भी जांच करेगी।



## बिहार के सारण में अयोध्या से लौट रहे दम्पति की कार में लगी आग, पत्नी की जिंदा जल कर मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र के एसएच 104 स्थित बगही गांव के पास पति के सामने ही पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। दम्पति अयोध्या से रामलला के दर्शन कर कार से लौट रहा था। रास्ते में कार में आग लग गई और पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि पति की किसी तरह से जान बच गई। मृतका की पहचान अवतार नगर के पकवलिया गांव निवासी दीपक राय की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपक राय और उनकी पत्नी सोनी देवी अयोध्या गए थे। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान बगही गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार में आग लग गई। कार में आग लगने के बाद दीपक तो किसी तरह से कार से बाहर निकल गया लेकिन पिछली सीट पर सो रही सोनी देवी अंदर ही फंस गई। आग लगने के बाद कार का दरवाजा लॉक हो गया था। लाख कोशिश के बाद भी दीपक पत्नी सोनी को कार से बाहर नहीं निकाल पाया और उसके सामने ही उसकी जलकर मौत हो गई।



# साहित्य अकादमी से नारायणजी को बाल व रिंकी को युवा पुरस्कार की घोषणा

एजेंसी

**मधुबनी :** जिला के घोघरडीहा निवासी डॉ नारायण जी को साहित्य अकादमी नई दिल्ली का बाल व ननौर गांव की रिंकी झा ऋषिका को युवा पुरस्कार की घोषणा शनिवार को हुई। जिला के दोनो साहित्यकार को चहुंओर से शुभकामनाएं दी जा रही। साहित्य अकादेमी द्वारा मैथिली भाषा में बाल व युवा पुरस्कार की घोषणा से बुद्धिजीवी व विद्वतगण गदगद उत्साहित आनन्दित गौरवान्वित हैं। साहित्यकार अजित आजाद ने बताया कि मैथिली के प्रसिद्ध कवि कथाकार डॉ नारायण जी को उनके बाल कथा-संग्रह अनार हेतु साहित्य अकादमी का बाल पुरस्कार की घोषणा शनिवार को हुई। जिला के घोघरडीहा गांव निवासी डॉ नारायण जी की पहली कविता-संग्रह वर्ष 1993 में हम घर घुरि रहल छी प्रकाशित हुई थी। डा नारायण जी की चार कविता-संग्रह प्रकाशित हुई। मैथिली भाषा साहित्य में इनकी सारगर्भित कथा रचना भी चर्चित रहा। इनकी कथा संग्रह चित्र व सांझबाती प्रकाशित हैं। डॉ नारायणजी ने समीक्षाएं और बाल कहानियां भी लिखी। अनार' को बाल साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कहानी-संग्रह माना गया है। बताया कि चेतना समिति पटना से माहेश्वरी सिंह महेश पुरस्कार और कीर्तिनारायण मिश्र साहित्य सम्मान प्राप्त डॉ नारायणजी पेशे से किसान हैं। गांव में रहकर ही देसी-विदेशी साहित्य का अध्ययन करते हैं।






## तालाब में बदमाशों ने दिया जहर, सारी मछलियां मरी



एजेंसी

**भागलपुर :** जिले में लोदीपुर थाना क्षेत्र के गुहारिये गांव स्थित चमरिया तालाब में बदमाशों ने जहर दे दिया। जिससे तालाब की सारी मछलियां मर गई। यह तालाब 1 एकड़ 40 डिसमिल में फैला हुआ है। इस तालाब में छोटे लाल मंडल पिता स्व कंचन मंडल मछली पालन करते हैं। पीड़ित कहते हैं कि विगत 13 जून को रात्रि के करीब 11 बजे मेरे गांव के ही चंदन मंडल, तिरंगा मंडल और इन्द्रदेव मंडल ने मेरे पोखर में जहर दे दिया और भाग गया। देखते ही देखते करीब पांच क्विंटल मछली मर कर किनारे आ गया। वहीं अभी मछली छोटी है तो करीब 2 लाख का नुकसान हुआ है। लेकिन आंकड़ा करीब 10 लाख के पार है। पीड़ित छोटे लाल मंडल ने इसकी लिखित शिकायत लोदीपुर थाना में किया है। स्थल निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन भारत के रोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह पहुंचे और संबंधित पदाधिकारियों से बात कर उचित मुआवजे की मांग की।

### ट्रैक्टर चालक के विवाद में पीट पीटकर 64 वर्षीय बच्चू अंसारी की हत्या

**अररिया :** फारबिसगंज के रामपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या-11 अंसारी टोला में पूर्व से चले आ रहे विवाद के बीच ट्रैक्टर चालक को लेकर हुए विवाद में शनिवार को 64 वर्षीय बच्चू अंसारी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। पिटाई के दौरान चाचा के बचाव में गए मुख्तार अंसारी की भी पिटाई की गई। जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। जानकारी के बाद फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा,थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष रौनक कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया ।

# टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड ने जीती रोमांचक बाजी




एजेंसी

**किंग्सटन** : दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को टी-20 विश्व कप मैच में यहां एक रोमांचक मुकाबले में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 115 रन बनाए, जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 114 रन ही बना सकी। 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की शुरूआत खराब रही और आठवें ओवर में 35 के कुल स्कोर पर कुशल भुरतल (13) और कप्तान रोहित पौडेल (00) को तमरेज शम्सी ने पवेलियन भेज दिया। यहां से आशिफ शेख और अनिल साह ने 50 रनों की साझेदारी कर नेपाल को मुसीबत से निकाला। एडन मार्करम ने अनिल साह को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनिल ने 24 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की बदौलत 27 रन बनाए। हालांकि इसके बाद शम्सी ने दीपेंद्र सिंह आरी (06) और आशिफ शेख को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को मैच में वापसी दिला दी। आसिफ ने 49 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 42 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 19वें ओवर में एनरिक नाट्र्जे ने कुशल मल्ला (01) को बोल्ड कर नेपाल को छठा झटका दिया। यहां से नेपाल को 10 गेंदों में जीत के लिए 16 रनों की आवश्यकता थी। सोमपाल कामी अगली 4 गेंदों पर 8 रन बनाकर नेपाल को मैच में वापसी दिला दी। आखिरी ओवर में जीत के लिए नेपाल को 8 रन की जरूरत थी। ओटनेल बार्टमेन आखिरी ओवर लेकर आए, गुलशन झा ने पांच गेंदों पर 6 रन जोड़े। आखिरी गेंद पर नेपाल को जीत के लिए 2 रन चाहिए थे, लेकिन गुलशन इस गेंद पर रन आउट हो गए और नेपाल को 1 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ नेपाली खिलाड़ियों सहित स्टेडियम में मौजूद नेपाली प्रसंशकों के आंखों में भी आंसू आ गए। दक्षिण अफ्रीका के लिए तबरेज शम्सी ने 4, एडन मार्करम और एनरिक नाट्र्जे ने 1-1 विकेट लिया।







### दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में बनाये 115 रन

**इससे** पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रीजा हैंड्रिक्स ने 43 और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 27 रन बनाए। इन दोनों के अलावा क्विंटन डी कॉक ने 10 और कप्तान एडन मार्करम ने 15 रन बनाए। नेपाल की ओर से कुशल भुरतल ने 4 और दीपेंद्र सिंह ने 3 विकेट लिये।

### न्यूजीलैंड ने युगांडा को 09 विकेट से हराया

**त्रिनिदाद** में खेले गए एक अन्य मुकाबले में न्यूजीलैंड ने युगांडा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## एक झलक

### सैमसन को अंतिम ग्यारह में शामिल करें : श्रीसंत

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीसंत के अनुसार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को अब तक टी20 विश्व मैचों में खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे में अब उन्हें सुपर आठ के मैचों में अंतिम ग्यारह में जगह देनी चाहिये। श्रीसंत के अनुसार सैमसन को शिवम दुबे की जगह पर भी शामिल किया जा सकता है। सैमसन के आने से भारतीय टीम की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। वह एक अच्छे विकेट और फील्डर हैं। इसके साथ ही वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेल सकते हैं। सैमसन को अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से हो रहे विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है पर अब तक उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला है। सैमसन को आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के चलते टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में जगह मिली थी। वह बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे थे पर न्यूयॉर्क की कठिन पिच पर विफल रहे। विश्व कप के पहले तीन मैचों के दौरान सैमसन और युवा यशस्वी जयसवाल को भी बाहर ही बैठना पड़ा था।

### इटालियन ओपन गोल्फ में संयुक्त चौथे स्थान पर रही दीक्षा

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दीक्षा ने इस टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला इससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गयी हैं। दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। वहीं इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वाणी कपूर संयुक्त 30वें स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक को संयुक्त 41 वां स्थान मिला। वहीं दूसरी ओर मीजर एलपीजीए क्लासिक में भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक संयुक्त 16वें स्थान पर है। अदिति ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला।

### सिद्धू की नकल उतारते हुए दिखे हरभजन

**न्यूयॉर्क** : पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सोशल मीडिया पर एक मजाकिया वीडियो साझा किया है। इसमें दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर पूर्व बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू की नकल करते हुए नजर आ रहे हैं। इस इस वीडियो को लोगों ने काफी पसंद भी किया है। कार्तिक ने जो वीडियो साझा किया है, उसमें हरभजन सिंह के साथ ही नवजोत सिंह सिद्धू और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में हरभजन ने सिद्धू के अंदाज में ऐसा डायलॉग मारा कि स्वयं सिद्धू भी शरमा गए। हरभजन ने कहा,चिड़िया का एक पंख काट दो तो वह उड़ नहीं सकती। वहां पर बारिश नहीं रूकी तो इसका मतलब ये नहीं कि हम नहीं जाएंगे।

## हॉकी इंडिया ने वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर जताया शोक




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने शनिवार को वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शनिवार सुबह नई दिल्ली में उनका निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। पेशे से तीन दशक से ज्यादा समय तक जुड़े हरपाल सिंह बेदी ने कई अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के अलावा आठ ओलंपिक खेलों और नौ एशियाई खेलों को भी कवर किया है। उन्होंने भारत में आयोजित प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के सभी तीन संस्करणों को भी कवर किया। उन्होंने 2010 में नई दिल्ली में, 2018 में भुवनेश्वर में और 2023 में भुवनेश्वर-राउरकेला में आयोजित सबसे हालिया आयोजन को कवर किया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हरपाल सिंह बेदी भारतीय हॉकी के बहुत बड़े समर्थक थे। हॉकी जगत में भी उनका बहुत सम्मान था। एक खिलाड़ी के रूप में मेरे दिनों के दौरान, हम खेल के बारे में कई विचारों और भावनाओं का आदान-प्रदान करते थे और इस बात पर विचार करते थे कि हम खेल को और कैसे बेहतर बना सकते हैं ताकि देश को और अधिक सम्मान मिल सके।

## अफगानिस्तान के पास विश्वकप जीतने का अवसर : कैफ

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने टी20 विश्वकप में अब तक किये प्रदर्शन के लिए उसकी प्रशंसा की है। कैफ के अनुसार वर्तमान हालातों में अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप जीतने की दावेदार बनती जा रही है। राशिद की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम ने 3 मुकाबले जीतकर सुपर-8 में प्रवेश किया है। कैफ ने एक शो के दौरान कहा कि अफगानिस्तान अच्छी फॉर्म में है और मौजूदा हालातों में उसे हराना कठिन होगा। इसकी एक वजह यह भी है कि उन्होंने वेस्टइंडीज में दो से तीन सप्ताह से अधिक समय बिताया है जिस वजह से उन्हें इस पिच और हालातों का अंदाजा हो गया है। वह बाकी मैचों में भी इसका लाभ उठाने के प्रयास करेंगे। कैफ ने कहा कि अफगानिस्तान टीम इस समय अच्छी लय में है। उनकी गेंदबाजी फॉर्म में है। फजलहक फारूकी ने 5 विकेट भी लिए हैं और राशिद खान भी फॉर्म में हैं। इसके अलावा अगर दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की बात करें तो वे भी शानदार फॉर्म में हैं। अफगानिस्तान इन हालातों में विश्व कप जीत सकती है। वे अपने सभी मैच वेस्टइंडीज में ही खेले हैं। वे अमेरिका गए ही नहीं। वहां 2 या 3 सप्ताह बिताने से उन्हें पता चल जाता है कि किस पिच पर कैसे गेंदबाजी और बल्लेबाजी करनी है। उन्हें हालातों का अंदाजा हो गया है और उनके खिलाड़ी फॉर्म में हैं। अफगानिस्तान की टीम अपना अंतिम लीग मैच 17 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगी। अगर वह इसे जीत गयी तो ग्रुप में नंबर एक पर आ जाएगी। टीम के अकप्तान राशिद खान भी अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी पर जीत के बाद कहा था कि यहां आने से पहले हमारी एक घरेलू प्रतियोगिता थी और सभी फॉर्म में हैं।



## यूरो 2024: जर्मनी की धमाकेदार शुरुआत, स्कॉटलैंड को 5-1 से हराया



एजेंसी

**म्यूनिख** : मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों वाले स्कॉटलैंड को 5-1 से हराते हुए शुक्रवार को यूरो 2024 में शानदार आगाज किया। फ्लोरियन विट्र्ज.ने मैच के 10वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल किया। इसके 9 मिनट बाद ही जमाल मुसियाला ने एक और गोल कर जर्मनी की बढ़त को दोगुना कर दिया। हॉफ टाइम से ठीक पहले रयान पोर्टियस की गलती के कारण उन्हें लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया,साथ ही जर्मनी को पेनल्टी भी दी गयी, जिसे काई हैवर्टज ने गोल में बदलकर जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। निकोलस फुलक्रग ने दूसरे हाफ के बीच में एक विकल्प के रूप में आने के बाद जर्मनी के लिए चौथा गोल किया, हालांकि इसके बाद एंटोनियो रुएडिगर ने 87वें मिनट में आत्मघाती गोल कर स्कॉटलैंड का खाता खोल दिया और स्कोर 4-1 हो गया।

## हॉकी इंडिया ने जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की



एजेंसी

**बेंगलुरु** : हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के संभावित समूह की घोषणा की है, जो 16 जून 2024 को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) में शुरू होगा। यह शिविर भारतीय जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है, जहां उन्होंने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले थे। दौरे पर भारतीय टीम बेल्जियम के खिलाफ एक जीत दर्ज की और दूसरे में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जर्मनी को खिलाफ टीम ने एक मैच में जीत दर्ज की, जबकि एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। कोच जनार्दन सी बी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में आगामी शिविर 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। आगामी शिविर को लेकर कोच जनार्दन सी बी ने कहा, यह शिविर भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है, और गहन प्रशिक्षण सत्र उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करेंगे। हमारा लक्ष्य एक एकजुट और दुर्जेय टीम विकसित करना है।

## सुपर 8 में प्रवेश करने पर यूएसए के कप्तान जोन्स ने कहा

# हमारे लिए यह बड़ी बात




एजेंसी

**फ्लोरिडा** : फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद यूएसए ने ग्रुप ए से भारत के साथ सुपर 8 चरण में प्रवेश कर लिया है। मैच रद्द होने के बाद यूएसए के कार्यवाहक कप्तान आरोन जोन्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हां, निश्चित रूप से हम जश्न मना रहे हैं। हर कोई इस समय खुश है। जाहिर है सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करना एक बड़ी बात है, इसलिए हर कोई इस समय खुश है। जोन्स ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए पूर्ण सदस्यों से क्रिकेट की दुनिया में अमेरिका की ताकत का आकलन करने को कहा। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पूर्ण सदस्यों के साथ खेलने के अपने छोटे से इतिहास में, यूएसए ने आठ में से पांच बार जीत हासिल की है। पूरे सत्र में यूएसए की टीम भूखी दिखी, जिसकी शुरूआत कनाडा को चार-शून्य से हराने और फिर बांग्लादेश के साथ सीरीज जीतने से हुई। पाकिस्तान की जीत ने उन्हें भारत को और अधिक हराने का साहस दिया। भारत को मुश्किल विकेट पर 111 रनों के लक्ष्य की जरूरत थी, लेकिन यूएसए की इस विविधतापूर्ण टीम ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम को बुरी तरह डरा दिया। जोन्स ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। पिछले कुछ सालों से हम विश्व कप में खेलने, पूर्ण सदस्य देशों के खिलाफ ज्यादा मैच खेलने और इस तरह की चीजों के बारे में बात कर रहे हैं। जाहिर है कि सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करना वाकई बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि हम 2026 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लेंगे, इसलिए मुझे लगता है कि यह हमारे लिए ही नहीं बल्कि अमेरिका के प्रशंसकों के लिए भी बहुत बड़ी बात है। यूएसए अगले दौर के खेलों के लिए कैरिबियन जाने के लिए उत्साहित होगा क्योंकि वे एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका और बारबाडोस में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के साथ खेलेंगे।

## बलिया में पांच व छह जुलाई को लगेगा शतरंज का महाकुम्भ 'चतुरंग'



एजेंसी

**बलिया** : जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पांच व छह जुलाई को होगा। इस प्रतियोगिता में अंडर 11 व अंडर 15 के साथ ही ओपन वर्ग में बालक एवं बालिका भाग लेंगे। यह जानकारी शनिवार को जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गयी। जिला शतरंज संघ के सचिव उमेश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार होगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी विभिन्न जनपदों में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। उन्होंने बताया कि अंडर 15 बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी 10, 11 व 12 जुलाई को सनबीम स्कूल अगरसण्डा में ही सुनिश्चित है। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के संरक्षक एवं चेयरमैन डा. देवेन्द्र सिंह, सचिव उमेश सिंह व संघ के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से डा. कुंवर अरुण सिंह को जिला शतरंज संघ का अध्यक्ष चुना गया।

### होंडा इंडिया टैलेंट कप 2024

## एचआरआई ने अपनी राइडर्स टीम घोषित की



एजेंसी

**चेन्नई** : होंडा रेसिंग इंडिया (एचआरआई) ने शनिवार को अपने युवा राइडरों की घोषणा की, जो 2024 होंडा इंडिया टैलेंट कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। टैलेंट कप का आयोजन इस सप्ताह के अंत में चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में किया जायेगा। होंडा इंडिया टैलेंट कप का 2024 सीजन भारत में युवा रेसिंग प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है। पांच राउंड के इस सीजन में 14 प्रतिभाशाली युवा राइडर्स की एक शानदार लाइन-अप दिखाई जाएगी, जो प्रतिष्ठित होंडा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और मोटो 3 रेस मशीन - NSF250 फसे मुकाबला करेंगे। इस साल, होंडा रेंसिंग इंडिया रोस्टर में छह नए होनहार राइडर्स को शामिल करके रेसिंग चैंपियन की अगली पीढ़ी को तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। होंडा टैलेंट हंट से चुने गए इन राइडर्स ने मोटरसाइकिल रेसिंग की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। आईडेमित्सु होंडा इंडिया टैलेंट कप का 2024 के लिए एचआरआई राइडर्स की टीम इस प्रकार है- चेन्नई से श्याम सुन्दर (20 वर्ष), रक्षित एस दवे (15 वर्ष) और जगतिश्री कुमारेसन (19 वर्ष), बैंगलोर से एएस जेम्स (22 वर्ष), सविओन साबू (16 वर्ष) रक्षिता एस दवे (16 वर्ष) और प्रकाश कामत (20 वर्ष), मल्लापुरम से मोहसिन पी (22 वर्ष), कोल्हापुर से सिद्धेश सावंत (22 वर्ष), हैदराबाद से बीदानी राजेंद्र (19 वर्ष) मुंबई से रहीस खत्री (16 वर्ष), तिरुवनंतपुरम से आरोन सोनी फर्नांडीज (15 वर्ष), त्रिची से स्टीव वॉघ सुगी (19 वर्ष) और हैदराबाद से विग्नेश पोथु (17 वर्ष)।

## अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग महिला क्रिकेट ट्रायल में चुनी गयी 41 खिलाड़ी



एजेंसी

**मुरादाबाद** : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा के अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग के महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल शनिवार को आइएफटीएम विश्वविद्यालय के ग्राउंड पर हुआ। ट्रायल में 51 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 41 महिला खिलाड़ी चुनी गई। ट्रायल पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेटरी बदरूद्दीन सिद्दीकी व अमन लिट की निर्देशन में हुआ। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने दी। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि अंडर-15 में 12, अंडर-19 में 14, अंडर-23 में 11 और सीनियर वर्ग में चार खिलाड़ियों का चयन हुआ। यह खिलाड़ी जोन के ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियों की टीम बनाई जाएगी। इस दौरान डीएसए के संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, वरिष्ठ खिलाड़ी नजीर अली एवं अन्य कोच मौजूद रहे।

## आईपीएल में मिले अनुभवों से मिली सफलता : फारूकी

एजेंसी

**तारूबा** : टी-20 विश्वकप में इस बार अपनी घातक गेंदबाजी से सभी को हैरान करने वाले अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने इसका श्रेरु आईपीएल में मिले अनुभवी को बताया है। फारूकी ने कहा कि पुरुष टी20 विश्व कप में उनका शानदार प्रदर्शन आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने के दौरान हमेशा अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने के कारण ही संभव हुआ है। फारूकी ने अब तक टी20 विश्व कप में 3.50 की औसत और 3.70 की इकॉनमी से तीन मैचों में सबसे अधिक 12 विकेट लिए हैं। यहां तक कि विश्व के सभी दिग्गज गेंदबाज उनसे कहीं पीछे रह गये हैं। फारुखी ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 16 रन देकर तीन विकेट लिए। फारूकी ने कहा, दुर्भाग्य से मुझे आईपीएल में खेलने का कोई अवसर नहीं मिला, लेकिन मैं अपने कौशल पर काम कर रहा था, अफगानिस्तान के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपने कौशल में सुधार कर रहा था। मैं बस अपना सौ फीसदी देने का प्रयास हूं और अपने कौशल का समर्थन करता हूं। मेरे लिए, मेरी मानसिकता सरल है। जब भी मैं अंडर-19 या अंडर-16 में खेलता था, तो मुझे लगता था: मैं बड़ा आदमी नहीं हूं। मैं कोई बड़ा और लंबा और बहुत तेज गेंदबाजी करने वाला व्यक्ति नहीं हूं। उस समय मैं दूसरों से कुछ अलग करने के लिए अपने कौशल को बेहतर बनाने के बारे में सोच रहा था। मैं स्विंग गेंदबाजी करना सीखने जा रहा था और अब मेरे लिए यह आसान है। उन्हें टीम के गेंदबाजी सलाहकार ड्वेन ब्रावो से भी काफी फायदा हुआ है। ब्रावो और फारूकी यूएई की आईएलटी20 लीग में अबू धाबी नाइट राइडर्स और अबू धाबी टी10 लीग में दिल्ली बुल्स के लिए एक साथ खेले हैं। उन्होंने खुलासा किया कि डेथ ओवरों में दबाव की स्थिति से निपटने के दौरान अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर ब्रावो के मार्गदर्शन का काफी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने डीजे ब्रावो के बारे में कहा, मैं पिछले चार सालों से उनके साथ हूं। मैं हर बार एक ही टीम में खेल रहा हूं। वह हमें डेथ ओवरों में कैसे गेंदबाजी करनी है, महत्वपूर्ण परिस्थितियों में कैसे गेंदबाजी करनी है, इसके लिए कुछ टिप्स देते हैं।






पिनहर्स्ट में यूएसओपन गोल्फ टूर्नामेंट में खेलते हुए थॉमस ड्रेट्री।

## एक झलक

### हुंडई मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर किया दाखिल

**नयी दिल्ली :** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) भारतीय बाजार में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी ने आईपीओ के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। एचएमआईएल के आईपीओ को अगर सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। कहा जा रहा है कि यह दो साल पहले आये एलआईसी के 21 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। उल्लेखनीय है कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) हुंडई मोटर कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इसका मुख्यालय दक्षिण कोरिया में स्थित है। ये भारत में तीसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निर्माता है।


### घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घट कर 3,200 रुपये प्रति टन हुआ

**नयी दिल्ली :** सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में 2000 रुपये प्रति टन की कटौती की है। इस कटौती के बाद घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घट कर 3,200 रुपये प्रति टन हो गई है। नई दरें शनिवार, 15 जून से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर कच्चे तेल पर मौजूदा विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर बरकरार रखा गया है। अधिसूचना के मुताबिक नई दरें 15 जून से प्रभावी हो गई है। उल्लेखनीय है कि 31 मई को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया था। सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लागू किया था।

### कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बदलीं

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में फ्यूल की कीमतों में गिरावट हुई तो वहीं देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखा गया। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर है। वहीं पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर और जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर है।

# सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड



**मुंबई (ईएमएस) :** चुनिंदा शेयरों की लिवाली और निर्यात के आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि विदेशी ?निवेशकों की खरीदारी से भी शेयर बाजार प्रभावित हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह के पांच कारोबारी ?दिनों में से दो ?दिन ?गिरावट और तीन ?दिन जोरदार तेजी देखी गई। सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को सेंसेक्स 61.05 अंक फिसलकर 76,601.96 पर खुला और 77,079.04 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 13.31 अंक टूटकर 23,276.85 पर खुला और 23,411.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत हुई। प्री ओपनिंग में बढ़त के बावजूद शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 113.63 अंक की गिरावट के साथ 76,376.45 अंक पर खुला और 33.49 अंक की गिरावट के साथ 76,456.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 29.6 अंक फिसलकर 23,229.60 अंक पर खुला और 5.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को 166 अंक की बढ़त के साथ 76,622 पर खुला और 149.98 अंकों की बढ़त के साथ 76,606.57 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 51 अंकों की मजबूती के साथ 23,316 पर खुला और 58.11 अंक चढ़कर 23,322.95 के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार को आईटी और रियल्टी शेयरों में मजबूती के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 287.51 अंकों की बढ़त के साथ 76,889.96 पर खुला और 204.33 अंकों की बढ़त के साथ 76,810.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 77.60 अंक मजबूत होकर 23,400.55 पर खुला और 75.96 अंक मजबूत होकर 23,398.90 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती बढ़त के बाद ऊपरी स्तरों से बिकवाली दिखी। सेंसेक्स 163.48 अंक टूट कर 76,611.05 पर खुला और 181.87 अंकों की बढ़त के साथ 76,992.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.16 अंक फिसल कर 23,358.75 पर खुला और 66.70 अंक मजबूत होकर 23,465.60 के स्तर पर बंद हुआ।

## विस्तारा ने एयर इंडिया में विलय को लेकर जारी किया नोटिस

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एन.सी.एल.टी.) चंडीगढ़ बैंच द्वारा विस्तारा एयरलाइन और टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को विलय की मंजूरी दिए जाने के बाद दोनों कंपनी ने विलय की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बाबत विस्तारा एयरलाइन ने विलय को लेकर एक पब्लिक नोटिस भी जारी कर दिया है। जिसमें कंपनी की ओर से कहा गया है कि टाटा एस.आई.ए. एयरलाइंस लिमिटेड (ब्रांड नाम विस्तारा) जल्द ही टाटा समूह की बड़ी एयरलाइन, एयर इंडिया लिमिटेड का हिस्सा बन जायेगी। जिससे आपको एक बड़े बेड़े से जुड़े व्यापक वैश्विक नेटवर्क तक पहुंच मिल सकेगी। उधर विल्सन और विस्तारा के एक वरिष्ठ अधिकारी के बयान के मुताबिक एयर इंडिया और विस्तारा का विलय संभवतः 2024 के अंत या 2025 की शुरूआत तक पूरा हो जायेगा। एन.सी.एल.टी. ने दोनों एयरलाइनों को अपने नेटवर्क, मानव संसाधन और बेड़े की तैनाती को एकीकृत करने की भी अनुमति दी है। विस्तारा टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एस.आई.ए.) का एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें टाटा संस की भागीदारी में 51 फीसदी हिस्सेदारी है और सिंगापुर एयरलाइंस की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक विस्तारा ब्रांड की मूल कंपनी टाटा एस.आई.ए. एयरलाइंस लिमिटेड के रूप में रजिस्टर्ड है। सिंगापुर की प्रमुख एयरलाइन ने नवंबर 2022 में विस्तारा और एयर इंडिया के विलय की अपनी योजना की घोषणा की थी, ताकि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक प्रमुख पूर्ण-सेवा एयरलाइन बनाई जा सके।

## आरबीआई ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.45 करोड़ का जुर्माना




**मुंबई (ईएमएस) :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपए का भारी जुमार्ना लगाया है। बैंक पर यह जुर्माना लोन और एडवांसेज तथा कंज्यूमर प्रोटेक्शन से जुड़े निर्देशों का पालन न करने पर लगाया गया है। आरबीआई की ओर से यह जानकारी दी गयी है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक को नोटिस जारी कर यह बताने को कहा गया था कि निदेशों का पालन करने में विफल रहने पर उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाये। बैंक के जवाब पर गौर करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही हैं। बैंक ने सब्सिडी के रूप में सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के एवज में एक कंपनी को कार्यशील पूंजी मांग ऋण स्वीकृत किया था। इसके साथ ही बैंक कुछ अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के मामलों में शामिल राशि को भी निर्धारित समय के भीतर ग्राहकों के खाते में जमा नहीं कर पाया। आरबीआई ने एक अन्य बयान में कहा कि केवाईसी निर्देश, 2016 सहित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए सोनाली बैंक पीएलसी पर 96.4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि दोनों मामलों में लगाये दंड नियामकीय अनुपालन में खामियों पर आधारित हैं और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

## एयरटेल ने स्पेक्ट्रम के लिए मिले 7,904 करोड़ का बकाया चुकाया

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने कहा है कि उसने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया का भुगतान कर दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। एयरटेल ने एक बयान में कहा कि दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने वर्ष 2012 और 2015 की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी स्थगित देनदारियों का पूर्ण भुगतान कर दिया है। कंपनी ने कहा कि ये देनदारियां 2012 में हासिल स्पेक्ट्रम पर 9.75 प्रतिशत की दर से थीं जबकि 2015 की नीलामी में मिले स्पेक्ट्रम के लिए इसकी ब्याज दर 10 प्रतिशत थी।

## डालमिया भारत फाउंडेशन ने गोराबली में पांच माइक्रो-इंटरप्राइजेस किया शुरू



**बोकारो :** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने ग्रामीण समुदायों को अधिक आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक रूप से बढ़ने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज, कंपनी ने झारखंड स्थित उत्तरी गोराबली पंचायत के गोराबली गांव में पांच छोटे व्यवसायों (माइक्रो-इंटरप्राइजेस) की शुरूआत की है। इन नए व्यवसायों में चार किराना दुकानें और एक कॉस्मेटिक दुकान शामिल हैं। यह प्रयास डीबीएफ के ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जरुरी समर्थन और विकास पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन में सुधार करना है। समुदाय के विकास और आजीविका के स्थायी स्त्रोत स्थापित करने में माइक्रो-इंटरप्राइजेस प्रोग्राम्स बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये प्रोग्राम्स वित्तीय सहायता और व्यवसाय के विकास के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे लोगों को आत्मनिर्भर व्यवसाय शुरू करने और अपने क्षेत्र विशेष की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलती है। ग्राम परिवर्तन प्रोग्राम के तहत तमाम लाभार्थियों को खुद के माइक्रो-इंटरप्राइजेस स्थापित करने में मदद मिली। इतना ही नहीं, डीबीएफ टीम ने उन्हें बैंक्स से लोन दिलाने में भी मदद की, ताकि वे बिना किसी परेशानी के खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें या इसका विस्तार कर सकें। श्री बालेश्वर सिंह Rathore, स्थानीय समुदाय के सदस्य और अन्य डीबीएफ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उक्त पहल पर टिप्पणी करते हुए, प्रिय रंजन, यूनिट हेड, बोकारो प्लांट, डीसीबीएल, ने कहा, डालमिया भारत में, हम जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और स्थायी भविष्य के लिए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोराबली में इन माइक्रो-इंटरप्राइजेस की स्थापना करके, हमारा लक्ष्य रोजगार के अवसर उत्पन्न करना, स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार करना और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। एक व्यापक दृष्टिकोण के तहत हमारे ये प्रयास, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवन देते हुए सभी के विकास, सामाजिक स्थिरता और समुदाय के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देते हैं। डीबीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्राम, ग्राम परिवर्तन प्रोजेक्ट का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद करके उनके जीवन के स्तर को बढ़ाना है। यह कृषि, कौशल विकास और उद्यमिता में विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से प्रत्येक परिवार की वार्षिक आय में 1,00,000 रुपए तक का इजाफा करने के लिए तत्पर है।

## एसबीआई ने एमसीएलआर दर बढ़ायी घर के लिए लोन लेना होगा महंगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** अब घर का सपना देख रहे लोगों को बैंक से लोन महंगा पड सकता है। देश के प्रमुख बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एमसीएलआर रेट में 0.1 फीसदी की बढ़ोतरी की है, जिससे लोन लेने वाले उपभोक्ताओं पर ईएमआई का बोझ बढ़ सकता है। यानी कि अब लोन पर ज्यादा ईएमआई चुकाना होगा। वहीं स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक एमसीएलआर की नई दर 15 जून से लागू हो गई है। इस बदलाव के साथ ही एक साल का एमसीएलआर रेट बढ़कर 8.75 फीसदी हो गया है, जो पहले 8.65 फीसदी था। दर में बदलाव के बाद ओवरनाइट एमसीएलआर अब 8.00 फीसदी से बढ़कर 8.10 फीसदी हो गया है, जबकि एक महीने और तीन महीने का एमसीएलआर 8.20 फीसदी से बढ़कर 8.30 फीसदी हो गया है। छह महीने का एमसीएलआर अब 8.55 फीसदी से बढ़कर 8.65 फीसदी हो चुका है। इसके अलावा दो साल का एमसीएलआर 8.75 फीसदी से बढ़कर 8.85 फीसदी हो गया है और तीन साल का एमसीएलआर अब 8.85 फीसदी से बढ़कर 8.95 फीसदी हो गया है। यानी कि अब आपको हर महीने पहले से ज्यादा लोन पर ईएमआई चुकाना होगा। बता दें कि होम और ऑटो लोन समेत ज्यादातर रिटेल लोन एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े हैं। एमसीएलआर में बढ़ोतरी से आरबीआई रेपो रेट या ट्रेजरी बिल यील्ड जैसे बाहरी बेंचमार्क से जुड़े कर्ज लेने वाले कस्टमर्स पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है। अक्टूबर 2019 से एसबीआई समेत बैंकों को नए लोन को इन बाहरी बेंचमार्क से जोड़ना आवश्यक हो गया है।

## सेबी ने ग्रोवैल्यू फिन सर्विसेज का पंजीकरण किया रद्द

**नयी दिल्ली (ईएमएस) :** बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल 2021 से अगस्त 2022 तक सेबी के पास पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक फर्म ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े मामलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण इसलिए किया गया था कि क्या फर्म के बहीखाते और रिकॉर्ड सही ढंग से तैयार किए जा रहे थे और क्या फर्म सेबी के अनुसंधान विश्लेषक मानदंडों के प्रावधानों का पालन कर रही थी। सेबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता (ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज) ने अनुसंधान विश्लेषक विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उसका पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किया जा रहा है।

# पटना में हुआ दुबई 100 एक्सपो का शानदार आयोजन



एजेंसी

**पटना :** सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता के एक भव्य उत्सव, दुबई 100 एक्सपो ने बिहार की राजधानी पटना में शानदार शुरूआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए पटना के बांकीपुर क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोगों और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे। इस आयोजन ने मनोरंजन, नेटवर्किंग और बेजोड़ निवेश अवसरों के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया। दुबई के प्रमुख बिल्डर्स ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अपनी रचनात्मक अवधारणाओं को दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त, बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डन वीजा लाभ और कर-मुक्त आय के साथ प्रभावशाली 12% आरओआई के वादे ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक और रोमांचक क्षण रैफल ड्रॉ था, जहाँ 10 भाग्यशाली विजेता 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के कूपन लेकर चले गए। इससे सीबीट्स रियल एस्टेट दुबई के साथ निवेश का उत्साह और आकर्षण और बढ़ गया। सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी, रिंकू कुमार ने इस अवसर पर कहा, दुबई 100 सिर्फ एक इवेंट नहीं है; यह अनंत संभावनाओं का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अद्वितीय लाभों और आश्वासनों के साथ दुबई की रियल एस्टेट क्षमता के लिए एक प्रवेश द्वार प्रदान करना है। दुबई के बेजोड़ रियल एस्टेट अवसरों को सामने लाकर हमारा लक्ष्य भारत के विभिन्न कोनों से निवेशकों को सशक्त बनाना है। यहाँ हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली है, और हम इस असाधारण अनुभव को देश भर के अन्य शहरों में विस्तारित करने के लिए रोमांचित हैं। उन्होंने आगे कहा, पटना में उत्साह खत्म नहीं होता! दुबई 100 एक्सपो अब रांची और रायपुर को रोमांचित करने के लिए तैयार है। सभी संबंधित शहरों में 10 भाग्यशाली विजेताओं को 1 लाख एईडी (22 लाख रुपए) के कूपन जीतने का मौका भी मिलेगा। शाम को लाइव बेली डांस प्रदर्शन विशेष आकर्षक का केंद्र रहा। इसके बाद डिनर का आयोजन किया गया, जहाँ मेहमानों को उद्योग जगत के मशहूर हस्तियों के साथ घुलने-मिलने का मौका मिला।

## पेज एक के शेष

**कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज...**

6,000 रुपये प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जा रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 04 करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी गयी है। वैश्विक कीमतों में उछाल के बावजूद किसानों को 11 लाख करोड़ की सब्सिडी उपलब्ध करा कर सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध कराने का काम निरन्तर जारी है।

**मोदी सरकार का लक्ष्य 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का...**

चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कार्ययोजना का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि इस क्षेत्र से निर्यात की गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। केन्द्र की 100-दिन की कार्ययोजना को कृषक समुदाय के भविष्य को पुनर्जीवित करने के लिए एक बहुत जरूरी उपाय के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्ययोजना को विभिन्न राज्यों और फसल चक्रों में कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट लक्ष्यों और समयसीमा के साथ लागू किये जाने की उम्मीद है।

**अबूझमाड़ मुठभेड़ में 08 नक्सली ढेर...**

पुलिस को कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव- कांकेर-दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी बल के करीब 1400 जवानों को अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एक दिन पहले 14 जून को भी जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों के साथ दिनभर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई थी। 15 जून की सुबह से फिर से मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें 08 नक्सली मारे गये।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली से स्वदेश लौटे...**

यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है।" इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी सोशल मीडिया में पसंद की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में आतिथ्य-सत्कार के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी का आभार व्यक्त किया।

**तीन नए कानूनों पर जागरूकता पैदा करने के लिए तीसरा सम्मेलन कोलकाता में...**

सम्मेलन को भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी संबोधित करेंगे। सम्मेलन में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार राज्यों के न्यायाधीशों और विभिन्न उच्च न्यायालयों, जिला और निचली अदालतों के पूर्व न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, पुलिस अधिकारियों जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में लोक अभियोजक, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों और अन्य कानून कॉलेजों के कानून के छात्र भी भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सार्थक बातचीत, विचार-विमर्श और प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों की मुख्य विशेषताओं को सामने लाना है।

दो सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन के पहले सत्र में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए तुलनात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर केंद्रित चर्चा होगी। दूसरे तकनीकी सत्र में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी यानी साक्ष्य, अपराध पर निर्णय लेने में आधारशिला। चचाएं ₹दस्तावेजों₹ और ₹सबूत₹ के विस्तृत दायरे पर केंद्रित होंगी, जो व्यापक परिभाषाओं की शुरूआत से सुगम होंगे।

**कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना ; कहा...**

के स्कोरकार्ड की याद दिलायी। बिहार के पूर्व आईपीआरडी मंत्री और जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने खड़गे की जानकारी पर सवाल उठाया। उन्होंने उनसे पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के स्कोरकार्ड के बारे में पूछा। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 2024 में भाजपा के बराबर सीटें जीती थीं। जब कोई पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पायी, तो कांग्रेस ने रिटायर हो चुके नरसिम्हा राव के नेतृत्व में अल्पमत की सरकार बनायी। कांग्रेस पार्टी किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब रही। नरसिम्हा राव ने गुपचुप छोटी पार्टियों में फूट डाली और दो साल में अल्पमत वाली कांग्रेस को बहुमत वाली पार्टी में बदल दिया।

नीरज कुमार ने पूछा कि क्या खड़गे कांग्रेस की विरासत से अनभिज्ञ हैं। कांग्रेस अब 99 के चक्कर में फंस गयी है। वहीं, राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि खड़गे जी सही कह रहे हैं। जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ था। मतदाताओं ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। फिर भी वह सत्ता में आये।

**विधानसभा चुनाव भी साथ मिल कर लड़ेंगे महाविकास आघाड़ी के घटक दल : उद्धव...**

और रोड शो भी किये। उन जगहों पर हमारे उम्मीदवारों को फायदा हुआ। शरद पवार ने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह विधानसभा चुनाव में जितनी अधिक सभाएं करेंगे, हमें उतना ही फायदा होगा। विधानसभा चुनाव में सभी सहयोगी साथ मिल कर चुनाव की तैयारी करेंगे और साथ मिल कर चुनाव लड़ेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि महाविकास आघाड़ी में छोटे-बड़े का कोई मतभेद नहीं है। आज प्राथमिक बैठक हुई है। इसके आगे भी सहयोगी दल बैठक करेंगे और मूल मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। सहयोगी दल आपस में मिल कर राज्य की सभी सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवार का चयन करेंगे और उन्हें विजयी बनाने का प्रयास करेंगे।

**मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल हुआ आगाज...**

समारोह में जाने-माने फिल्म निमार्ता निर्धारित विषय पर 25 से अधिक सत्रों में भाग लेंगे। बहुप्रतीष्ठित 18वें मुम्बई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन नेशनल ज्योग्राफी की डॉक्यूमेंट्री बिलियनमॉली- एंड ऑटर लव स्टोरी से होगा। फिल्म मुंबई सहित दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई तथा पुणे में एक साथ दिखाई जायेगी। फिल्म फेस्टिवल में एनएफडीसी-एनएफएआई लोकेशन पर आधिकारिक रूप से चुनी गयीं फिल्मों की डेली स्क्रीनिंग होगी। इस वर्ष प्रतियोगिता खंडों के लिए रिकॉर्ड संख्या में एक हजार 18 प्रविष्ठियां फिल्में प्रस्तुत की गयीं। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिता वर्गों के लिए प्रतिष्ठित फिल्म विशेषज्ञों की 03 चयन समितियों द्वारा 118 फिल्मों का चयन किया गया है। इस वर्ष एमआईएफएफ में 59 देशों की 61 भाषाओं में 314 फिल्में, 08 विश्व प्रीमियर, 05 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर, 18 एशिया प्रीमियर और 21 भारत प्रीमियर होंगे।

**नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार...**

पठान को पुलिस और सेना की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तीन पिस्तौलें, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैगजीन और करीब पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की पूछताछ और विस्तृत जांच जारी है।

**वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में 235 फ्लाइट कैडेट्स को दिये राष्ट्रपति कमीशन...**

करते हुए वायु सेना प्रमुख ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों को उनके बेदाग टर्न आउट, सटीक ड्रिल मूवमेंट और परेड के उच्च मानकों के लिए बधाई दी। उन्होंने भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक और मित्र देशों के अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने आज अपने 'फ्लाइंग विंग्स' अर्जित किये।

परेड का समापन नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों ने रवींद्रनाथ टैगोर के 'आनन्दलोक' के पारमापरिक स्वरों पर धीमी गति से मार्च करके किया। कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड के समापन पर पिलाटस पीसी-7 एमके-2, एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम एरोबैटिक शो का हिस्सा थे। वायु सेना अधिकारियों के जीवन में आज का कमीशनिंग समारोह इसलिए भी स्मरणीय रहेगा, क्योंकि उन्होंने अपने माता-पिता की उपस्थिति में अपना 'रैंक' हासिल किया।

## एक झलक

### इजराइल पर हिजबुल्ला का ताबड़तोड़ हमला

**यरुशलम** : ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइल पर लगातार तीसरे दिन राकेटों से ताबड़तोड़ हमला किया। इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 35 राकेटों में से अधिकांश को मार गिराया। हालांकि कुछ रॉकेट ने इजरायल को नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद इजराइली लड़ाकू विमानों और टैंकों ने लेबनान के हिजबुल्ला के कब्जे वाले इलाकों पर हमले किए। इन हमलों में दो लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है। ताजा हमले में हिजबुल्ला ने इजराइल के सीमावर्ती शहर किरयात शिमोना और सीमा के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। लेकिन सीमावर्ती शहर को महीनों पहले ही खाली कराए जाने से वहां पर कोई जन हानि नहीं हुई। हमले से कई भवनों और कारों को नुकसान हुआ है।

### अदालत ने टीसीएस पर भारी जुर्माना लगाया

**टेक्सास** : अमेरिका की एक अदालत ने भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के लिए भारी भरकम जुमार्ना लगाया है। टेक्सास के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन की एक शिकायत के बाद टीसीएस पर 194 मिलियन डॉलर से ज्यादा का ये जुमार्ना लगाया है। वहीं कंपनी का मानना है कि इस मामले में उसके पास मजबूत तर्क हैं और वह उचित अदालत में समीक्षा के लिए अपील करेगी। कंपनी पर ये जुमार्ना ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के आरोप के कारण लगाया गया है। कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। अदालत के आदेशों के अनुसार, कंपनी साल 2016 के डिफेंड ट्रेड सीक्रेट्स एक्ट के तहत व्यापार रहस्यों के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार है।

### 20 मिलियन डॉलर सोने की चोरी करनेवाला चोर करेगा सरेंडर

**टोरंटो** : कनाडा में 20 मिलियन डॉलर की सोने की चोरी में शामिल चोर सरेंडर करने की सोच रहा है। एयर कनाडा के पूर्व प्रबंधक ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि वह खुद को सौंपने की तैयारी कर रहा है। सिमरन प्रीत पनेसर पर टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे से अप्रैल 2023 में हुई चोरी का उस पर आरोप हैं। उनके वकील ग्रेग लाफोंटेन ने बताया कि पनेसर देश से बाहर है लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां हैं। वकील लाफोंटेन ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि पनेसर अगले कुछ हफ्तों में स्वेच्छा से देश लौटने और सरेंडर करने की योजना बना रहा है। वकील ने बताया कि पनेसर को न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और जब यह छानबीन खत्म हो जायेगी तो वह कोई भी गलत काम नहीं करेगा। पुलिस ने कहा कि अप्रैल में उन्होंने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था व 3 और लोगों की तलाश कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एयर कनाडा के 2 कर्मचारियों सहित संदिग्धों पर स्विट्जरलैंड से आने वाले 6 हजार 600 सोने की छड़ें जिनका वजन करीब 400 किलो था को चुराने का उस पर आरोप है।

### रूस फौरी तौर पर युद्ध रोकने को तैयार

**मास्को** : रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध से आम नागरिक भी परेशान हो चले हैं, ऐसे में रुस की तरफ से सशर्त युद्ध बंद करने का वादा किया गया है। दूसरी तरफ यूक्रेन ने रुस की शर्तों को मानने से इंकार कर दिया है, जिससे समझा जा रहा है कि यह युद्ध अभी आगे भी चलता ही रहने वाला है। यहां बताते चलें कि वैश्विक मंचों पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब ढाई साल से चल रहे युक्रेन युद्ध को तत्काल प्रभाव से बंद करने और युद्ध विराम का ऐलान करने का वादा किया है। ऐस करने के लिए रुस ने यूक्रेन के सामने दो शर्तें रखीं हैं।

# टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत, 12 घायल

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाइवे पर रैतोली के पास शनिवार को यात्रियों से भरा एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 लोग घायल हैं, जिनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री की ओर से सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। टेम्पो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। ये लोग चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रिप पर घूमने यहां आये हुए थे। एसडीआरएफ की 14 सदस्यीय 02 टीमें तत्काल रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुंची। एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस व लोगों के साथ मिलकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 16 घायलों को रेस्क्यू कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भिजवाया गया, जहां से 07 गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनके शवों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया, जबकि 04 लोगों की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गयी। हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है।



### प्रधानमंत्री ने जताया दुख

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

### मृतकों के परिजनों को 2 लाख, घायलों को 50 हजार की आर्थिक मदद

**इसके** साथ ही प्रधानमंत्री ने घोषणा कि प्रत्येक मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख

**हादसे** पर दुख प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में टेम्पो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र में उपचार हेतु भेज दिया गया है।

### जांच के दिये आदेश

मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**एम्स में भर्ती घायलों से मिले मुख्यमंत्री**

**इसके** अलावा मुख्यमंत्री धामी ने एम्स ऋषिकेश में भर्ती घायलों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से बातकर घायलों का हलचान जाना।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख**

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ है। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# पिता पहचान भी, ताकत भी और स्वाभिमान भी




मुस्कान

**हर** साल जून माह के तीसरे संडे को फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून को यह खास दिन मनाया जाता है। यूं तो हमारे वेद-शास्त्रों में नारी शक्ति को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस दृष्टि से मां से ऊंचा स्थान किसी का नहीं हो सकता। मैं खुद भी इससे सहमत हूं। लेकिन, पिता का भी स्थान मां से कम नहीं हो सकता। क्योंकि, यदि मां हमें नौ महीने अपनी कोख में रखती है, तो हमें जीवन देनेवाला हमारा पिता ही होता है। हमारे जन्म के साथ ही हमारी सभी खुशियों का खयाल रखने वाला हमारा पिता ही होता है। पिता के लिए कुछ भी लिख पाना आसान नहीं होता है। लेकिन, मैं उनके लिए कुछ शब्द लिखना चाहूंगी...

**'कभी अभिमान, तो कभी स्वाभिमान है पिता**
**कभी धरती तो कभी आसमां है पिता**
**मेरा साहस मेरी इज्जत,**
**मेरा सम्मान है पिता**
**मेरी ताकत मेरी पूंजी,**
**मेरी पहचान है पिता।'**

अगर मां के कदमों में जन्नत होती है, तो पिता के कदमों में जन्नत में जाने का रास्ता होता है। मां अगर हमें जन्म देती है, तो पिता हमें जीवन देते हैं। अपनी खुशियों और इच्छाओं का त्याग कर पिता हमारी खुशियों को सर्वोपरि रखते हैं। माता-पिता हमारे जीवन के वे पहलू हैं, जिनके बिना जीवन में अंधकार है। पिता है, तो दुकान के सारे खिलौने अपने हैं और सारी खुशियां अपनी हैं। पिता के लिए कितना भी लिखो, वह कम ही होगा। लव यू पापा...।






### अरुंधति के खिलाफ मामले को मंजूरी दिये जाने पर भड़कीं मुफ्ती और मोइत्रा

**नयी दिल्ली** : जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, कांग्रेस नेता हरिप्रसाद बीके और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दिये जाने के दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के फैसले की आलोचना की है। इससे पहले उपराज्यपाल सक्सेना ने अरुंधति रॉय के अलावा कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ भी साल 2010 में यहां हुए एक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की अपनी मंजूरी दे दी।

### शान्ता कुमार ने की स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत

एजेंसी



**पालमपुर** : पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर स्वामी रामदेव को भारत रत्न देने की वकालत की है। उनका तर्क है कि योग और स्वदेशी के लिए अत्यन्त सराहनीय और ऐतिहासिक कार्य करने के लिए स्वामी रामदेव को यह सम्मान मिलना चाहिए। शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 21 जून को पूरा विश्व योगमय हो जाएगा। यह भारत के लिए अत्यन्त सौभाग्य की बात है। सदियों तक योग कुछ आश्रमों तक सीमित रहा। देश के इतिहास में पहली बार एक अकेले संन्यासी स्वामी रामदेव ने आस्था चैनल के सहयोग से सदियों बाद योग को घर-घर पहुंचाया। एक जन आंदोलन बनाया। स्वामी रामदेव योग प्रचार के लिए विदेशों में भी गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सहयोग से विश्व के 165 देशों के समर्थन से 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का ऐतिहासिक निर्णय हुआ। शान्ता कुमार ने कहा कि स्वतन्त्रता आन्दोलन में महात्मा गांधी ने स्वदेशी का मंत्र दिया। विदेशी माल की होली जलाई। उसके बाद देश आजाद हो गया। सरकारें आती जाती रहीं परन्तु महात्मा गांधी का स्वदेशी का सपना सपना ही रहा। एक अकेले स्वामी रामदेव ने अपने सहयोगी आचार्य बाल कृष्ण के सहयोग से स्वदेशी उत्पाद और उनकी विश्वसनीयता की आंधी से महात्मा गांधी के स्वदेशी के सपने को साकार करके दिखाया।

## एबीवीपी ने नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी दूर करने की मांग को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी और शिवांगी खरवाल के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेंद्र प्रधान को एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी)2024 के आयोजन की प्रक्रिया एवं परिणामों में गड़बड़ी पर उठ रहे प्रश्नों की सीबीआई द्वारा जांच करा संलिप्त दोषियों पर शीघ्रता से कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेंद्र प्रधान ने एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल से इन बिंदुओं पर चर्चा के दौरान आश्वासन दिया कि संबंधित विषय में किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और प्रकरण में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एबीवीपी नेताओं ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों में अनियमितता दिखी। कुछ केंद्रों पर प्रश्न पत्र बांटने में देरी जैसी घटनाएं सामने आईं। अभाविप विद्यार्थी समुदाय द्वारा उठाई जा रही उचित मांगों के साथ है और इस समस्या के शीघ्र निवारण की मांग करता है। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट-यूजी परीक्षा की प्रक्रिया एवं परिणामों में शुचिता और पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संशय है।

### नेपाल के लुंबिनी में भारत ने रखी स्कूल की नींव

**काठमांडू** : नेपाल के लुंबिनी प्रोविंस के प्यूथान जिले में एक स्कूल और हॉस्टल की नींव भारत ने शुक्रवार को रख दी है। यह नींव भारत और नेपाल के बीच एक समझौते के तहत एक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (सामुदायिक विकास परियोजना) के रूप में रखी गई है। प्यूथान जिले के ऐरावती ग्रामीण नगर पालिका-1 में डांग-बैंग माध्यमिक स्कूल के साथ ही एक हॉस्टल का निर्माण नेपाल-भारत विकास सहयोग के तहत किया जा रहा है। भारत सरकार इसके लिए 33.92 मिलियन नेपाली रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली इस सहायता से स्कूल और उसके लिए एक हॉस्टल बिल्डिंग के साथ ही अन्य सुविधाओं के मुहैया कराने के लिए किया जा रहा है।

## मंदिरा ने पहली बार की मौत के बारे में की बात



एजेंसी

**मुम्बई** : एक्टर और पॉपुलर होस्ट मंदिरा बेदी के पति राज कौशल का तीन साल पहले निधन हो गया था। अब पहली बार मंदिर ने अपने पति की मौत पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, 'मंदिरा तीन साल तक बोलने से बचती रही थी, लेकिन अब वह अपने पति की मौत के बारे में सार्वजनिक रूप से बोल सकती है। लंबे समय तक मैं बिना रोए उसके बारे में बात नहीं कर सकी, लेकिन अब मैंने काफी साहस जुटा लिया है।' एक इंटरव्यू में मंदिरा ने कहा कि उनकी मौत के बाद का पहला साल सबसे कठिन था, लेकिन उसके बाद के सालों में चीजें थोड़ी बेहतर हुईं- 'मैं अब पहले से बेहतर स्थिति में हूं। मैं और मेरे बच्चे हर दिन उसके बारे में बात करते हैं। हम उसे नहीं भूले हैं। पहला साल बहुत अधिक कठिन था। पहली बात तो यह कि इस स्थिति से निपटना नामुमकिन है। पहला जन्मदिन, पहली सालगिरह, पहली दिवाली, पहला क्रिसमस, पहला नया साल उनके बिना बहुत मुश्किल था। दूसरा साल थोड़ा आसान है और तीसरा साल थोड़ा आसान है।' मंदिरा ने कहा, 'ऐसे क्षण होते हैं जब कोई गीत उसकी याद दिलाता है। जरूरत पड़ने पर मैंने थेरेपी ली है, अब भी कभी-कभार लेती हूं। क्योंकि मनुष्य के रूप में हम हमेशा उस प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। अब मैं उसके बारे में बात कर सकती हूं। मैं भावुक थी, एक समय था जब मैं बोल नहीं पाती थी। अब मैं बिना रोए बात कर सकती हूं। उनके निधन के दो महीने बाद मैंने अपने परिवार और खुद का समर्थन करने के लिए फिर से काम करना शुरू कर दिया। मुझे अपने बच्चों के लिए काम करना पड़ा।' मंदिर ने कहा।

### शराब बनाने की नामी फैक्टरी पर छापा, मुक्त कराये गये 58 बाल मजदूर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शराब बनाने की एक नामी फैक्टरी पर छापे की कार्रवाई में 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया।

बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अगुवाई में 'सोम डिस्टिलरी' पर मारे गए इस छापे में मुक्त कराए गए बच्चों में 19 लड़कियां और 39 लड़के हैं। इस मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है और मुक्त कराए गए बच्चों को सुरक्षित जगह भेज दिया गया है। बच्चों को मुक्त कराने की इस कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा जो कि छापामार टीम में भी शामिल थे, उन्होंने कहा, 'अल्कोहल और रसायनों की दुर्गंध हम जैसे वयस्कों के लिए भी असहनीय है। कल्पना ही की जा सकती है कि ये बच्चे इन स्थितियों में कैसे रोजाना इतने घंटे काम कर रहे थे। हम इस डिस्टिलरी के मालिकों के खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि यह दूसरों के लिए भी एक उदाहरण साबित हो सके।

### साहित्य अकादमी : हिन्दी के लिए गौरव पांडेय को युवा, देवेन्द्र कुमार को बाल साहित्य पुरस्कार






एजेंसी

**नयी दिल्ली** : साहित्य अकादमी ने शनिवार को वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी। इनमें 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार गौरव पांडेय के कविता संग्रह 'स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी' को और बाल साहित्य पुरस्कार देवेन्द्र कुमार की पुस्तक 'इक्यावन बाल कहानियां' को प्रदान किया जाएगा। संस्कृत भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा।

साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है।

### सुब्बैया नल्लामुथु को दिया जायेगा वी. शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : आज से शुरू होने जा रहे 18वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वन्यजीव फिल्म निमार्ता सुब्बैया नल्लामुथु को प्रतिष्ठित पुरस्कार वी. शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को रेडकार्पेट पर सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की घोषणा की। वन्यजीव फिल्म निमार्ता सुब्बैया नल्लामुथु पांच बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हैं। उल्लेखनीय है कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 18वां संस्करण 15 से 21 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजन मुंबई के साथ दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे में भी आयोजित किया जा रहा है। यह एक द्विवार्षिक आयोजन है। इस महोत्सव में 59 देशों की तीन सौ चौदह फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। महोत्सव की थीम अमृतकाल में भारत है। जापान, रूस, बेलारूस, ईरान, इटली, वियतनाम और माली की कुल 17 फिल्में भी महोत्सव में दिखाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कान फिल्म महोत्सव के बाद यह एक अच्छा अवसर होगा।

# जी-7 नेताओं ने शिखर सम्मेलन में मानव तस्करी रोकने पर दिया जोर

- जरूरतमंद देशों में पूंजी निवेश, यूक्रेन को वित्तीय सहायता, गाजा युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक सुरक्षा पर हुई चर्चा




एजेंसी

**बारी** : जी-7 देशों के नेताओं ने शुक्रवार को शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत में प्रवासन पर ध्यान केंद्रित किया और मानव तस्करी से निपटने तथा उन देशों में निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जहां से प्रवासी अक्सर जान खतरे में डालकर यात्रा शुरू करते हैं। इटली के दक्षिणी क्षेत्र पुगलिया में एक लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित इस सम्मेलन में अन्य प्रमुख विषयों पर भी चर्चा हो रही है, जिनमें यूक्रेन को वित्तीय सहायता, गाजा युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, चीन की औद्योगिक नीति और आर्थिक सुरक्षा शामिल है। हालांकि शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र को लेकर भी कुछ मतभेद उभरे, जिसमें गर्भपात के संदर्भ को शामिल करने पर असहमति की खबर भी आई। शिखर सम्मेलन के मेजबान इटली के लिए प्रवासन विशेष रूप से चिंता का विषय है, जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया में युद्ध और गरीबी से जूझ रहे लोगों के लिए यूरोपीय संघ में प्रवेश के प्रमुख मार्गों में से एक है।

इस मुद्दे पर अपने सख्त रुख के लिए जानी जाने वालीं दक्षिणपंथी इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, यूरोप पर प्रवासियों के बोझ को कम करने के तरीके के रूप में अफ्रीकी देशों में निवेश और वित्त पोषण बढ़ाने को लेकर उत्सुक रही हैं। मेलोनी ने गुरुवार को शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा था, 'इटली एक अन्य महाद्वीप को पर्याप्त स्थान देना चाहता है जोकि हम सभी के भविष्य का आधार है, वह है अफ्रीका, अपनी कठिनाइयों और अवसरों के साथ।'

यूएनएचसीआर के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक 22,000 से ज्यादा लोग समुद्र के रास्ते इटली पहुंच चुके हैं। 2023 में, 157,000 से ज्यादा लोग आए थे और लगभग 2,000 लोग भूमध्य सागर को खतरनाक तरीके से पार करने की कोशिश करते हुए मारे गए या लापता हो गए।

अमेरिका भी अपनी दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों की बढ़ती संख्या से जूझ रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कांग्रेस में एक विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके जिसके बाद उन्होंने प्रवासन पर अंकुश लगाने के लिए नई नीतियां पेश कीं। हालांकि, प्रवासी अधिकार अधिवक्ताओं ने नई नीतियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को मुकदमा दायर किया, और यह स्पष्ट नहीं है कि वे अमेरिकी अदालतों में कानूनी चुनौतियों का सामना कर पाएंगे या नहीं। शिखर सम्मेलन में पहुंचने के बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा कि प्रवासन से निपटना 'एक आम चुनौती है।'

इटली ने मेलोनी की प्रवासन व विकास पहल पर जोर देने के लिए कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है, जिनमें अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्दुल मजीद तबून, केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो और ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सैयद शामिल हैं।

जी-7 नेताओं के बीच कुछ मतभेद दिखाई दिए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र के मसौदे में गर्भपात का उल्लेख न होने पर खेद व्यक्त किया।